www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 4 जून, 2024 | वर्ष-17 | अंक -59 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने पहुंचाया नुकसान : अखिलेश 02
■ भ्रमित व मतगणना को प्रभावित करने की कोशिश...
■ मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया रैन बसेरों का ... 03
■ गाजा में वैकल्पिक शासन व्यवस्था लागू करेगा इजरायल
■ श्रीलंका में मानसूनी बाढ़ से सात लोगों की मौत 07
स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग सीखते वक्त आया ... 10

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने की प्रेस कांफ्रेंस, बोले

# विपक्ष के आरोप बेबुनियाद व आधारहीन

## राजीव कुमार ने कहा, शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं

■ फार्म 17 सी को बदलने के आरोपों पर विपक्ष से सबूत मांगे

■ विपक्ष ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं



**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों द्वारा लगाये गए आरोपों को बेबुनियाद और आधारहीन बताया तथा इसे केवल शक एवं संदेह करार देते हुए शायराना अंदाज में कहा कि शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है।

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद और मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री कुमार ने विपक्षी दलों के सभी आरोपों से जुड़े सवालों का शायराना अंदाज में विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा, आजकल इल्जामातों का दौर बुलंद है, तल्खियों का बाजार गर्म है, पंच को पहले ही घेर लो यानी पेशबंदी । मंजूर है इल्जाम लगाओ हम पर, शर्त इतनी कि साथ में सबूत भी हो। गोया कोई तो बात है कि हर बार मुद्दई वही, कचहरी वही गवाह कोई नहीं। शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जिस तरह से घेराबंदी कर रहा है उसका मतलब है, अंपायर को ही पकड़ लो जिससे कि वो बोल ही नहीं पाए। फार्म 17 सी को बदलने के आरोपों पर विपक्ष से सबूत मांगते हुए उन्होंने कहा, कैसे हमने 17 सी बदल दिया, डाटा बदल दिया, कहीं किसी एक जगह का नाम तो बताओ भाई। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर आयोग पर कई सवाल खड़े किए हैं।

### आज सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

**लोकसभा चुनाव**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सात चरणों में हुए मतदान की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से देशभर में विभिन्न मतगणना केन्द्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगी और अंतिम वोट गिने जाने तक निरंतर जारी रहेगी। मतगणना के लिए सभी राज्यों के जिला मुख्यालयों पर मतगणना केन्द्र स्थापित किए गए हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

### सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी

*मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित करने के लिए अपनाई जाने वाली मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से मजबूत है। यह घड़ी की सटीकता के समान काम करती है। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। उसके आधे घंटे बाद ही हम ईवीएम की गिनती शुरू कर देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि मतगणना और अन्य चुनाव प्रक्रिया के लिए एक बहुत मजबूत प्रणाली है। हर भाग तय है। मतगणना प्रक्रिया संहिताबद्ध है। सिस्टम में कोई समस्या नहीं हो सकती। मानवीय त्रुटि किसी से भी हो सकती है। हम उससे निपटेंगे। पूरी मतगणना प्रक्रिया मजबूत है।*

### गर्मियों से पहले पूरी हो जानी चाहिए प्रक्रिया

*चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस चुनाव से हमें दो सीख मिलीं। पहली- चुनावों से सबसे बड़ी सीख यह है कि मतदान प्रक्रिया गर्मियों से पहले पूरी हो जानी चाहिए। और दूसरी- चुनाव आयोग गलत मतदाता सूची और मतदान के आंकड़ों के बारे में झूठी कहानियों को समझने में विफल रहा। इससे लड़ने के लिए और तैयारी करनी होगी।*

# देश में बनने जा रही जनता की सरकार : लालू



■ चौंकाने वाला परिणाम देने जा रहा है इंडिया गठबंधन

■ सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे

**पटना,** 3 जून (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। लालू प्रसाद ने कहा कि बिहार में और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चौंकाने वाले रिजल्ट देकर जा रहा है। सारे मनोवैज्ञानिक प्रोपेगेंडा धरे के धरे रह जाएंगे, जनता के साथ मिलकर हम जनता की सरकार बनाएंगे। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि हम जनता के मत की रक्षा कर सकें और झूठ के खिलाफ सत्य की इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचा सके। तो साथियों होशियार रहना है , चौकन्ना रहना है, एक-एक वोट की गिनती सजगता के साथ करानी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर राजद सुप्रीमो ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में आपने जिस तरह से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जमकर मतदान किया इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। मैं आभारी हूं इंडिया गठबंधन और राष्ट्रीय जनता दल के एक-एक कार्यकर्ता का जिसने चुनाव के दौरान भीषण गर्मी की परवाह किए बिना पूर्ण मनोयोग के साथ संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो मुहीम हमने शुरू की थी उसको अभी मंजिल पर पहुंचाना बाकी है।

### इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : सोनिया

**नतीजे एग्जिट पोल से अलग होने की उम्मीद**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने की उम्मीद जताई है। सोमवार को सोनिया गांधी ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहा है, चुनाव के नतीजे इसके बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया गांधी सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंची थी। करुणानिधि को श्रद्धांजलि देने के बाद जब उनसे चुनाव नतीजों और सरकार गठन को लेकर प्रश्न किया गया तो उन्होंने 4 जून को आने वाले नतीजों का इंतजार करने को कहा।

## सार संक्षेप

### मतगणना से एक दिन पहले मोदी से मिले नीतीश



**नई दिल्ली।** अठाहरवीं लोकसभा के चुनाव संपन्न होने के बाद और मतगणना से एक दिन पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के महत्वपूर्ण घटक दल जनता दल (यू) के प्रमुख तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री कुमार दो दिन की यात्रा पर राजधानी दिल्ली पहुंचे हैं। श्री कुमार की मुलाकात के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। लेकिन इसके कई मायने निकाल रहे हैं।

### कविता की न्यायिक हिरासत अवधि तीन जुलाई तक बढ़ी



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कल्वाकुंतला कविता की न्यायिक हिरासत अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुश्री कविता को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।


### सयानी मानवाधिकार आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने विजया भारती सयानी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त की गई है। श्रीमती सयानी वर्तमान में एनएचआरसी की सदस्य हैं। पिछले साल 28 दिसंबर को श्रीमती सयानी को एनएचआरसी के सदस्य बनाया गया था। एनएचआरसी के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा के एक जून को सेवानिवृत्त होने के बाद से अध्यक्ष का पद रिक्त है।

# चुनाव परिणाम से पहले निवेशकों की बल्ले-बल्ले

## सेंसेक्स 2500 अंक उछला, निफ्टी 733 अंक चढ़ा



**मुंबई,** 3 जून (एजेंसियां)। एग्जिट पोल के अनुमानों के बाद शेयर बाजार ने रिकॉर्ड छलांग लगाई है। सोमवार को सेंसेक्स 2500 अंकों से अधिक की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। दूसरी ओर, निफ्टी 23250 के पार पहुंच गया। बैंक निफ्टी पहली बार 50000 के आंकड़े को पार कर गया। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन रिकॉर्ड तेजी के बाद सेंसेक्स 2,507.47 (3.39 फीसदी) अंक उछलकर 76,468.78 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 733.21 (3.25 फीसदी) अंक मजबूत होकर 23,263.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपए में भी डॉलर के मुकाबले पिछले पांच महीनों यानी दिसंबर 2023 के बाद की सबसे बड़ी छलांग दिखी।

### निवेशकों ने कमाए 13.78 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** शेयर बाजार के बाजार रिकार्ड स्तर पर पहुंचने से निवेशकों के बल्ले बल्ले हो गए और एक ही दिन में 1378700 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हो गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2507 अंकों की तेजी लेकर पहली बार 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुए 76468.78 अंक पर पहुंच गया। इस तेजी में बीएसई का बाजार पूंजीकरण पिछले कारोबारी दिवस के 41212811.14 करोड़ रुपए की तुलना में 1378700.40 करोड़ रुपए की बढ़त लेकर 42591511.54 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

### भाजपा ने अपने लोकसभा उम्मीदवारों को दिया पांच पन्नों का फॉर्म

# नतीजों से पहले ही भाजपा ने शुरू की सरकार बनाने की कवायद

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी



**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के नतीजे आज आएंगे। लेकिन भाजपा अपनी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। पार्टी ने मोदी मंत्रिमंडल के गठन की कवायद शुरू कर दी है। भाजपा नेतृत्व ने अपने लोकसभा उम्मीदवारों की पूरी जानकारी मांगी है। इसके लिए पार्टी ने सभी लोकसभा उम्मीदवारों को पांच पन्नों का एक फार्म दिया है, जिसे भरकर आलाकमाना को देना होगा। बताया जा रहा है कि इस सूची की समीक्षा के बाद मोदी सरकार की नई टीम का चयन किया जाएगा। मतगणना जरूर आज 4 जून को होगी। लेकिन इससे पहले 1 जून की शाम को देश के ज्यादातर एक्जिट पोल ने मोदी सरकार की जीत का दावा किया है। जबकि इंडिया गठबंधन का अपना दावा है कि उसे 295 लोकसभा सीटें मिलने जा रही है। वहीं चुनाव से पहले ही प्रधानमंत्री द्वारा अपनी नई सरकार का 100 दिनो का एजेंडा भी तैयार हो गया था। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया था कि चुनाव परिणाम आने वाले दिन से ही सभी को काम पर जुट जाना है। वहीं तमिलनाडु की ध्यान साधना से लौटने के बाद मोदी ने रविवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी। जिसमें मिजोरम, असम, मेघालय और त्रिपुरा में भुस्खलन और बाढ के कारण जानमाल के नुकसान की समीक्षा की गई थी। गृह मंत्रालय को स्थिति की निगरानी करने और आवश्यक सहायता देने के निर्देश दिए गए थे।

### नड्डा के आवास पर भाजपा ने की बैठक

**राजनाथ, शाह समेत कई दिग्गज हुए शामिल**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव नतीजों से पहले सोमवार को भाजपा की मेगा बैठक हुई। ढाई घंटे तक चली इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी के अलावा गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल अश्विनी वैष्णव,संगठन मंत्री बीएल संतोष सहित कई बडे नेता शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें सभी सात चरणों में मतदान कैसा रहा। कुछ जगहों पर कम मतदान क्यों हुआ,इसको लेकर भी चर्चा की गई। नड्डा के आवास पर हुई बैठक के बाद भाजपा महासचिव विनोद तावडे ने कहाकि इस बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई। सभी सात चरणों के मतदान को लेकर चर्चा हुई। कुछ चरणों में कम मतदान के कारणो को लेकर रायशुमारी की गई।

# ताज एक्सप्रेस में आग लगने से तीन कोच क्षतिग्रस्त

**सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित उतारा**

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। नई दिल्ली से चल कर वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जाने वाली 12280 ताज एक्सप्रेस में आज अपराह्न आग लगने से तीन कोच क्षतिग्रस्त हो गये। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हजरत निजामुद्दीन से अपराह्न चार बजकर पांच मिनट पर रवाना होने के बाद ताज एक्सप्रेस ओखला से 04.20 बजे रवाना होकर तुगलकाबाद पूर्वी केबिन की ओर बढ़ी उसके कुछ ही क्षणों बाद ट्रेन में आग देखी गयी। सूत्रों के अनुसार तीन कोच आग की चपेट में आ गए। रेलवे के मुताबिक इस हादसे में किसी यात्री को नुकसान नहीं हुआ है। सभी यात्रियों को ट्रेन से सुरक्षित उतार लिया गया। दमकल गाड़ियों के मौके पर पहुंच जाने के बाद करीब सवा पांच बजे आग पर काबू पा लिया गया।

# पुलवामा में दो आतंकी ढेर

### मरने वालों में लश्करे तौयबा का शीर्ष आतंकी कमांडर भी?

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 3 जून (देशबन्धु)। सोमवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के निहमा क्षेत्र में चल रही मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी तक पता नहीं चल पाई है। वैसे कहा जा रहा था कि इस मुठभेड़ में लश्करे तौयबा का शीर्ष कमांडर रिशज अहमद ऊर्फ खालिद फंसा हुआ था। पुलवामा स्थित एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, काकपोरा के साथ सटे निहामा में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी इसके आधार पर सेना की 50 आरआर और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर एक अभियान चलाया गया। लेकिन तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। घेराबंदी में कुख्यात आतंकी रियाज डार भी फंसा हुआ था। उसे सरेंडर के लिए मनाने के लिए उसके परिजनों की भी मदद ली गई। उसके परिजनों को मुठभेड़ स्थल पर बुलाया गया था और उन्होंने भी उसे हथियार छोड़ सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। इससे पहले मिलने वाली रिपोर्ट में कहा गया था कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने निहामा में एक घेरा और खोज अभियान शुरू किया था। जैसे ही बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर पहुंची, छिपे हुए आतंकवादियों ने सेना पर गोलीबारी की।

# दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में लौटे



**7,755 करोड़ रुपए मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास**

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपए मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाये गये केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। 19 मई, 2023 को चलन में मौजूद 2000 रुपए मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपए था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपए रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, 'इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपए के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं।' सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपए के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपए के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपए के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपए के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के 19 कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं।

### लोगों पर महंगाई की चौतरफा मार

# अमूल, मदर डेयरी ने बढ़ाई दूध की कीमतें



■ दाल, सब्जियों के दाम में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई

■ मदर डेयरी ने दो रुपए प्रति लीटर बढ़ाए दाम

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। चुनाव बीतते ही लोगों पर महंगाई की जोरदार मार पड़ी है। सोमवार को मदर डेयरी ने भी अपने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले अमूल ने अपने दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी। पिछले हफ्ते ही एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल दरों में पांच फीसदी तक की वृद्धि कर दी थी, जिससे आम उपभोक्ताओं का सफर महंगा हो गया था। माना जा रहा है कि आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में भी बढ़ोतरी हो सकती है। इससे उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ सकती है। मदर डेयरी ने नए मूल्य जारी करते हुए बताया है कि टोंड दूध अब 54 रुपए प्रति लीटर की बजाय 56 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। गाय का दूध भी अब 56 रुपए प्रति लीटर की बजाय 58 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। फुल क्रीम दूध अब 66 रुपए प्रति लीटर की बजाय 68 रुपए प्रति लीटर और भैंस का दूध 70 रुपए की बजाय 72 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। इस सीजन में टमाटर और गर्मी में आने वाली सब्जियां अपेक्षाकृत कम दामों पर मिलती थीं, लेकिन इस बार सब्जियों के दामों में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आलू के कम उत्पादन का सीधा असर इस सबसे प्रमुख सब्जी पर पड़ी है। आलू 30-35 रुपए में मिल रहा है, तो टमाटर भी 30 से 40 रुपए किलो मिल रहा है। अरहर दाल के मूल्य में पिछले 15 दिनों के बीच 50 रुपए प्रति किलो से ज्यादा की वृद्धि हुई है। खुले बाजार में सबसे कम कीमत वाली अरहर दाल का मूल्य भी 170 रुपए प्रति किलो के करीब है।

ADMISSIONS OPEN 2024-25
GAUTAM BUDDHA UNIVERSITY
GREATER NOIDA, GAUTAM BUDH NAGAR, U.P. 201312
A State University established by U.P. Govt. in Delhi-NCR
Admission Through GBU Entrance Test : B.Tech. | B.Tech. (Lateral Entry) | Integrated B.Tech-M.Tech. | MBA | BA LLB | LLM | M.Sc. Biotechnology | M.Phil. (Clinical Psychology) | Ph.D.; Direct Admission Based on Merit in Qualifying Examination: B.A./B.Sc. (Hons.) | BBA-MBA | B.Com. (Hons.) | BCA | BPES | B.Des. | BSW | M.A./M.Sc. | MCA | MURP | MSW | M.Tech. |M.A. JMC (Lateral Entry) |M. Lib.I.Sc. | PG Diploma Polyurethane Technology; Admission Through NTA (NCET)/ UP JEE/ NATA : Integrated B.Ed. | B.Ed. | B.Arch.; Weekend Programmes: MBA (Executive) | LL.M (2 Year) |B.Tech. (CE) | M.Tech. (CE/ME/EE/CSE)
Direct Admission Through JEE Mains|GATE|NEET|CAT|MAT|CLAT|CUET etc.
Please Visit University Website (www.gbu.ac.in) for Detailed Information
Contact: +91 0120-234 4200 / 4234 / 4255; WhatsApp: +91 120 2344255 Registrar

# देश

**उवाच**



"इंडिया ब्लॉक के नेता राहुल गांधी ने कहा कि वे गरीबी हटाएंगे, लेकिन उनके पास न तो समाधान है और न ही योजना। उनके आधे नेता जेल में हैं और अन्य भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाने का इंतजार कर रहे हैं। लोग उनका समर्थन नहीं करते। लोगों ने उन्हें नकार दिया है।"

-राजीव भट्टाचार्य, भाजपा नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 44.0 | 31.0 |
| मुंबई | 34.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |

# भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने पहुंचाया नुकसान : अखिलेश

## मुद्दों के सहारे मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल पर उठाए सवाल

**लखनऊ,** 3 जून (देशबन्धु)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम घोषित होने से एक दिन पहले मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया कि 4 जून को देश नकारात्मक शक्तियों से आजाद होने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर बयान दिया। मुद्दों के सहारे मोदी सरकार के कार्यकाल पर सवाल उठाए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने देश को नुकसान पहुंचाया। सामाजिक रूप से देश का सौहार्द बिगाड़ा। भाईचारा खत्म किया। जाति से जाति और संप्रदाय से संप्रदायों को लड़वाया। संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण को साजिशन खत्म करने की कोशिश की गई। बेरोजगारों से छल किया। पेपर लीक कराए। देश के लिए आगे बढ़कर लड़ने वालों के लिए अपने मंत्रियों से जानबूझकर अपशब्द कहलवाए। मणिपुर, हाथरस, महिला पहलवान, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार और सबसे खराब व्यवहार किए जाने का रिकॉर्ड बनाया।

### अपने फायदे के लिए जनता पर महंगाई थोपी

भाजपा ने आर्थिक रूप से इलेक्टोरल बॉन्ड का ऐतिहासिक भ्रष्टाचार किया। इसके जरिए पैसा कमाने के लिए मुनाफाखोरी को बढ़ावा दिया जिसने महंगाई को बढ़ाया। अपने फायदे के लिए भाजपा ने जनता पर महंगाई थोप दी। नोटबंदी से व्यापार चौपट कर दिया। भ्रष्ट जीएसटी से छोटे दुकानदार को मंदी का शिकार बना दिया। किसानों की जमीन हड़पनी चाही।



**नकारात्मक ताकतों से आजाद होने जा रहा है देश : अखिलेश यादव**

काले कृषि कानून लाए। खाद की बोरी की चोरी की। लाभकारी मूल्य नहीं दिया। देश को अब तक की सबसे बड़ी बेरोजगारी में धकेल दिया। महंगाई से गरीब को और गरीब कर दिया। अमीरों के अरबों के लोन माफ कर दिए लेकिन किसानों का ऋण नहीं माफ किया। उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया।

### राजनीतिक रूप से चुनी हुई सरकारें गिराई

अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीतिक रूप से चंडीगढ़ में मेयर के चुनाव में कैमरे के सामने धांधली की। चुनी हुई सरकारें गिराई। खरीद-फरोख्त की नकारात्मक सियासत को जायज ठहराया। परिवारिक रूप से राजनीतिक फायदे के लिए परिवारों को लड़वा दिया। मानसिक रूप से भाजपा ने अपने ही समर्थकों को हिंसक बनाया। मॉब लिंचिंग को सही ठहराने की साजिश की। आपराधिक रूप से ऐसे लोगों को मंत्री पद दिया और बनाए भी रखा जिन लोगों ने किसानों की हत्या की। जो लोग महिलाओं पर अत्याचार व शोषण के दोषी हैं। न्यायालय तक में अपने लोग पिछले दरवाजे से सेट किए। न्यायाधीशों से खुलकर एक राजनीतिक विचारधारा के लिए बयान दिलवाए। यही काम विश्वविद्यालयों में किया। नौकरशाही में लेटरल एंट्री के बहाने धांधली की। योजना आयोग को खत्म किया। ईडी, सीबीआई, आईटी को सरकार बनाने, बचाने और चलाने के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झूठे विकास के आंकड़ों से देश और दुनिया को छला। भाजपा के झूठे राष्ट्रवाद ने देश का नुकसान किया। भाजपा की भ्रष्ट नीतियां देश के भविष्य के लिए अक्षम व असमर्थ हैं। अब देश नकारात्मक ताकतों से आजाद होने जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि 45 साल की सबसे बड़ी बेरोजगारी में देश को धकेल दिया गया। महंगाई ने गरीब को और गरीब बना दिया। अमीरों के अरबों के लोन माफ किये गये मगर किसानो को ऋण के लिए आत्महत्या के लिये मजबूर किया गया। ब्याज की दरें घटा कर मध्यम वर्ग की बचत को बेकार कर दिया।

नैतिक रूप से चंदे तक का पैसा खा गये। केयर फंट के नाम के आगे पीएम के नाम का इस्तेमाल करके बाद में हिसाब देने से मना कर दिया। यादव ने वैक्सीन के मामले में भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा, साथ ही अपने समर्थकों को हिंसक बनाने का आरोप लगाया।

### नैतिक रूप से चंदे का पैसा तक खा गए

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ब्याज की दरें घटाकर मध्यमवर्ग की बचत को बेकार कर दिया। बैंकों में तरह-तरह के चार्ज से लोगों का धन दीमक की तरह खा गए। बैंक लॉकरों के नाम पर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। नैतिक रूप से चंदे का पैसा तक खा गए। केयर के आगे पीएम के नाम का इस्तेमाल कर बाद में हिसाब देने से मना कर दिया। अपराधियों को शामिल करने उनके कृत्यों पर पर्दा डालने जैसे मणिपुर में अपने संघी साथियों द्वारा बेटियों के साथ अमानवीय व्यवहार में और बीएचयू में अभद्रता कांड में, खीरी किसान हत्याकांड में, हाथरस की बेटी से दुष्कर्म, हत्या व कानपुर देहात कांड में जहां मां-बेटी को झोपड़ी में जिंदा जलाकर मार डाला ऐसे अनगिनत उदाहरण भाजपा सरकार के हैं। शारीरिक रूप से देखें तो भाजपा ने लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया। भाजपा ने बिना जांचे परखे वैक्सीन लगवाई। कमीशन लेकर गलत दवाइयों को पास करके लोगों का जीवन खतरे में डाला। इसका सीधा असर जनता की सेहत पर पड़ेगा और लोगों की तंदुरुस्ती पर भी पड़ेगा। भाजपा पीढ़ियों पर प्रहार की दोषी भी है। भाजपा राज में महिलाओं में असुरक्षा का भाव घर कर गया। युवा बेरोजगारी से डिप्रेशन का शिकार हुए हैं।

# जम्मू-कश्मीर में लद्दाख व उधमपुर लोस सीट पर पहले आएगा फैसला

**जम्मू,** 3 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की छह लोकसभा सीटों में उधमपुर और लद्दाख के परिणाम सबसे पहले आएंगे। शेष चार सीटों जम्मू, अनंतनाग-राजोरी, श्रीनगर व बारामुला के परिणाम आने में वक्त लगेगा। हालांकि, रुझान तो मिलने लगेंगे लेकिन परिणाम की घोषणा में समय लगेगा। कारण इन चारों सीटों पर प्रत्याशियों की संख्या 15 से अधिक है। ऐसे में दो ईवीएम का इस्तेमाल किया गया है। इनके वोटों की गिनती में समय लगेगा। जम्मू-कश्मीर की पांच लोकसाभा सीटों के लिए 10 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से एक दिल्ली में स्थापित किया गया है, जहां कश्मीर घाटी से बाहर रह रहे कश्मीरी विस्थापितों द्वारा किए गए वोटों की गिनती होगी। चार जून को देश के बाकी सीटों के साथ ही प्रदेश की पांच सीटों पर गिनती शुरू होगी। मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। जम्मू-कश्मीर में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, दो पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला व महबूबा मुफ्ती समेत 100 से अधिक प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला तय होगा। इनके अलावा पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह, सांसद जुगल किशोर शर्मा, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमण भल्ला, नेकां के दिग्गज नेता मियां अल्ताफ व रुहुल्लाह मेहदी, अपनी पार्टी के जफर इकबाल मन्हास व मो. अशरफ मीर, पीपुल्स कांफ्रेंस प्रमुख सज्जाद गनी लोन, अवामी इत्तेहाद पार्टी प्रमुख इंजीनियर रशीद का भी फैसला होगा। लद्दाख में भाजपा के ताशी ग्यालसन, कांग्रेस के टी नामग्याल व निर्दलीय हाजी हनीफा जान की जीत-हार का निर्णय होगा।



दस मतगणना केंद्र में होगी गिनती

### एसकेआईसीसी में मतगणना को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के लिए शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन कॉम्प्लेक्स (एसकेआईसीसी) में मंगलवार को होने वाली मतगणना के लिए पूरी तैयारी पूरी कर ली गई है और साथ ही त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। श्रीनगर के चुनाव अधिकारी बिलाल मोहि-उद-दीन भट ने सोमवार को एसकेआईसीसी में मीडियाकर्मी को बताया, एसकेआईसीसी में मंगलवार को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से वोटों की गिनती के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना प्रक्रिया कल सुबह आठ बजे शुरू होगी।

## सार संक्षेप

### भाजपा अगर तीन सौ पार तो ईवीएम का वोट : दिग्विजय

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की मतगणना के एक दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने दावा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अगर इस चुनाव में 300 पार जाती है, तो ये जनता का वोट नहीं, बल्कि ईवीएम का वोट है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने चर्चा के दौरान विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल के संबंध में कहा कि जनता का वोट अगर पड़ा है तो इन्हें (भाजपा को) बहुमत नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने 295 का जो आंकड़ा दिया है वो सही है।

### बेंगलुरु रेव पार्टी मामले में ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी रेव पार्टी मामले में कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को बेंगलुरु से एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए कथित ड्रग तस्कर की पहचान बेंगलुरु के डी.जे. हल्ली निवासी उमर शरीफ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 एमडीएमए टैबलेट जब्त की है। आरोपी रेव पार्टी में मौजूद था। पार्टी के आयोजकों ने उसे विभिन्न प्रकार की ड्रग्स आपूर्ति करने के लिए कहा था। कर्नाटक पुलिस की सीसीबी के सूत्रों ने कहा कि एक तेलुगु अभिनेत्री और 20 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लेने के लिए कोर्ट जाने की तैयारी चल रही है। बता दें कि यह लोग पुलिस के नोटिस भेजे जाने के बाद भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

### मप्र के सतना में सड़क हादसे में चार की मौत

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। रामपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार के पुल पर बने डिवाइडर के कारण कल रात अनियंत्रित होकर पलट जाने के कारण इस घटना में चार लोगों में शिवांस तिवारी, शिवा पांडे, नितीश पांडे और शानू खान की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हैं। बर्थ डे पार्टी मनाकर यह सभी लोग लौट रहे थे। घायलों को रीवा ले जाया गया।

### हैदराबाद की छात्रा अमेरिका के कैलिफोर्निया से लापता

**हैदराबाद।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य से हैदराबाद की 23 वर्षीय भारतीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह छात्रा 28 मई से गुमशुदा है। पुलिस ने छात्रा का पता लगाने के लिए जनता से मदद मांगी है। सीएसयूएसबी) की छात्रा नितीशा कंडुला को आखिरी बार 28 मई को लॉस एंजेलिस में देखा गया था। सीएसयूएसबी के पुलिस प्रमुख जॉन गुटिएरेज ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में 30 मई को लॉस एंजेलिस पुलिस विभाग (एलएपीडी) के दक्षिण-पश्चिम डिवीजन से उसकी गुमशुदगी की सूचना दी थी।

# राज्यपाल रघुबर दास ने ओडिशा विधानसभा भंग की

**भुवनेश्वर,** 3 जून (एजेंसियां)। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने सोमवार को विधानसभा भंग कर दी। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने वर्चुअल बैठक की जिसमें राज्यपाल से विधानसभा भंग करने की सिफारिश की। राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले मंत्रिमंडल ने यह फैसला लिया। राज्यपाल ने देश के संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड 2 (बी) द्वारा उन्हें प्रदत्त शक्ति का इस्तेमाल करते हुए यह आदेश दिया कि चुनाव आयोग द्वारा 25 मई, 2019 को गठित विधानसभा नवनिर्वाचित होने की तारीख से भंग हो जाएगी। विधायिका का गठन चुनाव आयोग द्वारा किया जाता है। इस संबंध में ओडिशा सरकार के संसदीय कार्य विभाग द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि ओडिशा विधानसभा को भंग करना कैबिनेट बैठक का एकमात्र एजेंडा था। राज्य में 147 विधायकों और 21 लोकसभा सदस्यों को चुनने के लिए 13 मई से पहला और 1 जून को चौथा चरण समाप्त हुआ था। विधानसभा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के 114 सदस्य थे। भारतीय जनता पार्टी के 22 और कांग्रेस के केवल नौ सदस्य थे। विधानसभा में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का एक और एक निर्दलीय उम्मीदवार सदस्य थे।




# झारखंड में एक महिला सहित पांच नए चेहरों का संसद पहुंचना मना जा रहा तय

**रांची,** 3 जून (एजेंसियां)। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के नतीजों से केंद्र सरकार के दो मंत्रियों अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी सहित दो दर्जन से भी ज्यादा दिग्गजों की सियासी किस्मत तय होगी। यह तय है कि 18वीं लोकसभा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वालों में पांच नए चेहरे होंगे। सियासी परिस्थितियां ऐसी हैं कि एक महिला लीडर का भी झारखंड से संसद पहुंचना निश्चित माना जा रहा है। चुनाव मैदान में उतरे झारखंड के एक दर्जन विधायकों में से कितने सांसद बन पाते हैं, इस सवाल का जवाब भी 4 जून को मिल जाएगा। मौजूदा 17वीं लोकसभा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले 14 में से पांच सांसद 18वीं लोकसभा में नहीं दिखेंगे। इनमें हजारीबाग के जयंत सिन्हा, दुमका के सुनील सोरेन, धनबाद के पीएन सिंह, चतरा के सुनील सिंह और लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत शामिल हैं। ये सभी भाजपा के सांसद हैं, जिन्हें पार्टी ने अलग-अलग वजहों से इस बार टिकट नहीं दिया। जाहिर है, इन पांचों सीटों से नए चेहरे संसद में पहुंचेंगे। चाईबासा सीट पर भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच मुकाबला हुआ है। इन दोनों में से किसी का संसद पहुंचना तय माना जा रहा है। खूंटी से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा दांव पर है। पिछला चुनाव उन्होंने मात्र 1,440 मतों के फासले से जीता था। इस बार उनकी टक्कर पुराने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अर्जुन मुंडा पिछली जीत का फासला बढ़ा पाते हैं या फिर कालीचरण मुंडा पिछली हार का अंतर पाटकर पहली बार संसद पहुंच पाते हैं या नहीं। कोडरमा से पीएम मोदी की मंत्रिपरिषद की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को इंडिया गठबंधन की ओर से सीपीआई एमएल के उम्मीदवार विनोद सिंह से चुनौती मिली है। गोड्डा से भाजपा के मुखर नेता निशिकांत दुबे अगर इस बार जीतने में सफल रहते हैं तो यह उनकी लगातार चौथी जीत होगी। राज्य के मौजूदा सांसदों में से पलामू से भाजपा के बीडी राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो और राजमहल से झामुमो के विजय हांसदा जीतते हैं तो यह उनकी हैट्रिक होगी। झारखंड के जिन एक दर्जन विधायकों की किस्मत दांव पर लगी है, उनमें हजारीबाग से भाजपा के मनीष जायसवाल, कांग्रेस के जेपी पटेल, गिरिडीह से झामुमो के मथुरा महतो, दुमका से इसी पार्टी के नलिन सोरेन और भाजपा की सीता सोरेन, राजमहल से लोबिन हेंब्रम, लोहरदगा से चमरा लिंडा, जमशेदपुर से झामुमो के समीर मोहंती, सिंहभूम से इसी पार्टी की जोबा मांझी, धनबाद से भाजपा के ढुल्लू महतो और कोडरमा से सीपीआई एमएल के विनोद सिंह शामिल हैं।



- 17वीं लोकसभा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले 14 में से पांच सांसद 18वीं लोकसभा में नहीं दिखेंगे

# जम्मू-कश्मीर में स्लेज सवार का शव थजवास ग्लेशियर से मिला



**श्रीनगर,** 3 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में गंदेरबल जिले के पर्यटक स्थल सोनमर्ग में थजवास ग्लेशियर का एक हिस्सा ढहने के बाद लापता स्थानीय स्लेज सवार का शव सोमवार को बरामद किया गया। मृतक की पहचान हकनार गुंड निवासी मंजूर अहमद खान के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के लिए शव को सोनमर्ग के सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को सुरम्य सोनमर्ग में थाजवास ग्लेशियर का एक हिस्सा ढह गया, जिसके दौरान स्लेज सवार और दो पर्यटक गिर गए। घटना के बाद पर्यटकों को लोगों ने तुरंत बचा लिया गया।

# भवानी रेवन्ना की हो तत्काल गिरफ्तारी : प्रियांक खड़गे

## भवानी रेवन्ना के फरार होने की पुष्टि से राजनीतिक माहौल गरमाया

**बेंगलुरु,** 3 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक में राजनीतिक माहौल उस गरमा गया जब आरडीपीआर और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खड़गे ने पुष्टि की है कि प्रज्वल रेवन्ना, एक यौन उत्पीड़न पीड़िता और उसके बेटे से जुड़े अपहरण मामले से संबंधित मुकदमे में हाजिर होने में विफल रहे भवानी रेवन्ना फरार हैं। खड़गे ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि अगर वे मानते हैं कि वे निर्दोष हैं, तो कानून से बच क्यों रहे हैं एचडी रेवन्ना अग्रिम जमानत चाहते हैं, लेकिन सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं होते हैं। पिछले 30 दिनों से राहुल गांधी के संबंध में प्रज्वल का उल्लेख किया गया है, फिर भी भवानी मायावी बने हुए हैं। खड़गे की यह टिप्पणी भवानी का पता लगाने के लिए तीन जिलों में विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा चलाए जा रहे गहन तलाशी अभियान के बीच आई है। उसके लापता होने से न केवल एक हाई-प्रोफाइल खोजबीन शुरू हो गई है, बल्कि यह मामला लोगों की नजरों में भी आ गया है, जिससे परिवार की कानूनी प्रक्रियाओं के पालन पर महत्वपूर्ण सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने बिना किसी संकोच के भवानी की तत्काल गिरफ्तारी और उसकी जमानत खारिज करने की मांग की।



### जनता दल के नैतिक रुख पर भी किया कटाक्ष

प्रियांक खड़गे ने जनता दल (सेक्युलर) पार्टी के नैतिक रुख पर भी कटाक्ष किया, जिससे रेवन्ना परिवार संबंधित है। उन्होंने कहा कि वे नैतिकता के बारे में बात करते हैं। अगर उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है तो वे हमसे क्यों बच रहे हैं। रेवन्ना परिवार के दबदबे पर प्रकाश डालते हुए खड़गे ने कहा कि जिसमें पूर्व प्रधान मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद और विधायक शामिल हो उस परिवार को एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य परिवार नहीं है। उन्हें रोल मॉडल होना चाहिए और नैतिकता का उदाहरण होना चाहिए।

# एग्जिट पोल में कई सारी गफलतें : जीतू पटवारी

**भोपाल,** 3 जून (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर एग्जिट पोल पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इससे कार्यकर्ताओं को हताश और निराश होने की जरूरत नही है, अगले कुछ घंटों में इन एग्जिट पोल की पोल खुल जाएगी। पटवारी ने यहां कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कुछ कथित एग्जिट पोल सामने आए हैं, जिसमें कई सारी गफलतें हैं। आप सभी ने तथा जनता ने यह फीडबैक हमें दिया है कि हमने कई सीटों पर अच्छा चुनाव लड़ा, परंतु कथित एग्जिट पोल में यह नहीं दिखता है। हमें जनता एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है। वे यह कह सकते हैं कि इन एग्जिट पोल को लेकर हमारा कार्यकर्ता हताश और निराश नहीं है। इसलिए इन एग्जिट पोल की पोल अगले कुछ घंटे में खुल जाएगी।



# मतगणना से पहले भगवान की शरण में पहुंचे उम्मीदवार

**पटना,** 3 जून (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के बाद अब सबकी नजर मंगलवार को होने वाली मतगणना पर है। मतगणना को लेकर सभी प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ी हुई है। सभी प्रत्याशी मतगणना को लेकर अपने लोकसभा क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। ऐसे में मतगणना के परिणाम आने से पहले लोजपा (रामविलास) के सभी पांच प्रत्याशी भगवान की शरण में पहुंचे और अपने आराध्य का आशीर्वाद लिया।

जमुई से एनडीए के उम्मीदवार अरुण भारती, खगड़िया से राजेश वर्मा, समस्तीपुर से शांभवी चौधरी और वैशाली से वीणा देवी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के साथ पटना के खगौल स्थित मंदिर पहुंचे और भगवान महादेव का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सभी प्रत्याशियों ने मां दुर्गा की आराधना की और आशीर्वाद मांगा। लोजपा (रामविलास) के खगड़िया से प्रत्याशी राजेश वर्मा ने कहा कि आराध्य का पूजा-पाठ दिनचर्या है। लेकिन, सामूहिक रूप से भगवान के दरबार में पहुंचना अलग एहसास है। हम सभी भगवान से आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे हैं। समस्तीपुर से प्रत्याशी और इस चुनाव से राजनीति में कदम रख रही शांभवी चौधरी ने कहा कि मतगणना को लेकर अभी क्षेत्र में निकलूंगी।



हम सभी लोगों ने काफी मेहनत की है और अब भगवान से आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं। भगवान जो भी करेंगे, अच्छा ही करेंगे। हम सभी लोगों के वश में परिश्रम है। परिणाम देने का काम परमात्मा के हाथ में है।

**राजनीति** — *जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनावों के परिणाम को लेकर अटकीं राजनीतिक दलों की सांसे*

# दो पूर्व मुख्यमंत्रियों का राजनीतिक भविष्य भी होगा तय

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 3 जून (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों का परिणाम आने में बस कुछ घंटों का समय शेष है और प्रदेश में राजनीतिक दलों की सांस इसलिए अटकी हुई है क्योंकि वे जानते हैं कि इन चुनावों का परिणाम ही विधानसभा चुनावों के लिए उनके राजनीतिक दलों का भविष्य तय करेगा। यह बात अलग है कि इन चुनावों से प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों का राजनीतिक भविष्य भी तय होना है।**

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जम्मू कश्मीर में पांच सालों के अंतराल के बाद किसी भी समय और 30 सितम्बर से पहले विधानसभा चुनाव करवाए जाने की घोषणा के बाद यह सुगबुगाहट भी तेज हुई है कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के उपरांत राज्य से केंद्र शासित प्रदेश में तब्दील किए गए जम्मू-कश्मीर में होने वाले पहले विधानसभा चुनावों में कौन सी पार्टी जीत के झंडे गाड़ेगी। अगर एग्जिट पोल पर विश्वास करें तो प्रदेश में चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी सही तरीके से कर पाना थोड़ी टेढ़ी खीर इसलिए मानी जा सकती है क्योंकि कश्मीरी ऐसे एग्जिट पोल की धज्जियां उड़ाने में माहिर माने जाते हैं। और यही कारण है नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी, अपनी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों की सांसें अटकी हुई हैं। दरअसल इन चुनावों के नतीजों से दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के सीधे तौर पर राजनीतिक भविष्य की राह तय होनी है तो एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के दमखम का भी लेखा सामने आना है जो इस बार चुनाव मैदान में इसलिए नहीं उतरे थे क्योंकि उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ना है। यह बात अलग है कि उनकी पार्टी को अक्सर भाजपा की बी टीम का खिताब दिया जाता था जो अब 'अपनी पार्टी' छीनने को बेताब है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के लिए इस बार के लोकसभा चुनाव करो या मरो की स्थिति जैसा रहा है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि दोनों नेता जानते हैं कि उनकी हार जीत पर भी प्रदेश में उनके राजनीतिक दलों का भविष्य टिका हुआ है। दूसरे शब्दों में कहें तो विधानसभा चुनावों में उसी पार्टी का भविष्य दिखेगा जिसका वर्चस्व बचा रहेगा और इसके लिए दोनों ही दलों को जीत का सहारा चाहिए जो फिलहाल दिख नहीं रहा है। राजनीतिक पंडितों का कहना था कि दोनों ही दलों पर अपना अपना राजनीतिक भविष्य बचाने का दबाव है और अगर दोनों ही दल अपनी इज्जत बचा पाने में अर्थात कम से कम एक एक सीट पर कामयाबी पाने में सफल होते हैं तो वे आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा और उसकी ए, बी व सी टीमों को राजनीतिक चुनौती दे पाएंगें।



- विधानसभा चुनावों की घोषणा से राजनीतिक दलों में हलचल बढ़ी
- उमर अब्दुल्ला व महबूबा मुफ्ती के लिए इस बार के लेस चुनाव करो या मरो की स्थिति जैसा रहा

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।



# भ्रमित व मतगणना को प्रभावित करने की कोशिश है एग्जिट पोल : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न सर्वे एजेंसियों के आए एग्जिट पोल को फर्जी और हास्यास्प्रद बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया।

■ 'आप' ने एग्जिट पोल को फर्जी व हास्यास्प्रद बताते हुए किया खारिज

आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने सर्वे एजेंसियों को एक्सपोज करते हुए कहा कि भाजपा एग्जिट पोल के जरिए देश की जनता को भ्रमित और मतगणना को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। सर्वे एजेंसियों ने खुद ही अपने एग्जिट पोल को अविश्वसनीय बना दिया है। ढ

मसलन, झारखंड में सीपीआईएम चुनाव नहीं लड़ रही है, लेकिन उसे 2-3 सीटें दी जा रही हैं, जबकि बिहार में 5 सीटों पर चुनाव लड़ रही एलजेपी को 6 सीटें दी जा रही हैं। उत्तराखंड में कुल 5 सीटें हैं लेकिन भाजपा को 6 सीटें दी जा रही हैं। इसी तरह, राजस्थान में कुल 25 सीटें हैं और नतीजे 33 सीटों के दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल कई बार गलत साबित हुए हैं और विपरित परिणाम आने पर सर्वे एजेंसियों की कोई जवाबदेही नहीं होती है। इसलिए देश में एग्जिट पोल बंद होने चाहिए। यह केवल मतगणना से पहले प्रशासनिक तंत्र और चुनाव आयोग को प्रभावित करने की एक गलत कोशिश है।




**एग्जिट पोल कई बार गलत साबित हुए हैं और विपरित परिणाम आने पर सर्वे एजेंसियों की कोई जवाबदेही नहीं होती है, इसलिए देश में एग्जिट पोल बंद होने चाहिए : संजय सिंह**

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पिछले दो दिन से लगातार एग्जिट पोल के नतीजों को लेकर बीजेपी द्वारा लड्डू बाटे जा रहे हैं, देश की जनता को भ्रमित किया जा रहा है और 4 जून को होने वाली मतगणना को प्रभावित करने की एक नाजायज कोशिश की जा रही है। ये एग्जिट पोल खुद अपने आप को झूठा और गलत साबित कर रहे हैं। मैं एग्जिट पोल करने वाली सभी एजेंसियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने अपने आप को खुद पूरे देश के सामने एक्सपोज कर दिया है कि देश के लोगों उनके एग्जिट पोल पर बिल्कुल भरोसा न करें। उन्होंने खुद अपने एग्जिट पोल को हास्यास्पद बना दिया और देश की जनता को बता दिया कि कभी भी इस एग्जिट पोल पर भरोसा मत करना।

## जब तक एक-एक वोट की गिनती नहीं हो जाती तब तक मतगणना केंद्रों पर ही डटे रहें एजेंट : संदीप पाठक

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की वोटों की गिनती को लेकर आम आदमी पार्टी मुख्यालय में काउंटिंग एजेंटों को ट्रेनिंग दी गई। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक ने सोमवार को काउंटिंग एजेंटों को ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग सेशन में आम आदमी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार सोमनाथ भारती भी मौजूद रहे। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि कल होने वाली वोटों की गिनती को लेकर आज हमने पार्टी मुख्यालय में अपने काउंटिंग एजेंटों के लिए एक ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया। संदीप पाठक ने आगे कहा कि हमने सभी काउंटिंग एजेंटों से कहा है कि उनको सुबह 6 बजे तक अपने-अपने मतगणना केंद्र पर पहुंच जाना है। जब तक एक-एक वोट की गिनती नहीं हो जाती तब तक किसी भी एजेंट को मतगणना केंद्र छोड़कर नहीं जाना है। मतगणना के दौरान अगर काउंटिंग एजेंट को किसी भी तरह का कोई शक होता है तो उसे तुरंत अपनी शिकायत रिटर्निंग ऑफिसर के पास दर्ज करानी है। किसी भी हाल में काउंटिंग एजेंट को चुप नहीं रहना है। काउंटिंग एजेंट को हर ईवीएम मशीन का नंबर और मशीन को खोलने का समय जरूर मैच करना है। उनको एक-एक वोट की गिनती पर कड़ी नजर बनाए रखनी है। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी। यदि पोस्टल बैलट की गिनती को बाद में करने का प्रयास हो तो तुरंत अपनी आपत्ति दर्ज करानी है और सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती करवाने पर जोर देना है। पोस्टल बैलट की पर्ची में कोई भी गड़बड़ी हो तो तुरंत आपत्ति दर्ज कराएं और उसे अवैध दर्ज कराएं।

## मंत्री सौरभ भारद्वाज ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। आज दिल्ली के शहरी विकास मंत्री एवं डीयूएसआईबी विभाग के वाइस चेयरमैन सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली स्थित कई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। यह औचक निरीक्षण बढ़ती गर्मी और हीट वेव के चलते किया गया। लगभग दोपहर 3 बजे के आसपास शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण किया।

इस औचक निरीक्षण के जरिए मंत्री सौरभ भारद्वाज रैन बसेरों में गर्मी और हीट वेव से बचने के पुख्ता इंतजामों की जांच करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि रैन बसेरे में गर्मी से बचने के पर्याप्त साधन है या नहीं, लोगों के पीने के लिए पर्याप्त पानी है या नहीं तथा गर्मी से राहत देने वाले अन्य साधनों की पर्याप्त उपलब्धता है या नहीं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह औचक निरीक्षण बिना किसी को बताए अकेले अचानक किया, ताकि परिस्थितियों की सत्यता का पता लगाया जा सके। एक बयान जारी करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि जिन रैन बसेरों में उन्होंने औचक निरीक्षण किया, वहां पर जांच के दौरान उन्होंने पर्याप्त मात्रा में लोगों के लिए पीने का ठंडा पानी देने वाले वाटर डिस्पेंसर और ठंडी हवा के लिए वाटर एयर कूलर के पर्याप्त इंतजाम दिखे। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बहुत सारे अलग-अलग जगह पर रैन बसेरे बने हुए हैं, तो एहतियात बरसते हुए उन्होंने डीयूएसआईबी विभाग के सीईओ को निर्देश जारी किए हैं, कि वह युद्ध स्तर पर दिल्ली के सभी रैन बसेरों में निरीक्षण करें और जहां कहीं भी व्यवस्था में कोई भी कमी पाई जाए, उसे तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। जहां कहीं भी पानी की व्यवस्था में कोई कमी नजर आए तुरंत ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए और जहां कहीं भी हवा देने वाले वाटर एयर कूलर की समस्या नजर आए, तुरंत उस समस्या को दूर किया जाए।




■ बढ़ती गर्मी व हीट वेव से बचाव के इंतजामों का जायजा लेने पहुंचे सौरभ भारद्वाज

## सार संक्षेप

### नकली टैल्कम पाउडर बनाने वालों पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** अधिकारियों ने नकली टैल्कम पाउडर बनाने वालों के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई की। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के जिला न्यायाधीश द्वारा आर्यनवेद कॉस्मेस्यूटिकल्स निमसन की शिकायत पर दी गई एकपक्षीय निषेधाज्ञा के आधार पर, कानपुर में कानूनी टीम ने जांच एजेंसियों और स्थानीय पुलिस की मदद से मित्तल प्रोडक्ट्स सिपानी के परिसर पर छापा मारा। इस ऑपरेशन का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण किया गया और कैमरे में कैद किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 10 लाख रुपए से अधिक मूल्य के नकली सामान जब्त किए गए।

### दिल्ली-एनसीआर में 4 जून के बाद बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिलती दिखाई नहीं दे रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, लेकिन 4 जून के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही बारिश का भी पूर्वानुमान है। सोमवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 47 डिग्री और नोएडा में 45 डिग्री सेल्सियस के पास बना रहा। आईएमडी ने अपनी वेबसाइट पर जारी आंकड़ों में बताया है कि मंगलवार से बादल छाए रहेंगे और धूल भरी आंधी के साथ तूफान आ सकता है। हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है। दिल्ली में सोमवार को दर्ज किए गए आंकड़ों के मुताबिक, मुंगेशपुर में तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा पूसा में 45.5, नजफगढ़ में 46.3, पीतमपुरा में 45.4, जाफरपुर में 45, नई दिल्ली में 43.8 और पालम में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-3 में तापमान 43.5 और नॉलेज पार्क-5 में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अग्नि-सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की सख्त आवश्यकता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि अस्पतालों में अग्निकांड के संभावित जोखिमों को देखते हुए यह जरुरी है कि आग को रोकने, पता लगाने और प्रभावी ढंग से निपटने के उपाय सख्ती से लागू किये जाने चाहिए। मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और स्वास्थ्य सेवा संगठनों के साथ एक बैठक में अग्निकांड से निपटने के विनियामक प्रोटोकॉल और उपायों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता जताई गई है।

## भाजपा अरविंद केजरीवाल को कर रही प्रताड़ित उनकी कोठरी में कूलर तक नहीं : आतिशी

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत खत्म होने के बाद रविवार को उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया है। केजरीवाल के सरेंडर करने के बाद दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा, एलजी और पीएम मोदी को निशाने पर लिया।

आतिशी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को जो जमानत दी थी, उसका समय रविवार को खत्म हुआ और अरविंद केजरीवाल ने सरेंडर किया और तिहाड़ जेल गए। लेकिन, इसके बाद भी केंद्र सरकार को शांति नहीं मिली है। भाजपा केजरीवाल को प्रताड़ित करने में कोई भी कसर भी नहीं छोड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि तिहाड़ जेल में सीएम केजरीवाल को एक कोठरी में रखा गया है, जहां इस तपती गर्मी में एक कूलर तक नहीं है। तिहाड़ में कुख्यात अपराधी के लिए भी कूलर की व्यवस्था की जाती है, वहां पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस तपती गर्मी में कूलर नहीं दिया गया है। मैं भाजपा से, एलजी साहब से पूछना चाहती हूं कि कितना नीचे गिरोगे। क्या आपकी क्रूरता की कोई सीमा नहीं है। उन्होंने कहा कि एक डायबिटीज के मरीज को जिनका वजन लगातार गिर रहा है। उनकी टेस्ट के लिए आप उनकी जमानत को चैलेंज करते हैं। जब वह सरेंडर कर देते हैं, तो उनको एक तपती हुई कोठरी में रखते हैं। मैं भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ये कहना चाहती हूं कि दिल्ली की जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी। सीएम केजरीवाल को अगर आप इतना प्रताड़ित करेंगे, तो दिल्ली की जनता क्या, भगवान भी आपको माफ नहीं करेंगे।




## सरकारें मशीनरी के इस्तेमाल के जरिए मीडिया पर दबाव डालती हैं : डॉ. चंद्र

**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है, लेकिन शासक वर्ग, चाहे वह विधायिका हो, कार्यपालिका हो, कॉर्पोरेट हो या कोई और, उन सबसे मीडिया पर दबाव बढ़ता जा रहा है। अपने एजेंडे को हासिल करने के लिए मीडिया को अपने पक्ष में करने के लिए वे सुनियोजित प्रयास कर रहे हैं। सरकारें विज्ञापन के प्रभाव या राज्य मशीनरी के इस्तेमाल के ज़रिए मीडिया पर दबाव डालती हैं ताकि प्रेस को तथ्यात्मक जानकारी प्रकाशित करने से रोका जा सके, ये कहना है डॉ. सुभाष चंद्र का।

उन्होंने कहा किदुर्भाग्य से, कई समाचार चैनल, समाचार पत्र, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने दबाव को जीवन का हिस्सा मान लिया है, बजाय इसके कि वे इसका विरोध करें या अपनी असहमति व्यक्त करें। यही वजह है कि प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में भारत 180 में से 159वें स्थान पर है। स्वाभाविक रूप से दोष सरकार पर जाता है, लेकिन मीडिया भी उतनी ही जिम्मेदार है।

## नारद पत्रकार सम्मान समारोह 29 जून को

नई दिल्ली, 3 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के इन्द्रप्रस्थ विश्व संवाद केन्द्र के तत्वावधान में प्रतिष्ठित देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन इस वर्ष 29 जून को होगा। इस समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर मुख्य वक्ता होंगे। देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान 2024 के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके लिये इन्द्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र की वेबसाइट पर या गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।



प्रत्येक वर्ष दिए जाने वाले इस सम्मान के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं० | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82241200C | लिराग्लूटाइड पेन इंजेक्शन 6 मिलीग्राम प्रति एमएल (लंबे समय तक काम करने वाला इंसुलिन) | 2890 Nos. | 24-06-2024 |
| 2. | 82244100B | टेबलेट/कैप्सूल इब्रुटिनिब 140 मि.ग्रा. | 2670 Nos. | 24.06.2024 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस स. दिनांक 01.06.2024 1647/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली भाजपा ने काउंटिंग एजेंटों के लिए प्रशिक्षण शिविरों का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा ने आज संसदीय स्तर पर काउंटिंग एजेंटों एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण बैठकों का आयोजन किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में एवं दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की बैठकों में भाग लिया और काउंटिंग ऐजेंटों को कल बरतने वाली सावधानियों से अवगत कराया। वीरेन्द्र सचदेवा ने काउंटिंग में जाने वाले कार्यकर्ताओं को समझाया की कल हार की हताशा से निराश आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता काउंटिंग के दौरान उन्हे उकसा कर विवाद उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे पर सभी कार्यकर्ता शांत रहकर अपना कार्य करें और कोई भी समस्या होने पर अपने रिलिवर अथवा चुनाव प्रभारी को सूचित कर अपना गिनती निरिक्षण कार्य जारी रखें।

पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा एवं लोकसभा प्रभारी डॉ अनिल गुप्ता ने भी जिला अध्यक्ष वीजेन्द्र धामा एवं श्री संजय गोयल की उपस्थिति में बैठक को संबोधित किया।

दक्षिणी दिल्ली जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित दक्षिण दिल्ली लोकसभा की बैठक को प्रभारी राजीव बब्बर, जिला अध्यक्ष राजकुमार चौटाला एवं रणवीर तंवर ने बैठक को संबोधित किया। उत्तर-पूर्वी लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी की काउंटिंग एजेंटों की बैठक वाईट कैशल में हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी विष्णु मित्तल, जिला अध्यक्ष पूनम चौहान एवं मनोज त्यागी उपस्थित थे।




**हार की हताशा से निराश आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता काउंटिंग के दौरान उन्हे उकसा कर विवाद उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे पर सभी कार्यकर्ता शांत रहकर अपना कार्य करें : सचदेवा**

चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल की काउंटिंग एजेंटों की बैठक वजीरपुर में हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी राजेश भाटिया, जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह एवं वीरेन्द्र गोयल उपस्थित थे।

नई दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज की काउंटिंग एजेंटो की बैठक तुगलक लेन स्थिति कार्यालय में हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह एवं जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड़ एवं राजीव राणा उपस्थित थे।

उत्तर पश्चिम लोकसभा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया की काउंटिंग एजेंटो की बैठक जिला कार्यालय में हुई जहां लोकसभा प्रभारी राज कुमार भाटिया, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम एवं रामसिया सरण उपस्थित थे।

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत की काउंटिंग एजेंटों की बैठक लोकसभा कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश जे.पी. एवं जिला अध्यक्ष रमेश शोखंदा उपस्थित थे।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम उटसवली की भूमि के सापेक्ष कार्यालय उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 506/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 25.10.2021 के द्वारा स्व0 श्री आशिष कुमार राना पुत्र निन्नामी सिंह नि0 ग्राम हाजीपुर, परगना दनकौर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| उटरावली | 937म 951म | स्व0 श्री आशिष कुमार राना पुत्र निन्नामी सिंह नि0 ग्राम हाजीपुर, परगना दनकौर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती नीतू सिंह | पत्नी | 46 वर्ष |
| | | | श्री इन्द्रजीत | पुत्र | 15 वर्ष |

उपरोक्त पारिवारिक सदस्य के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर एवं 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पारसौल में उप जिलाधिकारी, तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर के पत्रांक- 362/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 24.05.2024 के अनुसार मृतक स्व0 श्री विजेन्द्र पुत्र शीशपाल निवासी पारसौल परगना दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | उम्र | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 121 129 | स्व0 श्री विजेन्द्र पुत्र शीशपल निवासी ग्राम पारसौल परगना दनकौर तहसील जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सीमा देवी | पत्नी | 60 वर्ष | |
| | | | श्री विकास मलिक | पुत्र | 20 वर्ष | |
| | | | श्रीमती रजनी मलिक | पुत्रवधु | 27 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती दिनेश मलिक | पौत्र | 25 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**मामला** सीएम केजरीवाल ने किया मंत्री राज कुमार आनंद का इस्तीफा स्वीकार

# एलजी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया प्रस्ताव

**नई दिल्ली, 3 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंत्री रहे राजकुमार आनंद का इस्तीफा स्वीकार कर प्रस्ताव दिल्ली के उपराज्यपाल को भेज दिया। मुख्यमंत्री ने 31 मई को आनंद के इस्तीफे पर हस्ताक्षर किया। समाज कल्याण मंत्री रहे राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी व सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 10 अप्रैल को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। करीब एक माह 20 दिन बाद मुख्यमंत्री ने उनके इस्तीफे को स्वीकार किया। साथ ही प्रस्ताव दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को भेज दिया।**

■ मुख्यमंत्री ने 31 मई को आनंद के इस्तीफे पर किया था हस्ताक्षर
■ करीब एक माह 20 दिन बाद मुख्यमंत्री ने उनके इस्तीफे को किया स्वीकार

उपराज्यपाल ने भी कानून के मुताबिक आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 दिनों के लिए अंतिरम जमानत पर जेल से बाहर आए थे।

अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल को भेजी गई सिफारिश के साथ एससी-एसटी कल्याण, समाज कल्याण, सहकारिता और गुरुद्वारा चुनाव सहित अन्य विभाग नेतृत्वहीन हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने आनंद का इस्तीफा स्वीकार करने के साथ इन विभागों को किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं किया है। जबकि कानून के तहत विभाग आवंटित किया जाना होता है। ऐसे में यह सभी विभाग मुख्यमंत्री में निहित हो जाते हैं। जमानत की अवधि खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री दोबारा जेल चले गए हैं, तो उनके लिए इन महत्वपूर्ण विभागों के लिए किसी भी तरह के निर्णय लेना असंभव होगा। ऐसे में इस विभागों से जुड़े कार्य ठप्प हो जाएंगे।



### मंत्री ने उठाए थे सवाल

मंत्री राजकुमार आनंद ने इस्तीफा देते हुए विभागों की निष्क्रियता, इनमें व्याप्त भ्रष्टाचार के साथ-साथ मंत्रियों के जेल में होने, विभाग की योजनाओं में एससी, एसटी फंड का दुरुपयोग सहित दूसरे मामले उठाए थे।

### मेयर चुनाव के लिए लंबा इंतजार

अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 दिनों के लिए जमानत पर बाहर थे, तब उन्होंने एमसीडी में मेयर चुनाव से संबंधित फाइल को उपराज्यपाल को भेजना उचित नहीं समझा। ऐसे में आशंका है कि मेयर चुनाव लंबा टल सकता है। इस बार मेयर अनुसूचित जाति वर्ग से बनना है। इसके अलावा दिल्ली में जल संकट मामले में भी उपराज्यपाल के समक्ष अंतरराज्यीय सहयोग-समन्वय का मुद्दा उठाना उचित नहीं समझा।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-खोदनाखुर्द की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-के.एच.ओ. 151, भूखण्ड संख्या-140, क्षेत्रफल-800 वर्ग मीटर श्रीमती बत्तन पत्नी श्री टेकन, निवासी-ग्राम-खोदनाखुर्द, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्रीमती बत्तन पत्नी श्री टेकन की मृत्यु के उपरांत इनके श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व० श्री टेकन, सर्वश्री सतवीर, जय कुमार, राम कुमार पुत्र स्व0 श्री नाथू सिंह, श्रीमती सोना देवी पत्नी स्व० श्री नत्थू सिंह पौत्रगण/पुत्रवधु स्व० श्री टेकन, श्रीमती कुन्ती (विवाहित) पुत्री स्व० श्री टेकन, श्रीमती संतरा (विवाहित), श्रीमती रकमवती (विवाहित), श्रीमती संतो देवी (विवाहित) पुत्रीगण स्वः श्री नत्थू सिंह पौत्रीगण स्व० श्री टेकन, निवासी ग्राम खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० में से श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व० श्री टेकन सर्वश्री सतबीर, जय कुमार, राम कुमार पुत्र स्व0 श्री नत्थू सिंह, श्रीमती सोना देवी पत्नी स्व0 श्री नत्थू सिंह पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री टेकन, निवासी-ग्राम-खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व० श्री टेकन, सर्वश्री सतवीर, जय कुमार, राम कुमार पुत्र स्व० श्री नत्थू सिंह, श्रीमती सोना देवी पत्नी स्व0 श्री नत्थू सिंह पौत्रगण/पुत्रवधु स्व० श्री टेकन, निवासी ग्राम खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

कॉरिडोर के एलिवेटेड हिस्से में बनाए जा रहे ये वर्षा जल संचयन पिट्स एलिवेटेड वायाडक्ट स्पैन पर इस तरीके से बनाए जाते हैं, जिससे वर्षा-जल का अपने वास्तविक रूप में संग्रहण किया जा सके। चूंकि आरआरटीएस कॉरिडोर का ज्यादातर हिस्सा सड़क मार्ग के बीच से होकर जाता है, इसलिए यह पिट्स अधिकतर सड़क के बीच में मीडियन पर बनाए जा रहे हैं।

**पुनीत वत्स, एनसीआरटीसी प्रवक्ता**

## नोएडा के साइकिल चालकों ने मनाया विश्व साइकिल दिवस

**नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। नोएडा के विभिन्न सेक्टरों के साइकिल चालकों ने विश्व साइकिल दिवस मनाया। साइकिल चालकों ने सेक्टर 50 में एकत्र होकर नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर साइकलिंग करते हुए शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन



किया। साइकिलिस्ट नोफा अध्यक्ष राजीवा सिंह ने बताया कि वह हर रोज 30 से 45 मिनट तक साइकिल चलाते हैं। इसके कई मानसिक फायदे हैं जैसे तनाव कम होना और बेहतर नींद को बढ़ावा मिलता है। साइकलिस्ट आरडब्ल्यए सेक्टर-34 महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा का कहना है कि साइकिल चलाना बहुत ही आवश्यक है साइकिल चलाने से व्यायाम के साथ-साथ इम्यून सिस्टम ठीक तरीके से काम करता है। यह हमारे दैहिक और मानसिक स्वास्थ्य में एक प्रमुख भूमिका निभाता है उन्होंने बताया कि साइकिलिंग में 12 लोग शामिल हुए और तकरीबन 25 किमी का सफर तय किया। इस दौरान राजीवा सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, आशीता अरोड़ा, सौमित्र द्विवेदी, बृजेश नारंग, गौरव तनेजा, दिलीप ध्यानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### नोएडा की सीआरटी ने 3 बदमाश किए गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की सीआरटी और थाना सेक्टर-24 पुलिस ने घरो से लैटपॉट और मोबाइल फोन चुनाने वाले तीन बदमाशों को शिवम मार्केट सेक्टर-22 से गिरफ्तार किया है। इनके पास से 9 लैपटॉप और 11 मोबाइल फोन बरामद किए गए है। ये लोग 2018 से लगातार सक्रिय थे। पुलिस को इनकी तलाश थी। डीसीपी क्राइम ने बताया कि पकड़े गए तीनों बदमाश काफी शातिर है। ये लोग सुबह 5 से 6 के बीच किराए पर ऑटो लेकर सेक्टर और गांव में रेकी करते थे। जिनका कमरा खुला होता था। वहां बेखौफ अंदर जाते। यदि मालिक सोता मिला तो कमरे में रखा मोबाइल और लैपाटॉप चोरी कर फरार हो जाते थे। यदि मालिक जाग गया तो किराए का मकान देखने का बहाना बनाकर वहां से भाग जाते थे। मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने के बाद ये लोग दिल्ली भाग जाते थे। वहां किसी व्यक्ति को अपनी मजबूरी का बहाना बनाकर उनको सस्ते दामों पर बेच देते थे। मिले रुपए से ये मौजमस्ती करते थे। ये तीनों मिलकर अब 24 से घटना को अंजाम दे चुके है। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

### भगवान शिव की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने तालाब में फेंका



**बुलंदशहर।** शिकारपुर अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डोमला हसनगढ़ में असामाजिक तत्वों ने भगवान शिव की मूर्तियों को तालाब में फेंका। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया है कि यह मूर्तियां एक नवनिर्माण मंदिर के अंदर रखी हुई थी जहां से उठा कर असामाजिक तत्वों ने तालाब में फेंक दी यह खबर गांव में सुबह को आग की तरह फैल गई इसकी सूचना थाना अहमदगढ़ पुलिस को दी गई जिस पर थाना पुलिस ने आलाअधिकारियों को अवगत कराया की भगवान शिव की मूर्तियों को तालाब में फेंका गया है। जिस पर शिकारपुर नायब तहसीलदार रतन बरनवाल एवं हल्का लेखपाल अनूप शर्मा सचिन गर्ग सहित अन्य कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे जहां पर नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी अहमदगढ़ जेके सक्सेना ने ग्रामीणों को समझा बूझा कर मामले को शांत कराया तथा जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया जिस पर ग्रामीण शांत हो गए लेकिन कुछ ग्रामीण इस मामले में तूल देना चाह रहे थे तहसील प्रशासन ने इस घटना पर जल्द संज्ञान लेते हुए कहा है कि उक्त प्रकरण की पूरी जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


**Name Change**

I , Arvind Veer Gupta S/o Shri Harish Chandra Gupta R/o 211, Cariappa Marg, Sainik Farms, New Delhi -110062, have changed of my name, Arvind Gupta aged about 48 years and I shall hereinafter be known as Arvind Veer Gupta.


# 36 चरणों में होगी गौतमबुद्ध नगर में मतों की गणना

- 52.46 प्रतिशत हुआ था मतदान
- भाजपा, बसपा और गठबंधन के बीच है टक्कर





**नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट की नोएडा और दादरी विधानसभा की मतगणना 21-21 टेबल पर होगी। इन दोनों विधानसभा में बूथों की संख्या अधिक है। वहीं अन्य तीन विधानसभा क्षेत्रों में 14-14 टेबल पर मतो की गिनती होगी। ऐसे में गौतमबुद्ध नगर का परिणाम जल्दी आने की उम्मीद है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट की तीन विधानसभा क्षेत्रों की गणना नोएडा के फेज-2 फूलमंडी में होगी। जबकि खुर्जा और सिकंदराबाद विधानसभा की मतगणना बुलंदशहर की नवीन मंडी अनूपशहर रोड पर होगी।

मतो की गिनती सुबह 8 बजे से होगी। फूल मंडी में सबसे पहले ईटीपीबी और डाक मतपत्रों की गिनती होगी। ईटीपीबी की मतगणना के लिए तीन विधानसभा क्षेत्र में 13 टेबल लगेंगी। जबकि डॉक मतपत्रों की मतगणना 10 टेबल पर होगी। इनकी गिनती होने के बाद ईवीएम की मतगणना की जाएगी। नोएडा और दादरी विधानसभा क्षेत्र में बूथों की संख्या 700 से अधिक है। जबकि जेवर खुर्जा व सिकंदराबाद में मतदान बूथों की संख्या 398 से 433 के बीच है।

**349 मतगणना कर्मियों पर होगी जिम्मेदारी**

मतगणना में 349 मतगणना कर्मचारियों को लगाया गया है। हर टेबल पर चार कर्मी होंगे। जबकि 56 कर्मियों को रिजर्व रखा जाएगा। मतगणना स्थल के अंदर मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के प्रयोग पर रोक रहेगी।

**गौतम बुद्ध नगर लोकसभा में हुआ 52.46 प्रतिशत मतदान**

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 15 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला आज हो जाएगा। दोपहर 3 बजे तक परिणाम आने की उम्मीद है। गौतम बुद्ध नगर जिले में कुल 26.75 लाख मतदाता, मतदाता सूची में दर्ज हैं। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा में कुल 1093 मतदान केंद्र व 2771 मतदेय स्थल बनाए गए थे। यहां पांच विधानसभा सीट है। जिसमें नोएडा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 7,82,872 है। दादरी विधानसभा क्षेत्र इस विधानसभा कुल मतदाताओं की संख्या 7,29,481 है। सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र 3,99,091 हैं। खुर्जा विधानसभा क्षेत्र इस विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 3,93,880 हैं। जेवर विधानसभा क्षेत्र इस विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 3,69,824 है।

**एक नजर में**

| विधानसभा | राउंड |
|---|---|
| नोएडा | 36 |
| दादरी | 34 |
| जेवर | 29 |
| खुर्जा | 31 |
| सिकंदराबाद | 31 |

**गौतमबुद्ध नगर में भाजपा, गठबंधन और बसपा के बीच टक्कर**

गौतमबुद्ध नगर में 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। लेकिन कांटे की टक्कर यहां तीन प्रत्याशियों के बीच है। जिसमें वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ये इस बार हैट्रिक लगा सकते है। वहीं सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर और बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी है। इन तीनों ने मतगणना से पहले जमकर चुनावी प्रचार किया।

**थ्री लेयर में मतगणना स्थल की सुरक्षा**

मतगणना स्थल पर थ्री लेयर की सुरक्षा के चक्रव्यूह को इनर काडर, मिडिल काडर और आउटर काडर में बांट दिया गया है। इनर काडर में पैरामिलिट्री फोर्स रहेगी। मिडिल काडर में पीएसी के जवान तैनात रहेंगे और आउटर काडर में सिविल पुलिस की तैनाती की जाएगी। सुरक्षाकर्मी हमेशा मुस्तैद रहेंगे।

**200 मीटर दूर खड़े होंगे वाहन**

स्ट्रॉन्ग रूम समेत पूरे मतगणना स्थल को सीसीटीवी से लैस कर दिया गया है। मतगणना स्थल पर आने वाले लोगों के वाहन 200 मीटर दूर ही खड़े किए जाएंगे। पुलिस अफसर और जिला निर्वाचन अधिकारी बीच-बीच में निरीक्षण कर तैयारियों को परखेंगे।

**ये चीजें मतगणना स्थल पर नहीं ले जा सकेंगे**

मतगणना केंद्र के अंदर जाने वालों की बाकायदा जांच की जाएगी। अंदर मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई मोबाइल लेकर आएगा तो उसे मतगणना स्थल के बाहर ही रखना होगा। इसी तरह हथियार, ज्वलनशील पदार्थ ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा।

# मतगणना स्थल के आसपास रहेगा यातायात परिवर्तन

**जारी किया गया हेल्पलाइन नंबर**

**नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। सेक्टर-88 स्थित फूल मंडी के आसपास वाहनों के रास्तों में बदलाव होगा। सिर्फ मतगणना के काम में लगे वाहनों को ही मंडी के अंदर और आसपास के रास्तों पर जाने की इजाजत होगी। इसके लिए यातायात पुलिस ने योजना तैयार कर ली है। डीएससी-दादरी-सूरजपुर-छलेरा मार्ग पर कुलेसरा हिंडन पुल की तरफ से कोतवाली फेज टू तिराहे तक और ककराला तिराहे से कुलेसरा हिंडन पुल तक सभी प्रकार के वाहनों के चलने पर प्रतिबंध रहेगा। ऐसी स्थिति में सूरजपुर से फेज टू की तरफ आने वाले मालवाहक वाहन कच्ची सड़क तिराहे से दाहिने टर्न कर औद्योगिक एरिया रास्ते से होकर गंतव्य को जा सकते हैं।

भंगेल से सूरजपुर की तरफ जाने वाले वाहन गेझा तिराहे से दाहिने टर्न कर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे, परी चौक होकर गंतव्य को जा सकते हैं। फूल मंडी से सेक्टर-88 चौक तक जाने वाले लोग फेज टू तिराहे से लावा कंपनी तिराहा होकर गंतव्य की ओर जा सकते हैं। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने बताया कि अधिकारी, पार्टी प्रत्याशी, एजेंट और मीडियाकर्मियों के अलावा आम लोग, समर्थक आदि अपने वाहनों को फूलमंडी के चारों ओर सार्वजनिक मार्ग और एक किलोमीटर के दायरे में नहीं खड़े करेंगे। वाहन खड़ा मिलने पर उसके चालान की कार्रवाई करते हुए क्रेन से उठवा लिया जाएगा। यातायात से संबंधित कोई दिक्कत होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर-9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं। उनकी मदद की जाएगी।

**ये रास्ते प्रतिबंधित रहेंगे**

- चार जून को सुबह चार बजे से मतगणना समाप्त होने तक फूलमंडी के आसपास आंतरिक मार्गों पर मतगणना से संबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाहनों का यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।
- फूलमंडी तिराहे से सेक्टर-88 कैंट आरओ चौक तक मार्ग के दोनों ओर यातायात बंद रहेगा। इस रास्ते से केवल आला अधिकारियों के वाहन आ-जा सकेंगे।
- कुलेसरा हिंडन पुल तिराहे से कोतवाली फेज टू तिराहे तक डीएससी रास्ते पर तथा ककराला तिराहे से कुलेसरा हिंडन पुल तक सड़क पर दोनों ओर सभी प्रकार के वाहन नहीं चल सकेंगे।

**प्रत्याशी और पार्टी एजेंट के लिए यहां होगी पार्किंग**


नोएडा शहर से आने वाले प्रत्याशी और उनकी पार्टी के एजेंट अपने वाहनों को डीएससी रोड पर बने पेट्रोल पंप के पास बने यू-टर्न से लेकर हौजरी कॉम्प्लेक्स सेक्टर-83 तिराहा, सॉफकॉन कंपनी तिराहे से यू-टर्न कर एनएमआरसी डिपो तिराहे तक वाहन खड़े कर सकेंगे।

**आम लोग इन रास्तों से आ-जा सकेंगे**

- कुलेसरा से फेज टू की ओर आने वाले वाहन हिंडन पुल तिराहे से बायें मुड़कर पुस्ता मार्ग होते हुए बी ब्लॉक, सेक्टर-88 होते हुए नयागांव तिराहे से सेक्टर-83 व अन्य रास्तों से होते हुए जा सकेंगे।
- भंगेल से सूरजपुर की ओर जाने वाले वाहन ककराला तिराहे से सेक्टर-80 से बायें टर्न लेकर सोरखा गांव चौराहे से बिसरख हनुमान मंदिर गोलचक्कर होते हुए जा सकेंगे।
- सोरखा, सेक्टर-78 से ककराला फेज टू होकर सूरजपुर की तरफ जाने वाले वाहन पर्थला, किसान चौक, बिसरख होते हुए जा सकेंगे।
- सोरखा, सेक्टर-78 ककराला होकर सेक्टर-83, 87 की ओर जाने वाले वाहन सोरखा तिराहे से सेक्टर-76 होकर सेक्टर-101 मेट्रो स्टेशन के नीचे से गंदा नाले के किनारे होकर एनएसईजेड से यू-टर्न कर गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

# प्राधिकरण ने एम3एम की एक सब कंपनी को आवंटित व्यवसायिक भूखंड को किया सील





- ब्रोशर शर्तों का नहीं किया गया पालन
- 1000 करोड़ में दोनों भूखंड का हुआ था आवंटन

**नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। आवंटन निरस्त होने के बाद अब नोएडा प्राधिकरण ने एक भूखंड पर कब्जा ले लिया है। वहीं दूसरे भूखंड पर आज कब्जा लिया जाएगा। इन दोनों व्यवसायिक भूखंड की कीमत करीब 1000 करोड़ के आसपास है। आवंटन के बाद दोनों भूखंड पर कंपनी का साइट पर निर्माण चल रहा था। करीब 20 दिन पहले शासन ने एमथ्रीएम बिल्डर की दो सब्सिडियरी कंपनियों के व्यवसायिक भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया था। आवंटन निरस्त होने के बाद इस संबंध में उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक अनिल कुमार सागर का पत्र नोएडा प्राधिकरण को मिल गया था। जिसके बाद प्राधिकरण ने ये एक्शन लिया।

**इन दो कंपनियों का आवंटन किया गया निरस्त**

प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि आवंटन निरस्त होने के बाद सोमवार को सेक्टर-72 में मैसर्स स्काई लाईन प्रापकॉन प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित व्यवसायिक भूखंड पर निर्माण कार्य को सील करते हुए प्राधिकरण ने कब्जे में लिया। आज सेक्टर-94 में मैसर्स लैविश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड के भूखंड पर कब्जा लिया जाएगा। ये दोनों कंपनी की मदर कंपनी एम3एम है। कुछ महीने पहले शिकायतकर्ता रूप सिंह ने फरवरी 2024 में शिकायत की थी कि प्राधिकरण के ई-ब्रोशर में लिखे नियमों एवं शर्तों का उल्लंघन करते हुए इन दोनों कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए। वर्ष 2022 में इन कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए थे। इस शिकायत प्राधिकरण से जवाब मांगा गया था। 4 अप्रैल को प्राधिकरण एसीईओ ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी। जिसको आधार बनाकर ही आवंटन निरस्त किया गया।

**आवंटन के बाद प्राधिकरण को मिले है 450 करोड़**

आवंटन करने के बाद प्राधिकरण को इन दोनों कंपनियों से अब तक करीब 450 करोड़ रुपए भी मिल गए हैं। आरोप है कि दोनों कंपनियों को पांच लाख रुपए की अतिरिक्त बोली लगाने पर सिंगल बिड के तहत आवंटन किया गया। सेक्टर-94 स्थित भूखंड का रिजर्व प्राइस 827 करोड़ 35 लाख रुपए था और सेक्टर-72 स्थित भूखंड का रिजर्व प्राइस 176 करोड़ 48 लाख रुपए था। इन दोनों भूखंड के लिए सिर्फ पांच लाख रुपए की अतिरिक्त बोली मिलने पर प्राधिकरण ने आवंटन कर दिया।

**ब्रोशर की शर्तों का किया था उल्लंघन**

ऐसे में इस भूखंड को पाने के लिए आवेदक कंपनियों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं हुई। इसके अलावा सब्सिडियरी कंपनी यदि खुद बोली कर्ता है तो उसे स्वयं निर्धारित न्यूनतम अर्हता जैसे कि नेटवर्थ, सालवेंसी एवं टर्न ओवर पूरी करने की शर्त है।

# दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर विकसित किया जा रहा प्रभावी वर्षा जल संचयन तंत्र

**गाजियाबाद,** 3 जून (देशबन्धु)। दिल्ली से मेरठ के बीच बन रहे देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडोर पर वैश्विक पर्यावरण लक्ष्यों के अनुरूप वर्षा जल संचयन के लिए प्रभावी तंत्र तैयार किया जा रहा है। इसके तहत दिल्ली के सराय काले खां से लेकर मेरठ के मोदीपुरम तक के एलिवेटेड वायडक्ट, स्टेशनों और डिपो में 900 से ज्यादा वर्षाजल संचयन पिट्स बनाए जा रहे हैं। इनमें से लगभग 75 प्रतिशत से ज्यादा का काम पूरा हो चुका है और बाकी का कार्य प्रगति पर है। इन पिट्स के जरिए लाखों क्यूबिक मीटर ग्राउंड वॉटर रिचार्ज होने की अपेक्षा है।



- दिल्ली से मेरठ तक बनाए जाएंगे 900 से ज्यादा वर्षाजल संचयन पिट्स
- 75 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूर्ण

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि कॉरिडोर के एलिवेटेड हिस्से में बनाए जा रहे ये वर्षा जल संचयन पिट्स एलिवेटेड वायाडक्ट स्पैन पर इस तरीके से बनाए जाते हैं, जिससे वर्षा-जल का अपने वास्तविक रूप में संग्रहण किया जा सके। चूंकि आरआरटीएस कॉरिडोर का ज्यादातर हिस्सा सड़क मार्ग के बीच से होकर जाता है, इसलिए यह पिट्स अधिकतर सड़क के बीच में मीडियन पर बनाए जा रहे हैं। वहीं स्टेशनों पर भी प्रत्येक प्रवेश-निकास द्वारों के पास 2-2 वर्षा जल संचयन पिट्स विकसित किए जा रहे हैं। इस कॉरिडोर पर ट्रेनों के रखरखाव और संचालन के लिए दो डिपो होंगे। एक डिपो दुहाई, गाजियाबाद में बनकर तैयार हो चुका है और दूसरा मोदीपुरम मेरठ में निर्मित किया जा रहा है। दुहाई डिपो में 20 से ज्यादा वर्षा जल संचयन पिट्स बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आरआरटीएस कॉरिडोर पर 34 किमी के सेक्शन में साहिबाबाद से मोदी नगर नॉर्थ तक नमो भारत ट्रेनों का संचालन जनता के लिए शुरू हो चुका है। इस सेक्शन में वर्षा जल संचयन पिट्स तैयार हो चुके हैं और सक्रिय कर दिए गए हैं। इसके साथ ही कॉरिडोर के अन्य हिस्सों के निर्माण के साथ-साथ इनका निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा चुनाव की मतगणना आज

- प्रत्याशियों व समर्थकों को बढ़ी धड़कन
- प्रेक्षक ने डाला डेरा, प्रशासन ने तैयारी की पूरी



**एक नजर मतदान पर**

कुल मतदाता - 29,45,487
पड़े मत - 14,68,710
प्रत्याशी - 14
मतदान प्रतिशत - 49.86

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोक सभा चुनाव की मतगणना शुरू होने में अब चंद घंटे बचे हैं। जिसके चलते जहां प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की धड़कन बढ़ गई है वहीं जिला प्रशासन व पुलिस निष्पक्ष मतगणना कराने की तैयारी पूरी कर ली है। साथ ही प्रेक्षकों ने भी गाजियाबाद में डेरा डाल दिया।।

कल सुबह 8:00 बजे गोविंदपुरम अनाज मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच मत करना शुरू हो जाएगी। उधर मत करना के लिए मुख्य विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों ने मतगणना में लगने वाले 500 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाया। मुख्य विकास विकास अधिकारी नाम मतगणना में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों से कहा कि वह अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें और निष्पक्ष मतगणना करने में अपना पूरा सहयोग करें। गाजियाबाद लोक सभा क्षेत्र सेट देश की हॉट सीटों में से एक एक है। जिसमें कुल 14 प्रत्याशी हैं। प्रमुख प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी के अतुल गर्ग, कांग्रेस व सपा गठबंधन की डोली शर्मा व बहुजन समाज पार्टी के धीरेंद्र सिंह पुंडीर प्रमुख प्रत्याशी हैं। जिनके भाग्य का फैसला मंगलवार को होना है। 26 अप्रैल को हुए मतदान में गाजियाबाद में करीब 14 लाख 68 हजार 710 मत पड़े थे। मंगलवार को गोविंदपुरम अनाज मंडी प्रांगण में मतगणना होनी है। जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मतगणना में 500 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो निष्पक्ष मतगणना कराने में अपना सहयोग देंगे। उधर कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा एक प्रतिनिधि मंडल के साथ जिलाधिकारी से मिली और निष्पक्ष मत करना करने की जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि मतगणना पूरी निष्पक्षता के साथ कराई जाएगी।

# भीषण गर्मी में राहत : राहगीरों के लिए तिरपाल पेयजल के लिए प्याऊ


**चौराहों पर रखवाए जाए पानी के मटके, लगाए जाएं अस्थाई प्याऊ : नगर आयुक्त**



**गाजियाबाद,** 3 जून (देशबन्धु)। बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम रहागिरियों को धूप से बचाव के लिए रेड लाइट सिग्नल पर तिरपाल लगाने तथा पेयजल की व्यवस्था करने के लिए अस्थाई रूप से मिट्टी के मटके रखवा रहा है। जिसके लिए महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा नजारत प्रभारी डॉक्टर अनुज को निर्देश दिए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बढ़ती गर्मी के ताप को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक दुरुस्त किया जा रहा है। वाटर एटीएम के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था राहगिरियों के लिए की हुई है इसके अलावा भी अनेकों स्थान पर अस्थाई रूप से मिट्टी के मटके रखवा कर पियाऊ की व्यवस्था भी की जा रही है। मंदिरों व मस्जिदों के बाहर व अन्य धार्मिक स्थलों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर पेड़ों की छांव में अस्थाई रूप से प्याऊ लगाने के लिए कहा गया है। धूप को देखते हुए नगर आयुक्त ने रेड लाइट सिगनलों पर तिरपाल की व्यवस्था कराई जा रही है मेरठ रोड, हापुर मोड, कलेक्ट्रेट के बाहर, मोहन नगर चौराहे, साहिबाबाद सब्जी मंडी के बाहर, कार्रवाई कराई जाएगी। डॉ. अनुज ने बताया कि नगर आए तो शहर के लगभग 25 से 30 स्थान पर धूप से बचाव हेतु ट्रैफिक सिगनलों पर आवश्यकता अनुसार तिरपाल की व्यवस्था कराई जाएगी। महाप्रबंधक जल ने बताया कि ऐसे स्थान जहां पेड़ों की छाया होगी वहां पर 40 से 45 स्थान पर अस्थाई रूप से प्याऊ लगाए जाएंगे राहगिरियों को प्यास लगने पर पानी पीने से राहत मिलेगी।

# शहर को धूल मुक्त बनाने बनाने के लिए निगम ने किया मैकेनाइज्ड सिस्टम को मजबूत

- नगर आयुक्त ने रोड स्वीपिंग की बढ़ाई मॉनिटरिंग





**गाजियाबाद,** 3 जून (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत लगातार रोड स्वीपिंग मशीन के द्वारा शहर को धूल मुक्त बनाने का कार्य तेजी से होता दिखाई दे रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में मैकेनाइज्ड सिस्टम बेहतर कार्य कर रहा है प्रमुख मार्गों के साइड से धूल हटाने का कार्य, ग्रीन बेल्ट की सफाई का कार्य, डिवाइडरों की सफाई का कार्य, शहर में लगे हुए स्टेशन की सफाई का कार्य भी मैकेनिक तरीके से किया जा रहा है जिससे गाजियाबाद नगर निगम को सहूलियत मिली है साथ ही कार्य की तीव्रता भी दिखाई दे रही है।

नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार शहर के पांचो जोन में मैकेनाइज्ड सफाई व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है शौचालयों की सफाई भी मैकेनाइज्ड सफाई व्यवस्था के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग कर रहा है नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में शहर के प्रमुख चौराहों प्रमुख स्थलों का पानी से धुलाई का कार्य भी नियमित कराया जाता है, सड़कों की धूल जो की सफाई के बाद भी गंदगी में तब्दील हो जाती थी उसको रोकते हुए रोड स्वीपिंग मशीन के द्वारा सड़क की धूल को भी हटाने का कार्य लगातार चल रहा है शहर के अंदर लगभग 9 रोड स्वीपिंग मशीन चल रही हैं, पानी की टैंकर जिनके द्वारा धुलाई का कार्य भी कराया जाता है, रखरखाव का कार्य ओम स्वच्छता कारपोरेशन के माध्यम से कराया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग गाजियाबाद नगर निगम के संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

सेक्टर 22 डी में 15 जून को टाउनशिप की योजना आएगी। योजना में कुल पांच भूखंड है। जिसमें 25 एकड़ तीन, 48 एकड़ के एक, 33.6 एकड़ के एक भूखंड है। 15 जून को निर्बल आय वर्ग के लिए 30 वर्गमीटर के छह हजार भूखंड की योजना आएगी। योजना सेक्टर-18, 20 और 17 में है।

**डॉ. अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे**

# यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण पर अगले सप्ताह से चलेगा बुलडोजर

- **अवैध निर्माण ध्वस्त होने पर दोबारा करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**
- **यमुना प्राधिकरण ने टप्पल, जेवर, झाझर व जेवर बांगर में 38 कॉलोनियों को किया चिन्हित**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण और कॉलोनी बनाने वालों की शामत आने वाली है। प्राधिकरण ने ऐसे अवैध कॉलोनी को चिन्हित किया जहां पर कॉलोनाइजरों की तरफसे भूखंड काट कर बेचा जा रहा है। प्राधिकरण ऐसे 38 कॉलोनाइजरों को धारा-10 के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण करने की चेतावनी दी है। जहां पर एक बार अवैध निर्माण को प्राधिकरण पहले ध्वस्त कर चुका है, वहां पर दोबारा निर्माण किया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ प्राधिकरण ने सख्त करने का निर्णय लिया है। साथ ही अवैध निर्माण पर नजर रखने के लिए प्राधिकरण ने लेखपाल और जूनियर इंजीनियर की टीम गठित की है। टीम अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन दौरा करेंगे और जहां पर अवैध निर्माण चल रहा है उसकी सूची प्रतिनिधि अपने विभागाध्यक्ष को देंगे।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरूणवीर सिंह ने सोमवार को हर विभाग की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान सीईओ ने अवैध निर्माण को लेकर सख्त कदम उठाने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। प्राधिकरण ने अलीगढ़ के टप्पल, जेवर, झाझर, जेवर बांगर ने कई माह पहले अभियान चलाकर दर्जनों ने अवैध निर्माण और कॉलोनियों को ध्वस्त किया था। प्राधिकरण सीईओ को शिकायत मिली है कि यहां पर दोबारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। इस पर सीईओ ने सख्ती नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोबारा अवैध निर्माण करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराने के साथ नोटिस देकर अवैध निर्माण को एक सप्ताह के अंदर ध्वस्त किया जाए। जहां पर भी अवैध निर्माण चल रहा है धारा 10 का नोटिस जारी किया और उसके बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए। सीईओ ने प्रोजेक्ट और भूलेख विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोनों विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि अवैध निर्माण को रोके। इसके लिए लेखपाल और प्रोजेक्ट विभाग के जूनियर इंजीनियर की टीम गठित की है।

टीम को निर्देश दिया कि हर दिन अपने क्षेत्र का दौरा करेंगे और जहां पर भी अवैध निर्माण चल रहा है उसे रोके और नोटिस भी जारी करें। इसके सूची तैयार करके अपने विभागाध्यक्ष को देंगे। टप्पल में प्राधिकरण ने भू-अर्जन का प्रस्ताव तैयार किया है। टप्पल नगरपालिका के तहत आने वाले कई गांवों को डी-नोटिफाइड करके यमुना प्राधिकरण में शामिल किया गया। इसके बाद भी नगरपालिका से डि-नोटिफाइड गांव में अवैध कालोनी विकसित की जा रही है। सीईओ ने अधिकारियों से कहा कि भू-अर्जन का जो प्रस्ताव तैयार किया गया है अधिकारी मौके पर जाकर देखे कि प्रस्ताव में कितनी जमीन को शामिल किया गया है, अगर कुछ गांव की जमीन को भू-अर्जन प्रस्ताव में शामिल नहीं किया है उन्हें भी शामिल किया जाए। जिससे अवैध निर्माण पर रोक लगाया जा सके।

## यीडा के पांच गांव के किसानों को आबादी भूखंड मिलने का रास्ता साफ

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव के बाद यमुना प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण के बदले किसानों को मिलने सात फीसदी आबादी आवंटन की प्रक्रिया तेज कर दी है। प्राधिकरण जल्द ही पांच गांव के किसानों को सात फीसदी आबादी का भूखंड आवंटित करेगा। इससे पहले इन गांवों के किसानों की सूची प्रकाशित किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में सोमवार को समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सात फीसदी आबादी के पात्र किसानों को जल्द भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाए। किसानों को आबादी भूखंड का आवंटन करने के साथ विकास कार्य भी तुरंत शुरू कर दिया जाएगा। पांच गांव के सैंकड़ों किसानों को इसका लाभ मिल सकता है।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने लोकसभा चुनाव से पहले पांच गांव के किसानों को सात फीसदी आबादी का भूखंड देने के लिए उनकी सूची तैयार कर अनुमोदित हो गया था। आचार संहिता लगने के कारण पात्र किसानों की सूची का प्रकाशन नहीं हो पाया था। प्राधिकरण ने छह जून को इनकी सूची प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। इनमें धनौरी गांव के करीब 900, रामपुर बांगर के 400, निलौनी शाहपुर 347, रौनीजा के 300 किसानों को आबादी का भूखंड आवंटित किया जाना है।

## यमुना प्राधिकरण 15 जून को लाएगा 30 वर्ग मीटर आवासीय भूखंड की योजना

- **प्राधिकरण टाउनशिप के लिए भी 15 जून को ही लाएगा भूखंड की योजना**

**ग्रेटर नोएडा।** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद यमुना एक्सप्रेस वे जून में आवासीय, बैंकट हाल, टाउनशिप, संस्थागत, धार्मिक गतिविधियों, कारपोरेट आदि के लिए भूखंड की योजना लाने जा रहा है। कौन सी योजना कब आएगी प्राधिकरण ने इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है। मतगतणना होने के बाद आचार सहिंता खत्म होते ही प्राधिकरण एक के बाद एक योजना लाने के लिए तिथि निर्धारित कर लिया है। यमुना एक्सप्रेस वे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह ने बताया कि सेक्टर 22 डी में 15 जून को टाउनशिप की योजना आएगी। योजना में कुल पांच भूखंड है। जिसमें 25 एकड़ तीन, 48 एकड़ के एक, 33.6 एकड़ के एक भूखंड है। 15 जून को निर्बल आय वर्ग के लिए 30 वर्गमीटर के छह हजार भूखंड की योजना आएगी। योजना सेक्टर-18, 20 और 17 में है। संस्थागत योजना के तहत नर्सिंग होम, स्पेशल चाइल्ड, दिव्यांग, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ट्रेनिंग सेंटर, धार्मिक गतिविधियों, ओल्ड ऐज होम के लिए, कारपोरेट आफिस के लिए 12 जून को योजना आएगी। वैकेंट हाल के लिए 10 जून को योजना आएगी। सीईओ ने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले प्राधिकरण ने आठ योजनाएं लांच की थी। इन योजनाओं का ड्रा और साक्षात्कार की प्रक्रिया भी जून में पूरी करके भूखंड आवंटन कर दिया जाएगा।

# ग्रेनो के प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगाने की पुलिस विभाग को भेजी सूची

- **सेफ सिटी परियोजना और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत लगाए जाएंगे 2300 से अधिक कैमरे**
- **350 से अधिक किए गए हैं चिन्हित, पुलिस अधिकारियों के सुझाव पर बढ़ सकती है स्थानों की संख्या**
- **कैमरे लगाने वाली कंपनियों से भी मांगा गया है सुझाव**

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की कवायद तेज कर दी गई है। चिन्हित किए गए 350 से अधिक स्थानों की सूची तैयार कर पुलिस विभाग को भेज दी गई है। अधिकारियों के सुझावों पर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। महत्वपूर्ण परियोजना होने की वजह से अधिकारियों द्वारा इसकी बार-बार मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं कैमरे लगाने वाली कंपनियों से भी सुझाव मांगा गया है। उम्मीद है कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद निविदा जारी कर दी गई है।

दरअसल सिटी सिटी परियोजना और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम और निर्भया योजना के तहत ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं। इस संबंध में शासन द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

यह परियोजना शासन की प्राथमिकता में शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा शहर के सभी प्रमुख चौराहों, मार्केट, सेक्टरों के गेट व इंट्री प्वाइंट्स पर लगभग 2300 अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश कैमरे लगाए जाने हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन और क्राइम स्पॉट के लिहाज से संवेदनशील स्थानों को सर्वे में प्राथमिकता के आधार पर रखा गया था। इसका कंट्रोल रूम ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑफिस में होगा।

पूरे शहर को कैमरे से आच्छादित करने के लिए परीचौक, एलजी गोलचक्कर, अमृतपुरम, पी- थ्री, सूरजपुर, इंट्री प्वाइंट सहित सभी गोलचक्कर, मार्केट व सेक्टरों के गेट अलावा 350 से अधिक ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं। इसकी सूची पुलिस विभाग को भेज दी गई है। पुलिस अधिकारियों के सुझाव पर अमल करते हुए परियोजना को मूर्तरूप देने का काम किया जाएगा। अधिकारियों के सुझावों के आधार पर उन स्थानों को बढ़ावा जा सकता है, जो सर्वे में छूट गए हैं।

## पहले से लगे कैमरों को भी कंट्रोल रूप से जोड़ा जाएगा

शहर के औद्योगिक व आवासीय सेक्टरों में आरडब्ल्यूए व उद्यमी संगठनों द्वारा कुछ कैमरे लगाए हैं। ऐसे कैमरों को भी कंट्रोल रूप से कनेक्ट किए जाने की तैयारी है। इन कैमरों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**यूपीसीडा द्वारा लगाए गए 32 कैमरे**

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के अंतर्गत आने वाले ग्रेटर नोएडा के पांच औद्योगिक सेक्टरों सूरजपुर साइट-बी, सी, कासना साइट-4, 5 व ईपीआईपी में लगभग 38 लाख रुपए की लागत से 32 कैमरे लगाए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों की पुलिस विभाग द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी।

## बंधक बनाकर पीटने के मामले में विवि का बाउंसर गिरफ्तार

**दनकौर,** 3 जून (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के दो बाउंसरों पर वहां काम करने वाले 8 लोगों को बंधक बनाकर बेरहमी पीटने का आरोप लगा है। पुलिस इस मामले में सोमवार को एक आरोपी बाउंसर को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है। रीलखा गांव के रहने वाले अमित, विकास, अनिल, विनोद, दीपक, नरेंद्र, उदय और बबलू क्षेत्र में स्थित नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में वर्ष 2019 से गाड़ी चलाते है।




सभी का आरोप है कि कुछ बाउंसर उनको काफी समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि यूनिवर्सिटी में तैनात कुछ लोग बाउंसरों के साथ मिलकर उन पर गाड़ियों से तेल चोरी करने का आरोप लगाते थे। उनका कहना है कि शनिवार को सभी लोगों में इसका विरोध किया जिसके चलते बाउंसरों ने उन्हें बंधक बना लिया। आरोप है कि इसके बाद उनको कमरे में बंधक बनाकर लाठी डंडों और लात घूंसों से जमकर पिटाई की गई थी। घटना में कई लोगों को गंभीर चोटें आई थी। घटना के बाद सभी घायल कोतवाली पहुंचे और पुलिस से मामले की शिकायत की थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी बाउंसर कौशल को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि अमित नाम का अभी फरार चल रहा है। कोतवाल प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस जुटी हुई है। उसको भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## साइबर सुरक्षा सम्मेलन में अपराध को रोकने पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा और क्रिप्टोलॉजी केंद्र ने साइबर सुरक्षा में हालिया विकास पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन किया। सम्मेलन ने सरकारी नीति निर्माताओं, साइबर सुरक्षा पेशेवरों, प्रौद्योगिकी और सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान किया, ताकि प्रतिनिधि अपने संगठनों के महत्वपूर्ण नेटवर्क बुनियादी ढांचे को साइबर लचीला बनाने के लिए घरेलू विचारों को ले सकें। इस दौरान 11 प्रतिशत से भी कम पेपर मौखिक प्रस्तुति के लिए स्वीकार किए गए हैं। साइबर हमलों को रोकने को लेकर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। फॉरेंसिक गुरु डॉट कॉम के संस्थापक और डिजिटल इन्वेस्टिगेटर्स एसोसिएशन व साइबर सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष समीर दत्त ने सोशल इंजीनियरिंग का उपयोग करके साइबर अपराधों में नवीनतम प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला और ऐसे उपकरण की आवश्यकता पर जोर दिया जिसके माध्यम से ऐसे हमलों को विफल किया जा सके। रक्षा और खुफिया जगत के अधिक जुड़े होने का मतलब है कि युद्धक विमानों को पहले से कहीं अधिक तेजी से और अधिक सटीक रूप से जानकारी प्राप्त होती है। हालांकि इस बढ़ी हुई कनेक्टिविटी का मतलब यह भी है कि साइबर हमलों, डेटा लीक और अन्य आईटी सुरक्षा उल्लंघनों के लिए अधिक अवसर हैं। विश्वविद्यालय के डीन रिसर्च डॉ. भुवनेश कुमार, डीन रिसर्च ने अपने भाषण के दौरान साइबर हमलों से खुद को बचाने, साइबर युद्ध के लिए तैयार होने और नए नवाचारों के साथ साइबर डोमेन के भीतर अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। दौरान आधुनिक मामलों के अध्ययन और एआई और डीप लर्निंग का उपयोग करके नवीन समाधानों की आवश्यकता पर चर्चा की।

## जीबीयू फूड सुरक्षा व स्टैंडर्ड के लिए बना ईट राइट कैंपस

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसआई) ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को 'ईट राइट कैंपस' घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एक आवासीय विश्वविद्यालय है जिसमें 5000 से अधिक छात्रों-छात्राओं के छात्रावास में रहने की व्यवस्था है। ईट राइट कैंपस प्रमाणीकरण, खानपान की वस्तुओं की गुणवत्ता हेतु वैज्ञानिक मानक निर्धारण के साथ ही उत्पादन, भण्डारण, वितरण आदि की गुणवत्ता के आधार पर दिया जाता है। एफएसएसआई की इस पहल का उद्देश्य सुरक्षित स्वास्थ्य एवं पोषण युक्त भोजन तंत्र विकसित करना है। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का 'ईट राइट कैंपस' प्रमाणीकरण अगले 2-वर्ष के लिए वैध होगा। यह प्रमाणीकरण ऐसे संस्थानों को दिया जाता है जहां सुरक्षित, स्वस्थ एवं पोषण युक्त खानपान की व्यवस्था होती है। यह न केवल विश्वविद्यालय के भोजनालयों में सुरक्षित, स्वास्थप्रद एवं पोषण युक्त होने का प्रमाणीकरण है अपितु भविष्य की दृष्टि से छात्र-छात्राओं में खान-पान संबंधी स्वस्थ आदतें विकसित करने पर जोर देने की प्रतिबद्धता है। इस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी और छात्र-छात्राओं का संतुष्टि एवं स्वस्थ्य सूचकांक बढ़ाने की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि बताया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के भोजनालयों एवं छात्रावासों में विश्वस्तरीय मानक स्थापित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक प्रोफेसर एन. पी. मलकानिया, प्रभारी छात्र कल्याण, मुख्य छात्रावास अभिरक्षक (पुरुष एवं महिला), विभिन्न छात्रावासों के छात्रावास अभिरक्षक तथा कम्पस के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## नौ लाख की लूट के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। महज दो दिन में नौ लाख की लूट का खुलाशा करते हुए पुलिस ने तीन बदमाशों को लूट की पूरी रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना बीटा-2 क्षेत्रान्तर्गत साइट-4 ग्रेटर नोएडा में स्थित कम्पनी श्री कृष्णा लेमिनेटस कंपनी जी-16 साइट-4 से टीसीएस मार्केटिंग ए-6 मंगोलपुरी इण्डस्ट्रीयल एरिया दिल्ली द्वारा अपने कैश कलैक्शन एजेंट संतोष पुत्र राजकुमार निवासी कीर्ति नगर दिल्ली को कैश लेने के लिए अपनी निजी कार ब्रेजा रंग सफेद नम्बर डीएल 8 सीबीएफ 1634 से ग्रेटर नोएडा भेजा गया था। सन्तोष द्वारा श्री कृष्णा लेमिनेटस कंपनी जी-16 साइट-4 से 9 लाख रूपए कैश प्राप्त कर अपनी कार में रखकर ले जाते समय किया मोटर्स के शोरूम साइट-4 के बराबर में मोटर साइकिल सवार दो बदमाशों द्वारा कार को रूकवाकर कार चालक संतोष को पिस्टल दिखाकर कार में रखा 9 लाख रूपए से भरा बैग लूटकर ले गए थे। ग्रेटर नोएडा एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि कलेक्शन एजेंट से लूट के मामले में थाना दो व स्वाट टीम ने मैन्युअल इंटेलिजेंस व तकनीकी सबूतों के आधार पर तीन आरोपियों को रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया।

## पर्यावरण व स्थिरता विकास पर आयोजित प्रदर्शनी में जुटेंगी बहुराष्ट्रीय कंपनियां

**ग्रेटर नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण एक्सपो 2024 का आयोजन 5 जून से 7 जून तक इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर, ग्रेटर नोएडा में शुरू हो रहा है। स्थिरता और जलवायु क्षेत्र से लगभग बीस हजार व्यापारिक संगठन ग्रेटर नोएडा में एक छत के नीचे एक साथ आएंगे। भारतीय प्रदर्शनी सेवाएं और ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया सतत विकास पर अपना यह सबसे बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। आयोजक ने बताया कि इस कार्यक्रम में कुछ सबसे बड़ी कंपनियों और सबसे महत्वपूर्ण संस्थानों, कॉर्पोरेट अधिकारियों, उद्यमियों, हरित नवप्रवर्तकों, निवेशकों, सरकारी एजेंसियों, अग्रणी उद्योग पेशेवरों, निवेशकों और विशेषज्ञों के प्रमुख विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। यह दुनिया भर के स्टार्टअप्स, स्केलअप्स, निवेशकों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से एक ही स्थान पर जुड़ने का अवसर है। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 20 से अधिक महापौर उपस्थित रहेंगे। आरडब्लूए परिसंघ-उत्तर प्रदेश (सीओआरडब्ल्यूए-यूपी), फ्लैट ओनर्स फेडरेशन गाजियाबाद और ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया भारतीय प्रदर्शनी सेवाओं के सहयोग से मुख्य विषय 'अपशिष्ट और जल प्रबंधन' पर बात करेंगे।

यह प्रदूषण नियंत्रण उपकरण और प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, सौर पैनल और सौर उत्पाद, सफाई और स्वच्छता उपकरण, हरित नवाचार, ऊर्जा दक्षता उपकरण और प्रौद्योगिकियां, पर्यावरण अनुकूल उत्पाद, जल संरक्षण प्रौद्योगिकियां और जल प्रदूषण नियंत्रण प्रौद्योगिकी पर 5वीं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी है। भारत और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण प्रौद्योगिकी और उपकरण निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण प्रौद्योगिकी, सेवाओं, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, टिकाऊ भवनों, जल प्रबंधन, नए नवाचारों, ऊर्जा दक्षता और उद्योग विकास प्रवृत्तियों के क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए एक बी 2 बी व्यापार मंच है।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# सपा ने प्रेसवार्ता कर मतगणना में गड़बड़ी की जताई आशंका

- **मतगणना में धांधली रोकने के लिए सपा रहेगी चौकन्नी**




**ग्रेटर नोएडा,** 3 जून (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 4 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा पार्टी जिला कार्यालय पर एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने बताया कि भाजपा द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए मतगणना में गड़बड़ी करने की आशंका है। मतगणना में धांधली रोकने के लिए समाजवादी पार्टी चौकन्नी रहेगी।

जिसके लिए पार्टी के मतगणना एजेंटों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है और मतगणना स्थल के बाहर भी भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। समाजवादी पार्टी भाजपा द्वारा की जा रही मतगणना में धांधली की साजिश को नाकाम करने का काम करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में अपनी हार नजर आ रही है। जिस वजह से वह मतगणना में हेरा फेरी करने की साजिश रच रही है। न्यूज चैनल पर चल रहे एग्जिट पोल भी उसकी साजिश का हिस्सा है, जिस देश की जनता का ध्यान भटकाया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर, वीरसिंह यादव, फकीर चंद नागर, महानगर अध्यक्ष आश्रेय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बिजली कटौती को लेकर सपा के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा।** दादरी नगर और आसपास के गांव में हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफसोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धूम मानिकपुर, दादरी स्थित बिजली घर का घेराव कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भयंकर गर्मी के बीच जनपद में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल है। दादरी नगर क्षेत्र और आसपास के गांव में स्थिति और ज्यादा खराब है। इस क्षेत्र में मात्र 5 से 6 घंटे बिजली दी जा रही है। गर्मी में बढ़ती बिजली की मांग को लेकर बिजली विभाग की कोई तैयारी नहीं थी, जिस कारण यह संकट और ज्यादा गहरा हो गया। बिजली संकट के लिए बिजली विभाग की लापरवाही एवं विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा के जनप्रतिनिधि द्वारा समस्या के निदान के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। भाजपा सरकार का बिजली देने में नाकाम साबित हो रही है। इस मौके पर मुख्य रुप से पूर्व जिलाध्यक्ष फकीर चंद नागर, सुधीर तोमर, अनीस अहमद, विपिन सैन, दीपक नागर, मोहित नागर, सुरेन्द्र नागर, जुगती सिंह, रोहित मत्ते गुर्जर, कुंवर नादिर अली आदि मौजूद रहे।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310**
**जिला गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर-खोदनाखुर्द की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-के.एच.ओ.97, भूखण्ड संख्या-83 पाकेट बी, क्षेत्रफल 1170 वर्ग मीटर श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व0 श्री टेकन, श्रीमती बत्तन पत्नी श्री टेकन, श्रीमती कुन्ती देवी पुत्री स्व० श्री टेकन, सर्वश्री सतवीर, जय कुमार, राम कुमार पुत्र स्व० श्री नत्थू सिंह, श्रीमती सोना देवी पत्नी स्व० श्री नत्थू सिंह, निवासी-ग्राम-खोदनाखुर्द, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्रीमती बत्तन पत्नी श्री टेकन की मृत्यु के उपरांत इनके श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व० श्री टेकन, सर्वश्री सतवीर, जय कुमार, राम कुमार पुत्र स्व0 श्री नत्थू सिंह, श्रीमती सोना देवी पत्नी स्व० श्री नत्थू सिंह, श्रीमती कुन्ती (विवाहित) पुत्री स्व0 श्री टेकन, श्रीमती संतरा (विवाहित), श्रीमती रकमवती (विवाहित), श्रीमती संतो देवी (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री नत्थू सिंह निवासी ग्राम खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व० श्री टेकन, सर्वश्री सतबीर, जय कुमार, राम कुमार पुत्र स्व0 श्री नत्थू सिंह, श्रीमती सोना देवी पत्नी स्व० श्री नत्थू सिंह, निवासी ग्राम खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके श्री चन्द्रपाल पुत्र स्व० श्री टेकन, सर्वश्री सतवीर जय कुमार राम कुमार पुत्र स्व० श्री नत्थू सिंह, श्रीमती सोना देवी पत्नी स्व० श्री नत्थू सिंह, निवासी-ग्राम-खोदनाखुर्द, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 में पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम आछेपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर में कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 706/एस0टी0/एस0डी0एम0/2022 दिनांक 18.05.2022 के अनुसार मृतक स्व0 श्री विजयपाल पुत्र श्री दीपा व श्रीमती सीमा देवी पत्नी विजयपाल निवासी ग्राम आछेपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चांदपुर | 292 | श्री विजयपाल पुत्र श्री दीपा व श्रीमती सीमा देवी पत्नी विजयपाल निवासी ग्राम आछेपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री चिन्टू | पुत्र | 19 वर्ष | |
| | | | श्री यश | पुत्र | 14 वर्ष | |
| आछेपुर | 156 | | | | | |

उपरोक्त पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में लिखित रूप से दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड अन्य लाभों हेतु दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

**नई दिल्ली, मंगलवार 4 जून 2024**

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# बड़े फैसले का दिन

कई विवादों के बीच 18वीं लोकसभा के लिये हुए मतदान के परिणाम मंगलवार को घोषित होंगे जिससे तय हो जायेगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनती है या जनता उन्हें हटाकर विकल्प के रूप में उभरे इंडिया गठबन्धन को सरकार का आसन प्रदान करती है जिसका नेतृत्व कांग्रेस करेगी। यह भी देखना होगा कि इंडिया गठबन्धन सरकार की ओर से कौन प्रधानमंत्री बनाया जाता है। इन नतीजों को लेकर एक उत्सुकता और भी है, वह यह कि भाजपा द्वारा 370 तथा उसके नेतृत्व में बने एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस) के भरोसे 400 सीटें लाने का दावा कितना खरा उतरता है। हालांकि अब यह लड़ाई पार्टी एवं चेहरों से बढ़कर 'निरंकुशता बनाम लोकतंत्र' की हो चुकी है। इसलिये मंगलवार का दिन बड़े फैसले का है।

सात चरणों में चली मतदान प्रक्रिया समाप्त होते और नतीजों के आते-आते पूरा देश भीषण गर्मी में तप रहा है। कई लोगों की इसके कारण होने वाली मौतों के चलते केन्द्रीय निर्वाचन आयोग का यह निर्णय (लम्बी प्रक्रिया का) सवालों के घेरे में तो है ही, उसकी भूमिका सतत संदिग्ध रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को अपनी प्रेस कांफ्रेंस में इसे एक गलती माना है। बड़ी बात यह है कि विपक्ष को लगातार शिकायत रही है कि आयोग सीधे-सीधे सरकार के पक्ष में काम करता दिखा है। फिर वह चाहे चुनावी कार्यक्रम बनाने का मसला हो या फिर भाजपा के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी समेत बड़े नेताओं को मानो आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने की छूट मिली हो। मोदी के लगभग सारे भाषणों में घोर सांप्रदायिकता की श्रेणी में आने वाले बयान थे लेकिन उनकी ओर से अनसुनी कर आयोग केवल विपक्षी दलों के नेताओं पर चाबुक चलाने में तत्पर रहा। कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर तथा उसके अनेक पिछले कामों के बारे में खुल्लमखुल्ला झूठ बोलकर श्री मोदी ने चुनावी माहौल को बहुत ही विषाक्त बनाया। उन्होंने धर्म का भी भरपूर उपयोग किया ताकि वोटों का ध्रुवीकरण किया जा सके।

लगभग डेढ़ वर्ष पहले तक जिन मोदी एवं भाजपा के लिये 2024 का चुनाव बेहद आसान माना जाता था, उसकी तस्वीर राहुल गांधी की दो यात्राओं ने बदल दी। मोदी-भाजपा के बरक्स चेहरे, विमर्श तथा संगठन तीनों ही स्तरों पर विकल्प तैयार हुए। इतना ही नहीं, संयुक्त विपक्ष भी खड़ा हुआ जो थोड़ी बहुत कमजोरियों व प्रारम्भिक कठिनाइयों के बावजूद सत्तारुढ़ दल को मजबूत टक्कर देने में कामयाब दिख रहा है और इसी के बल पर माना जा रहा है कि 370-400 तो दूर की कौड़ी है, भाजपा को सरकार बनाने के भी लाले पड़े हैं। बहुमत के लिये आवश्यक 272 का जादुई आंकड़ा भाजपा की पकड़ से दूर दिखता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का विवाद भी रहा है जिसे लेकर माना जा रहा है कि भाजपा को अगर कोई जीत दिला सकती है तो वे यही मशीनें हैं जिनके बारे में भाजपा, उसकी सरकार व निर्वाचन आयोग को छोड़कर सभी मानते हैं कि उसकी कार्यपद्धति दोषपूर्ण है। यानी वह जनता के फैसले को सही तौर पर वोटों में नहीं बदलती। इसकी बजाये पुरानी प्रणाली यानी बैलेट पेपर के जरिये ही मतदान कराने की गुहार लेकर सुप्रीम कोर्ट गये वरिष्ठ वकीलों तथा लोकतंत्र के पक्ष में काम करने वाले स्वयंसेवी संगठनों ने भरसक कोशिश की थी कि यह व्यवस्था या तो खारिज हो अथवा पूर्णत: दोषमुक्त हो; लेकिन बात बनी नहीं। इस चुनाव में भी ईवीएम सरकार के पक्ष में ही काम कर सकती है- इसका अंदेशा बहुतेरों को है। यह मतदान भी इसी संदेहास्पद मशीनों के जरिये हो रहा है इसलिये इंडिया के घटक दलों ने अपने कार्यकर्ताओं व पोलिंग एजेंटों को चौकन्ना रहने को कहा है। हालांकि उनकी निगरानी की एक सीमा है और अगर मशीनों के भीतर दर्ज जनता के निर्णयों को किसी तकनीक के बल पर बदला जाता है तो वे सिवा स्ट्रांग रूम्स के बाहर पहरेदारी करने के कुछ और कर सकने की स्थिति में नहीं है। जो होना होगा, वह दूर किसी रिमोट कंट्रोल के जरिये हो चुका होगा।

बहरहाल, चुनाव होने के ऐन पहले आये एक्जिट पोल्स ने अलग तरह की सनसनी फैला दी है। सरकार के साथ गलबहियां करने वाले मीडिया घरानों ने 1 जून की शाम से जो रूझान दिखाये हैं, तकरीबन उन सभी ने एक स्वर में फिर से भाजपा की बड़ी जीत के अनुमान बतला दिये हैं। आरोप ये हैं कि सरकार के इशारे पर दरबारी मीडिया भाजपा व एनडीए के पक्ष में वही संख्याएं बतला रहा है जो पाने का दावा अपने प्रचार में मोदी सहित बड़े भाजपा नेता करते रहे हैं। यह संख्या 350 से लेकर 390 तक है। हालांकि इन आंकड़ों की पोल इस प्रकार भी खुल रही है कि मुख्यधारा का मीडिया कई राज्यों में उतनी सीटों पर परिणाम दर्शा रहा है जितनी सीटें हैं भी नहीं। असली बात यह है कि लोग इन फर्जी आंकड़ों को, जिनमें भाजपा-एनडीए की बड़ी जीत बतलाई जा रही है, एक बड़े षड्यंत्र से जोड़ रहे हैं। कांग्रेस व इंडिया के नेता मानते हैं कि यह कोई बड़ी गड़बड़ी करने की पूर्व तैयारी का हिस्सा है। ये आंकड़े जारी करने के बाद अगर ईवीएम के डेटा में फेरबदल कर भाजपा को जिताया जाता है तो कोई शंका नहीं करेगा और इसके खिलाफ आवाज़ उठाने पर उसे तवज्जो भी नहीं मिलेगी। ऐसे ही कृत्यों से पिछले 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में लोकतंत्र को जैसा कुचला गया है, मंगलवार के परिणाम मुहर लगाएंगे कि जनता उसके खिलाफ है या मोदी-भाजपा को इसी तरह से अगले पांच सालों तक राज करने के अधिकार देती है। इसलिये यह बड़े फैसले का दिन है।

# आगे और कठिन लड़ाई है!

हैरानी की बात नहीं है कि एक्जिट पोल के बाद, शेयर बाजार ने भी नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के पक्ष में, दोनों हाथों से मतदान किया है। आखिरी चरण के मतदान की शाम ही, एक्जिट पोलों ने करीब एक राय से मोदी का पुन: राज्याभिषेक कर दिया था। और उसके तीन दिन बाद, छुट्टी के बाद शेयर बाजार एक जबर्दस्त धमाके के साथ खुला। लेकिन, एक्जिट पोलों में मोदी को लगभग चार सौ पार करा दिए जाने पर शेयर बाजार खुशी से उछल नहीं पड़ा होता, तो ही हैरानी की बात होती। आखिरकार, मोदी राज ने अपने दस साल में शेयर बाजार को खुश करने में अपनी ओर से तो कोई कसर छोड़ी नहीं है। उसने एक ओर तो शेयर बाजार के असली खिलाड़ियों यानी कारपोरेटों के हाथ मजबूत करने के लिए, नोटबंदी तथा जीएसटी के हमलों के जरिए, छोटे या अनौपचारिक क्षेत्र को कमजोर करने तथा उसकी कीमत पर औपचारिक क्षेत्र को मजबूत करने का काम किया है। और दूसरी ओर कॉरपोरेट करों में कमी कर के सीधे-सीधे कारपोरेटों की तिजोरियां भरने का काम किया है। और यह सब मोदी राज में दरबारी पूंजीवाद को फलने-फूलने के लिए आम तौर पर खुला तथा सुरक्षित मैदान मुहैया कराए जाने के ऊपर से है।

वास्तव में पिछले दस साल में मोदी राज और कारपोरेट पूंजी का जैसा अटूट और आक्रामक गठजोड़ देखने को मिला है, उसका और भी सघन प्रदर्शन इस बार के लोकसभा चुनाव के लंबे प्रचार अभियान के दौरान हो रहा था। यह कोई संयोग ही नहीं था कि विपक्षी गठबंधन द्वारा अपने प्रचार के दौरान, जिसमें कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टियों समेत विपक्षी गठबंधन के चुनाव घोषणापत्र भी शामिल थे, मोदी राज में असमानता में पहले कभी के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ोतरी होने के सवाल उठाए गए थे। और विपक्ष द्वारा दस वर्षों में कारपोरेटों के 16 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के ऋण माफ किए जाने, जबकि आम किसानों के ऋण माफ करने से इंकार ही कर दिए जाने के भी सवाल उठाए गए थे, जिन सब का जवाब, मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने, ध्यान बंटाने की तिकड़मों का सहारा लेते हुए भी, बड़े हमलावर अंदाज में देने की कोशिश की थी।

असमानता में बढ़ोतरी के सवाल का सीधे जवाब देने या खंडन ही करने के बजाय, मोदी की भाजपा ने इस तरह के सारे सवालों को ही संपत्ति पर हमला बना देने की कोशिश की। इसके लिए, कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत जनगणना के पूरक के रूप में आर्थिक स्थिति का सर्वे कराने की जो बात कही गयी थी, उसे पूरी तरह से सिर के बल खड़ा करते हुए, आम लोगों की संपत्ति पर हमले में ही तब्दील कर दिया गया। और वैचारिक सुविधा के लिए इसे वामपंथ के साथ जोड़ते हुए, कांग्रेस के घोषणापत्र को एक ओर मुस्लिम लीग और दूसरी ओर अर्बन नक्सल के विचारों से संचालित करार दे दिया गया।

साधारण लोगों की संपत्ति पर विपक्ष के हमले का सरासर ऊटपटांग हौवा खड़ा करते हुए और इस थीम को लगातार आगे बढ़ाते हुए, खुद प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों की आर्थिक स्थिति के सर्वे को, जाहिर है कि सोची-समझी तोड़-मरोड़ में मंगलसूत्र पर हमले, घर के सोने तथा जमा-जथा की जांच व जब्ती, दो घर हों तो एक घर की और घर में चार कमरे हों तो दो कमरों की जब्ती, तक पहुंचा दिया। चुनाव प्रचार के आखिर तक आते-आते तो यह सिलसिला विपक्षी सरकार आ गयी तो पानी के नल की टोंटी ले जाएंगे, घर की चाभी छीन लेंगे, बिजली वापस कटवा देंगे, आदि तक पहुंच गयी। इस सब का मकसद, अपने कारपोरेट तथा धन्नासेठ चाहने वालों को इसकी याद दिलाना भी था कि उनकी सबसे बड़ी हितैषी, मोदी की भाजपा ही है।

लेकिन, कारपोरेटों के स्वार्थों की रक्षा का भरोसा, सिर्फ कारपोरेटों के स्वार्थों की रक्षा करने के भरोसे से नहीं दिलाया जा सकता था। उसके लिए तो, मोदी राज जिस कारपोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ का प्रतिनिधित्व करता है, उसके दूसरे जोड़ीदार का भी खेल के मैदान में उतरना जरूरी था। आखिरकार, आम जनता को तो उसी के जरिए भ्रमित किया जाना था। इसलिए, एक्स रे करा के छीन लेंगे, झपट लेंगे के साथ, मुसलमानों को बांट देंगे का झूठ जोड़ दिया गया। इस तरह, इस चुनाव का मोदी की भाजपा के प्रचार का असली हथियार तैयार हो गया, जिसे कम से कम पहले चक्र के मतदान के बाद से लगाकर, आखिरी चरण तक और वास्तव में इस प्रचार अभियान के प्रधानमंत्री के पंजाब के आखिरी भाषण तक, लगातार इस्तेमाल किया जाता रहा था।



राजेंद्र शर्मा

> **असमानता में बढ़ोतरी के सवाल का सीधे जवाब देने या खंडन ही करने के बजाय, मोदी की भाजपा ने इस तरह के सारे सवालों को ही संपत्ति पर हमला बना देने की कोशिश की। इसके लिए, कांग्रेस के घोषणापत्र में जातिगत जनगणना के पूरक के रूप में आर्थिक स्थिति का सर्वे कराने की जो बात कही गयी थी, उसे पूरी तरह से सिर के बल खड़ा करते हुए, आम लोगों की संपत्ति पर हमले में ही तब्दील कर दिया गया।**

बेशक, इस लंबे चुनाव अभियान के दौरान इस हथियार में जरूरत के मुताबिक थोड़ी-बहुत तब्दीलियां भी की गयीं। मिसाल के तौर पर एक तब्दीली तो यही की गयी कि इसकी शुरूआत में नाम लेकर मुसलमानों को बांट देंगे का आरोप लगाने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने संभवत: चुनाव आयोग को अति से अधिक शर्मिंदा नहीं करने के विचार से, अपने मुंह से मुसलमान शब्द तो बोलना बंद कर दिया, लेकिन जेहादी, वोट जेहादी, जेहादी वोट बैंक, तुष्टीकरण वाला वोट बैंक आदि, तरह-तरह के शब्दों का प्रयोग कर, अपने श्रोताओं के लिए इसमें किसी संदेह की गुंजाइश भी नहीं छोड़ी की उनका आशय, हिंदुओं से छीनकर मुसलमानों को दिए जाने से है। हां! आदिवासी बहुल इलाकों में इस हमले का विस्तार कर, ईसाइयों को भी इस दायरे में समेट लिया गया।

इन तकनीकी तब्दीलियों से भिन्न, जो खासतौर पर जनप्रतिनिधित्व कानून के उल्लंघन से तकनीकी तरीके से बचने की कोशिश में की गयी थीं, एक बड़ी तब्दीली यह की गयी कि चूंकि आम तौर पर संपत्ति छीनकर मुसलमानों में बांट दिए जाने का प्रचार, गरीबों के विशाल हिस्से के बीच, जिनके पास खोने के लिए संपत्ति के नाम पर कुछ खास था ही नहीं, खास उत्तेजना पैदा नहीं कर पा रहा था, इसे जल्द ही आरक्षण का अधिकार छीनकर बांट देंगे कर दिया गया। यह मोदी की भाजपा की नजर में एक साथ दो काम करता था—मुसलमानों को निशाना बनाए रखकर हिंदुओं का ध्रुवीकरण करने का काम और सामाजिक न्याय के विपक्ष के मुद्दे को भोंथरा करने का भी काम। इसलिए, जल्द ही मंगलसूत्र आदि छीन लेंगे के समांतर, आरक्षण छीन लेंगे और मुसलमानों को दे देंगे की थीम का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया।

इस चुनाव प्रचार के दौरान ही, ओवरसीज कांग्रेस के नेता रहे सैम पित्रोदा के अमरीका में कई राज्यों में विरासत कर लगा होने के उल्लेख का, मोदी ने विपक्षी गठबंधन के संपत्तियां छीन लेने के अपने झूठे प्रचार के लिए जमकर दोहन किया। लेकिन, पित्रोदा का बयान बाद में भले ही उनके लिए आसान बहाना बन गया हो, संपत्तियां छीन लेंगे का झूठा तथा निराधार प्रचार, खासतौर पर कांग्रेस के घोषणापत्र के जवाब में इससे पहले ही शुरू किया जा चुका था। विरासत कर के मुद्दे पर मोदी की भाजपा के हमलावर रुख ने, उसकी कारपोरेटपरस्ती को और भी बेनकाब कर दिया, क्योंकि किसी से छुपा हुआ नहीं था कि विरासत कर हर जगह, विरसे में बहुत ज्यादा संपत्ति मिलने के मामलों में ही लागू होता है और इस तरह इस कर का आक्रामक तरीके से विरोध करने वाले, वास्तव में उंगलियों पर गिने जा सकने लायक धनपतियों के स्वार्थ के लिए, बढ़ती असमानता को ही बनाए रखने की कोशिश कर रहे थे।

इस बार के असामान्य रूप से लंबे प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने, अपने राज की दरबारी पूंजीपतिपरस्ती के आरोपों का हमला कर के जवाब देने की कोशिश में, तेलंगाना में एक सभा में प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पर ही यह आरोप जड़ दिया था कि उसे अडानी-अंबानी से टैंपो में भर-भर कर काला धन मिला था! इस दावे का सरासर बेतुकापन अपनी जगह, विपक्ष पर हमला करने की कोशिश में, उन्होंने जिस तरह अपने शीर्ष दरबारी कारपोरेट घरानों पर कालिख लगा दी थी, उससे मोदी भी एक बार को तो कांप ही गए होंगे। तभी तो पूरे चुनाव प्रचार के दौरान दोबारा उन्होंने विपक्ष पर प्रचार के लिए, इस हथियार का सहारा लेने की गलती नहीं की। उल्टे जैसे अपने प्रिय कारपोरेट मित्रों की नाराजगी दूर करने के लिए भी, प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया टुडे परिवार के साथ एक साक्षात्कार में, बढ़ती असमानता पर एक शाकाहारी से सवाल के जवाब में मजाक उड़ाने की मुद्रा में पूछा था—सब को गरीब बना देना चाहिए क्या?

नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा जिस नवउदारवादी पूंजीवादी व्यवस्था को देश में चला रहे हैं, वह अपने चरित्र में ही असमानता बढ़ाने वाली व्यवस्था है। बहरहाल, इस व्यवस्था के दायरे में, असमानता पर अंकुश लगाने के प्रयास की जो गुंजाइश थी भी, उसके लिए भी मोदी राज ने दरवाजे बंद कर दिए हैं। उसके लिए विकास के लिए सरकार को सिर्फ और सिर्फ एक काम करना है—कारपोरेटों को प्रोत्साहन देना। विकास कारपोरेटों को ही करना है। और कारपोरेटों को प्रोत्साहन देने में, सस्ते से सस्ता, ज्यादा से ज्यादा अरक्षित श्रम मुहैया कराना भी शामिल है। महंगाई, बेरोजगारी, कृषि तथा लघु उत्पादन क्षेत्र की बर्बादी आदि सब यही सुनिश्चित करने के साधन हैं। मोदी राज बहुत ही वफादारी से कारपोरेटों के हित में और मेहनत-मजदूरी से गुजारा करने वालों के खिलाफ, काम कर रहा है। कारपोरेटों ने भी उसे लगभग पूरी तरह से एकजुट समर्थन देकर, इसका प्रतिदान दिया है। इलैक्टोरल बांड तथा अन्य कारपोरेट चंदे के भाजपा की टंकी में खुले पतनाले, इसका सबूत हैं। स्वाभाविक रूप से चुनाव के बीच भी मोदी की भाजपा ने कारपोरेटों के हितों की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी दिखाई है। कारपोरेटों की ओर से भी इसका प्रतिदान, आम तौर पर गोदी मीडिया के पूर्ण समर्पण, तत्काल एक्जिट पोल के तमाशे और अब शेयर बाजार में खुशी के ज्वार के रूप में सामने आया है।

अंत में चुनाव के नतीजे जो भी निकलें, देश और जनता को इस कारपोरेट दुश्चक्र से निकलने के लिए बहुत कठिन लड़ाई की जरूरत होगी। कांग्रेस से उठे रैडीकल सुरों से कुछ आशा तो जगती है, मगर ये सुर क्या नवउदारवादी पूंजीवाद के तर्क को चुनौती देने तक जा सकते हैं, यह कहना मुश्किल है। दूसरी ओर, नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी की अपनी कथित ध्यान साधना के बाद देश के नाम अपनी संदेशनुमा लंबी चिट्ठी से साफ इशारा कर दिया है कि उनका राज कायम रहा तो सुधार यानी उनके और उनके कारपोरेट मित्रों के रास्ते में आने वालों की खैर नहीं। कन्याकुमारी में ध्यान से निकले मोदी के ज्ञान का व्यावहारिक निचोड़ है—हमें समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से मुक्त कराना होगा! यानी तीसरा कार्यकाल मिला तो—आलोचक-मुक्त भारत!

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# नयी सरकार को अधिक निवेश और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना होगा

■ अंजन रॉय

सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के लिए जीडीपी के नये आंकड़े का इससे बेहतर समय और क्या हो सकता है। संसदीय मतदान के अंतिम चरण के समाप्त होने के साथ ही, 2023-24 के लिए जीडीपी के 8.2प्रतिशत के आंकड़े आये जो भारतीय अर्थव्यवस्था की भारी वृद्धि दर को दर्शाते हैं। यदि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए चुनावों में जीतती है, जो सबसे संभावित घटना है, तो वित्तीय बाजार में उछाल की भविष्यवाणी की जा सकती है।

लेकिन ऐसी गुलाबी तस्वीर के पीछे क्या रहस्य है, विशेषकर तब जब बाकी दुनिया बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। चीन एक तरफ़ गिर रहा है और गंभीर वित्तीय संकट की संभावनाओं से घिरा हुआ है। अमेरिका निश्चित रूप से पूरी तरह स्वस्थ है और ब्याज दरों में वृद्धि के दौर के बावजूद मंदी की सभी भविष्यवाणियों को झुठला रहा है। हालांकि, अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरें बहुत अधिक बनी हुई हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास के ट्रिगर्स के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए, समग्र निवेश में परिवर्तन की गतिशीलता, अंतिम उपभोग मांग का रुझान, निर्यात प्रदर्शन और विदेशों से धन के प्रवाह को देखना महत्वपूर्ण है।

> **सार्वजनिक निवेश सकल घरेलू उत्पाद के 29त्न के करीब पहुंच गया है जो एक स्वस्थ प्रवृत्ति है। यह कई कारकों से संभव हो सका है, जिसमें राजस्व संग्रह में मजबूत वृद्धि और वास्तव में अंतिम राजस्व संग्रह बजट अनुमानों से अधिक है। जीएसटी की आमद लगातार महीने दर महीने 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गयी है।**

भारतीय अर्थव्यवस्था में निजी अंतिम खपत एक प्रमुख कारक है, जो सकल घरेलू उत्पाद के व्यय पक्ष का लगभग 60प्रतिशत है। यह मूल रूप से अर्थव्यवस्था की गति निर्धारित करती है। वास्तव में, कुछ साल पहले कुछ प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने बताया था कि भारत की वृद्धि निजी उपभोग के रुझानों पर बहुत अधिक निर्भर थी और यह एक अस्थिर मॉडल था, जिसे 'एकल इंजन की सवारी' के रूप में वर्णित किया गया था।

अर्थव्यवस्था के निरंतर मजबूत प्रदर्शन के लिए संरचना और ट्रिगर्स में सूक्ष्म परिवर्तन हैं। ये रुझान कुछ सुखद गतिशीलता दिखाते हैं जो अर्थव्यवस्था को संभावित दलदल से बाहर निकालते हैं।

विकास की वर्तमान लहर निवेश द्वारा संचालित है, विशेष रूप से सार्वजनिक निवेश द्वारा। सार्वजनिक निवेश, जो मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे के निर्माण और सामाजिक पूंजी में सरकार के नेतृत्व में निवेश है, अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहा है।

सार्वजनिक निवेश सकल घरेलू उत्पाद के 29त्न के करीब पहुंच गया है जो एक स्वस्थ प्रवृत्ति है। यह कई कारकों से संभव हो सका है, जिसमें राजस्व संग्रह में मजबूत वृद्धि और वास्तव में अंतिम राजस्व संग्रह बजट अनुमानों से अधिक है। जीएसटी की आमद लगातार महीने दर महीने 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गयी है। इसने सार्वजनिक वित्त को एक आरामदायक क्षेत्र में सक्षम बनाया है। व्यय में वृद्धि के बावजूद राजकोषीय घाटा 5.6त्न पर बना रहा।

सरकारी वित्त को एक सहयोगी रिजर्व बैंक द्वारा और मदद मिली है। केंद्रीय बैंक ने केंद्र सरकार को अभूतपूर्व उच्च लाभांश हस्तांतरित किया है। केंद्रीय बैंक ने केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अर्जित बड़े अधिशेष ने भी केंद्र सरकार की व्यय योजनाओं को आगे बढ़ाया हो सकता है, फिर भी विवेकपूर्णराजकोषीयघाटा मापदंडों के भीतर रह सकता है।

अगले ट्रिगर की बात करें तो, नवीनतम आंकड़े संकेत देते हैं कि घरेलू खपत मजबूत बनी हुई है। कुछ उच्च आवृत्ति वाले आंकड़े ऑटो बिक्री, आवास ऋण, ईंधन खपत जैसे कुछ क्षेत्रों में वृद्धि की तीव्र गति का संकेत देते हैं। ये मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र में हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष सामान्य मानसून के पूर्वानुमान के बावजूद मांग कुछ हद तक कम बनी हुई है।

तीसरा, निर्यात में वृद्धि हो रही है, हालांकि यह धीमी गति से हो रही है। पिछली तिमाही में नकारात्मक से व्यापारिक निर्यात सकारात्मक क्षेत्र में आ गया है। आयात भी बढ़ रहा है, जो मजबूत घरेलू मांग का संकेत देता है। सेवा निर्यात निश्चित रूप से उछाल पर है, हालांकि नयेएआई उत्पादों के उभरने के साथ कुछ अनिश्चितताएं उभरी हैं।

नीति निर्माताओं, अर्थात् आरबीआई और नॉर्थब्लॉक के लिए, सौम्य मुद्रास्फीति की स्थिति के कारण स्थिति और भी आरामदायक है। अप्रैल 2024 में सीपीआईमुद्रास्फीति4.8त्न थी, जो मार्च 2024 में 4.9त्न से कम थी। जनवरी 2024 से इसमें गिरावट का रुख है। नीचे की ओर दबाव मुख्य रूप से पेट्रोलियम से संबंधित कमोडिटी समूहों जैसे ईंधन, बिजली और परिवहन और संचार सेवाओं से उत्पन्न होता है।

अनुकूल समग्र पृष्ठभूमि को देखते हुए, अगली सरकार को बुनियादी ढांचे के निर्माण कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए अपने उत्साही संसाधनों का उपयोग करके अर्थव्यवस्था की गति को बनाये रखने पर जोर दिया जाना चाहिए। यदि ये ट्रिगर बनाये रखे जाते हैं, तो यह समय के साथ बड़े निजी क्षेत्र के निवेशों में फैल जायेगा। निजी निवेश तब आते हैं जब उनकी क्षमता का उपयोग बढ़ रहा है और बढ़ती प्रवृत्ति दिखा रहा है। व्यापार विश्वास सर्वेक्षणों और अन्य संकेतकों से संकेत मिलते हैं कि बड़े निजी निवेश के लिए भावनाएं सकारात्मक हो रही हैं। निजी क्षेत्र के निवेश में कुछ महत्वपूर्ण वृद्धि की उम्मीद की जा सकती है। वास्तव में, भारतीय निजी निवेश के साथ-साथ कुछ बड़ी निजी क्षेत्र की कंपनियां भारत में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। केंद्र सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाते हुए, अधिक निवेशक भारत के बारे में उत्साहित महसूस कर रहे हैं। जिन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण नयी शुरुआत की उम्मीद है वे हैं कंप्यूटर चिप और सेमीकंडक्टर उद्योग।

अब तक सब ठीक चल रहा है, लेकिन तकनीकी प्रकृति की टिप्पणियों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। कुछ अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि जीडीपी डिफ्लेटर, यानी वह तरीका जिससे सांख्यिकीविद् वास्तविक जीडीपी रुझानों पर एक नज़र डालने के लिए जीडीपी आंकड़ों पर बढ़ती मुद्रास्फीति के प्रभावों को खत्म करने की कोशिश करते हैं, उदार रहा है।

इन अर्थशास्त्रियों को लगता है कि अंतिम आंकड़ों की गणना के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला जीडीपी डिफ्लेटरसीपीआई संख्याओं की तुलना में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति के आंकड़ों को अधिक महत्व देने के लिए बहुत कम था। डब्ल्यूपीआई रुझान बहुत कम और कभी-कभी नकारात्मक रहे हैं, जबकि सीपीआई 5.4 प्रतिशत के आसपास मंडरा रहा है। वे सीपीआई के नेतृत्व वाले के खिलाफ डब्ल्यूपीआई भारी प्रतिनिधि के उपयोग पर सवाल उठाते हैं। पूर्व में सीपीआई भारी डिफ्लेटर का उपयोग करने की तुलना में विकास की दर कहीं अधिक है।

फिर भी, कुछ तकनीकी मुद्दों को छोड़कर, इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपने कदमों में उछाल दिखा रही है। अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है और प्रतिकूल वैश्विक वातावरण में कोविड के बाद के चरण में तेजी से सुधार किया है। इन रुझानों को देखते हुए, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अर्थव्यवस्था की गति मजबूत बनी रहेगी और वित्तीय बाज़ार भी इसी तरह की बढ़त दिखा सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# आचार्य शंकर को जब हुआ तत्वज्ञान

अपने गुरु गोविंदजी की आज्ञा को शिरोधार्या कर आचार्य ने विश्वनाथ के दर्शन करने काशी के लिए प्रस्थान किया। नर्मदाजी के तट से महीनों पैदल चलकर काशी पहुंचे। काशी आकर भगवान विश्वनाथ के दर्शन करके वे अभिभूत हुए, आह्लादित हुए, आनंदित हुए। भगवान विश्वनाथ के दर्शन मात्र में उनके रोम-रोम पुलकित हो उठा। भगवान के दिव्य दर्शन को उन्होंने अपने लिए अपने गुरु गोविंद भगवान विश्वनाथ की साक्षात कृपा माना। उन्होंने मन ही मन अपने गुरु व भगवान विश्वनाथ को बारंबार प्रणाम किया। भगवान विश्वनाथ के दर्शन के बाद वे काशी के मणिकर्णिका घाट के समीप एक स्थान पर रहने लगे। यहां रहते हुए उन्होंने कुछ जिज्ञासु विद्यार्थियों को अद्वैत वेदांत की शिक्षा देना भी आरंभ किया।

आचार्य शंकर की अवस्था उस समय मात्र बारह वर्ष थी, पर उनका असाधारण पांडित्य देखकर काशी की विद्वानमंडली चकित हो गई। उनके असाधारण पांडित्य व ज्ञान से अभिभूत हो कई विद्वान उनके शिष्य बनने लगे। अद्वैत का जो अर्थ आचार्य शंकर ने अपने गुरु गोविंदपाद से सुना था- उसी की व्याख्या वे नित्य अपने छात्रों के सामने करते रहे। आचार्य की विद्वता से प्रभावित होकर अन्य अनेक छात्र भी उनसे अद्वैत वेदांत का ज्ञान ग्रहण करने लगे।

एक बार यहां एक विचित्र घटना घटी। दोपहर का समय था। आचार्य शंकर अपने विद्यार्थियों के साथ मध्यान्हकालीन पूजा उपासना के लिए गंगातट पर जा रहे थे तभी उन्होंने रास्ते में चार भयानक कुत्तों से घिरे हुए एक भयंकर व्यक्ति को देखा। वह व्यक्ति आचार्य शंकर का रास्ता रोककर खड़ा था। आचार्य ने उन्हें रास्ते से दूर हट जाने के लिए कई बार कहा, पर रास्ते से हटने के स्थान पर वह बोले- आप संन्यासी हैं। आप विद्यार्थियों को अद्वैत तत्व की शिक्षा देते हैं, परंतु आपका मुझे आपके रास्ते से दूर हट जाने को कहना यह सूचित करता है कि आपने अद्वैत का तत्व कुछ भी नहीं समझा है। जब इस जगत का कोना- कोना उसी सच्चिदानंद परम ब्रह्म से व्याप्त हो रहा है तब कौन किसे छोड़ कर कहां जाए? कौन किसके रास्ते से दूर हटे? आपका ऐसा मानना भी तो आपका दुराग्रह ही है। उस व्यक्ति के मुख से ज्ञान की ऐसी बातें सुनकर आचार्य के आश्चर्य का ठिकाना न रहा।

तब आचार्य शंकर ने अपने हृदय की भावना को स्पष्ट करते हुए कहा- जो चैतन्य विष्णु-शिव आदि देवताओं में प्रस्फुटित हो रहा है वही हर जीव में भी प्रस्फुटित हो रहा है। उसी चैतन्य को जो अपना स्वरूप समझता हो ऐसा दृढ़ बुद्धिवाला पुरुष चाहे कोई भी हो वह मेरा गुरु है। मैं उन्हें सादर नमन करता हूं, वंदन करता हूं। दरअसल उस व्यक्ति के रूप में स्वयं भगवान शंकर आचार्य शंकर को अद्वैत तत्व का वास्तविक ज्ञान देने प्रकट हुए थे। इस प्रकार आचार्य की परीक्षा लेकर आचार्य के चिंतन में जो त्रुटि थी, उसे भगवान विश्वनाथ ने दूर कर दिया। भगवान शिव आदि गुरु हैं अपने शिष्य आचार्य शंकर की त्रुटि को दूर कर वे आचार्य शंकर को अद्वैत तत्व का वास्तविक ज्ञान देने स्वयं प्रस्तुत हुए। तब उस समय उस व्यक्ति का रूप त्यागकर विश्वनाथ अपना दिव्य शरीर प्रकट करते हुए बोले- वत्स, शंकर, मैं तुमसे अति प्रसन्न हूं। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे द्वारा वैदिक धर्म का प्रचार इस जगत में संपन्न करूं। तुम्हारे में किसी प्रकार की न्यूनता कमी या त्रुटि होना उचित नहीं है। जाओ तुम व्यासकृत ब्रह्मसूत्र के ऊपर भाष्य की रचना करो। वेदान्त का मुख्य तात्पर्य अद्वैत ब्रह्म का प्रतिपादन है, इसका सर्वज्ञ प्रचार करो। तुम्हारे इस शरीर से जो कार्य संपन्न होगा उसे मेरा ही कार्य जानना।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# आज कल्ल की रात कल ठंडे होंगे ताज़िए!

चुनाव परिणामों की तारीख आखिरकार आ ही गई-चार जून दिन मंगलवार। मतलब कल ताज़िए ठंडे हो जाएंगे। किसके? यह शायद सत्तारुढ़ पार्टी को ही पता है। आम जनता तो भौंचक रह जाती है परिणामों से। भाजपा के ज्योतिष के गर्भ में जो जीत का जादू छुपा हुआ है उसे जनता भली-भांति समझने लगी है इसलिए कह देती है वोट कहीं भी दो जीतेगा तो भाजपा ही हैं। एक्जिट पोल में यही बात सामने लाई जाती है वह जनता के व्यंग्य को सच मान लेते हैं। वस्तुत: अब तक वे जितनी जीत की सीट बताते हैं उतनी ही आती रही हैं। ये कैसे संभव होता है? ये तो चुनाव आयोग जाने। कोई विज्ञान गणित का सूत्र भी ऐसा नहीं कर सकता है।

मगर अब की बार चार सौ पार का नारा अचरज भरा लगता है। इतनी बड़ी कारगुजारी करने वाले ही भगवान का ध्यान लगाकर बताने की चेष्टा करते हैं यह सब ऊपर वाले की कृपा से हो रहा है। फिर जब कथित अवतारी ही साक्षात ध्यान लगा रहा हो तो सब मुमकिन है। बेशक हिंदुस्तान भी गजब का देश है। वह आज की सुख-सुविधा की अपेक्षा अगले जन्म के सुख के लिए मंदिर और बाबाओं का रुख करता है। रामजी आ गए हैं और क्या चाहिए?

इस सब के बावजूद देश में बहुत खलबली है। एक्जिट पोल शायद गलत हो जाएं क्योंकि जनता ने अपना बहुसंख्यक मत सरकार के खिलाफ़ दिया है। कुछ लोगों को भरोसा है सुप्रीम कोर्ट की डांट डपट के बाद चुनाव आयोग धांधली नहीं कर सकता। ये विश्वास देखिए इस बार कायम होता है या फिर टूटता है। क्योंकि गोदी मीडिया तो मोदीजी की हैट्रिक की घोषणा कर ही चुका है विपक्ष निराश ना हो ताज़िए उन्हीं के ठंडे होने जा रहे हैं जो जबरन जीत के ख्वाब देख रहे हैं। दरअसल बात ये है इंडिया गठबंधन की स्थिति सुदृढ़ है। मानसिक तौर पर उसे परास्त करने का ये एक बड़ा और अंतिम हथकंडा है। मतगणना स्थल पर उपस्थित विपक्ष कड़ी नज़र रखें। परेशान ना हों। निडर होकर चुनौती का सामना करें। कोई समझौता कहीं ना हो पाए सतर्कता ज़रूरी है।

इंडिया गठबंधन ने जिस तरह के दौर में चुनाव लड़ा है वह ऐतिहासिक कठिन वक्त रहा जब विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई आईटी जैसे संस्थानों ने भरपूर सताया है। गठबंधन के दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की सांसदी ख़त्म की गई, निवास छीना गया, उनकी बीमार मां से ईडी ने घंटों निरर्थक बकवास की। नफ़रत का भाव उनके ख़िलाफ़ पैदा किया गया लेकिन इससे जनता में उनकी लोकप्रियता खूब बढ़ी। यह भारत जोड़ो और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में और चुनाव प्रचार के दौरान दिखी। वह तो स्पष्ट संकेत दे रहा है कि सरकार बदल रही है। इंडिया को अब इंडिया गठबंधन संभालने जा रहा है। यह विश्वास गठबंधन के सभी नेताओं ने जतलाया है।

दूसरी ओर सरकारी मशीनरी के साथ सरकारी धन के प्रलोभनों की खैरात और विपक्षी नेताओं पर जबरिया भ्रष्टाचार के आरोप गढ़ने वाली सरकार, राफेल दलाली से लेकर चुनावी बांड की बिक्री, पीएम केयर फंड, नकली वेक्सीन आदि में खुद भ्रष्टाचार में गले तक डूबी हुई है। जीती हुई सरकारों को धन की बदौलत तोड़ने वाली तिकड़मी सरकार एक बार चुनाव परिणामों में धांधली के लिए एक्जिट पोल का सहारा ले रही है। इसका मुकाबला वक्त पर सक्षम पहल कर ही करना होगा। जनमत आपके साथ है तो डरना कैसा? चोरों की बारात से डर कैसा? एक बुजुर्ग का कहना है- मंगलवार रामभक्त हनुमान का दिन है और उनकी गदा नकली रामभक्तों पर कहर ढाने वाली है। देखें क्या होता है?

**-सुसंस्कृति परिहार**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## खाद्य पदार्थ निर्माता को '100 प्रतिशत फल रस' का लेबल हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ( एफएसएसएआई) ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को अपने उत्पादों पर से फलों के रस के लेबल और विज्ञापनों से '100 प्रतिशत फलों का रस' के किसी भी दावे को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई ने सभी एफबीओ को इस वर्ष एक सितंबर से पहले सभी मौजूदा 'प्री-प्रिंटेड पैकेजिंग' सामग्री को समाप्त करने का भी निर्देश दिया गया है । एफएसएसएआई ने जांच में पाया है कि कई एफबीओ गलत तरीके से विभिन्न प्रकार के फलों के रसों का विपणन कर रहे हैं और वे 100 प्रतिशत फलों के रस का दावा करते हैं।

# देश विदेश

# गाजा में वैकल्पिक शासन व्यवस्था लागू करेगा इजरायल

**इजरायल हमास को गाजा पर शासन जारी रखने की अनुमति नहीं देगा**

**यरूशलम,** 3 जून (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा है कि इजरायल गाजा पट्टी में हमास को हटा कर एक वैकल्पिक शासन व्यवस्था के बारे में सोच रहा है।

नेगेव रेगिस्तान के शहर बीर शेबा में इजरायली सेना के दक्षिणी कमान मुख्यालय के दौरे के दौरान गैलेंट ने रविवार को कहा कि इजरायल हमास को गाजा पर शासन जारी रखने की अनुमति नहीं देगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि हम हमास को खत्म कर देंगे और एक अलग शासन निकाय स्थापित करेंगे।

मंत्री ने कहा कि रफा में ऑपरेशन चल रहा है। गाजा पट्टी को मिस्र से जोड़ने वाली 'ऑक्सीजन ट्यूब' को हम नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हम हमास के अस्तित्व को मिटा देंगे। उधर मिस्र ने रफा क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से से इजरायल के हटने की आवश्यकता पर जोर दिया है।



**गाजा में राहत सामग्री व मानवीय सहायता के प्रवेश को रोकने के लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है : मिस्र**

मिस्र, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधिमंडलों की काहिरा में एक बैठक हुई जिसमें मिस्र और गाजा पट्टी के बीच रफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने पर चर्चा की गई ताकि राहत सामग्री पहुंचाई जा सके। बैठक के दौरान, मिस्र के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गाजा में राहत सामग्री और मानवीय सहायता के प्रवेश को रोकने के लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है। इसने कहा कि कम से कम 350 सहायता ट्रक रोजाना पहुंचाने की जरूरत है।

यह क्रॉसिंग, बीमार और घायल लोगों को इलाज के लिए गाजा से बाहर ले जाने और गाजा में मानवीय और राहत सहायता पहुंचाने का मुख्य प्रवेश द्वार है। इसे 7 मई को बंद कर दिया गया था। उधर उत्तरी इजरायल में दक्षिण-पूर्वी लेबनानी गांव हौला पर इजरायली हवाई हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। इजरायली लड़ाकू विमान ने चार हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों से हौला में एक घर पर बमबारी की, जिसमें चार नागरिक घायल हो गए। और दो लोग मारे गए।

## सीरिया में इजरायली हमले में 12 लोगों की मौत

**दमिश्क।** इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। इजरायल के मिसाइल हमला के धमाकों की गूंज कल देर रात उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर के ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर इजरायली हमलों में तेजी देखी गई है।

## पाक में अल्पसंख्यक समुदाय की महिला बनी वन-स्टार जनरल



**प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दी रॉबर्ट्स को पदोन्नति पर बधाई**

**रावलपिंडी,** 3 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना में एक ईसाई महिला अधिकारी को ब्रिगेडियर के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह अल्पसंख्यक समुदाय से वन-स्टार जनरल रैंक तक पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं।

सेना चिकित्सा कोर में सेवारत हेलेन मैरी रॉबर्ट्स उन अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्हें चयन बोर्ड ने ब्रिगेडियर और पूर्ण कर्नल के रूप में पदोन्नत किया।

उन्होंने 26 वर्षों तक आर्मी मेडिकल कोर में पैथोलॉजिस्ट के रूप में काम किया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने उन्हें पाकिस्तानी सेना में 'योग्यता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व का एक और जीवंत उदाहरण' करार दिया। ब्रिगेडियर रॉबर्ट्स से पहले, मेजर जनरल निगार जौहर ने जून 2020 में लैंगिक बाधाओं को तोड़ते हुए लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत होने वाली देश की पहली महिला अधिकारी बनकर पाकिस्तान सेना की पहली महिला सर्जन जनरल बनीं थीं।

पिछले साल रावलपिंडी के क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस समारोह के दौरान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने पाकिस्तान के विकास में ईसाई समुदाय की भूमिका की सराहना की थी।

## सुडोकू 6575

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 4 जून, 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आपके घर में मित्र और सगे सम्बंधियों के आने से माहौल खुशनुमा होगा। किसी उपहार के मिलने से आपको खुशी होगी। आप आज आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

वृषभ - आज कोई भी निर्णय लेने से पहले सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी के साथ भी गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक अस्वस्थता आपके मन को उदास कर देगी। परिवार में मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

मिथुन - आज आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों से लाभ का दिन है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी होगा। रमणीय स्थल पर प्रवास होने से आपका दिन आनंददायक बन जाएगा।

कर्क - आज ऑफिस में उच्च अधिकारी आपसे खुश होकर आपका उत्साह बढ़ाएंगे। आपकी पदोन्नति या वेतनवृद्धि होने की संभावना है। पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। मान- सम्मान में वृद्धि होने से प्रसन्नता मिलेगी।

सिंह - सुस्ती के कारण आपके काम करने की गति मंद पड़ जाएगी। पेट की तकलीफ आपको परेशान करेगी। काम में विरोधी बाधा डाल सकते हैं। आज ऑफिस में अधिकारियों से थोड़ी दूरी रखना बेहतर होगा।

कन्या - आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आपमें आवेश और क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर भी संयम बरतने की जरुरत है। अनैतिक कामों से दूर रहें।

तुला - आज सांसारिक जीवन का विशेष रूप से आनंद उठा सकते हैं। परिजनों के साथ सामाजिक काम के सिलसिले में बाहर जा सकते हैं। छोटी यात्रा का आयोजन होगा। व्यापार में वृद्धि कर सकते हैं।

वृश्चिक - आज कुछ आकस्मिक घटनाएं घटेंगी। पूर्वनिर्धारित मुलाकात रद्द होने से हताशा और क्रोध की भावनाएं पैदा होंगी। आपके हाथ में आए हुए अवसर हाथ से सरकते हुए प्रतीत होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होंगे।

धनु - हाथ में लिए हुए काम में असफलता मिलने से हताशा आएगी। संतान की शिक्षा या स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। यात्रा न करना आपके लिए लाभदायक होगा। पेट संबंधी बीमारियों से परेशानी होगी।

मकर - आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहने से मन उदास रहेगा। स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा।

कुंभ - आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आप मानसिक राहत अनुभव करेंगे। काम करने में आपको उत्साह रहेगा।आपका मन प्रसन्न रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों का आगमन आपके आनंद में वृद्धि करेगा।

मीन - आज क्रोध पर काबू रखकर मौन धारण करना अधिक अच्छा रहेगा, अन्यथा किसी से मनमुटाव होने की संभावना है। पैसे खर्च करते समय भी संयम रखना आवश्यक है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1659-मुगल शासक औरंगजेब आधिकारिक रूप से दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
1953-डेनमार्क में आज ही के दिन नया संविधान लागू हुआ।
1961-भारत के प्रसिद्ध टेनिस प्रशिक्षक और पूर्व टेनिस खिलाड़ी रमेश कृष्णन का जन्म।
1967-इजरायल ने मिस्र पर हमला कर उसके करीब चार सौ लड़ाकू विमान नष्ट कर दिए।
1972-उत्तर प्रदेश राज्य के 21वें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म।
1984-पंजाब के अमृतसर में सिखों के धर्म स्थल स्वर्ण मंदिर में भारतीय सेना ने ऑपरेशन ब्लू-स्टार को अंजाम दिया।
1989-ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्लाह रोहेल्लाह खुमैनी का निधन।
1990-सोवियत संघ के आखिरी राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
2000-पहली सबसे छोटी फिल्म '405 द मूवी' को इंटरनेट पर जारी किया गया।
2001-शाही हत्याकांड जांच आयोग के एक सदस्य माधवन के इस्तीफ़ से नेपाल में शाही परिवार की जांच का कार्य अवरुद्ध।
2002-भारत की सीमा पर साझा गश्त के प्रस्ताव को पाकिस्तान ने खारिज किया।
2005-ताइवान ने अपनी पहली क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

# श्रीलंका में मानसूनी बाढ़ से सात लोगों की मौत

### कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति काट दी गई



**कोलम्बो,** 3 जून (एजेंसियां)। श्रीलंका में मानसूनी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। देश के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने यह जानकारी दी। राजधानी कोलंबो के बाहर सीतावाका में एक घर में बाढ़ का पानी से से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति काट दी गई है और स्कूलों को सोमवार को बंद रखने का आदेश दिया गया है। नौ जिलों में भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। डीएमसी के निदेशक प्रदीप कोडिप्पिली के हवाले से बताया कि कोलंबो और दक्षिण के अन्य इलाकों में बाढ़ का खतरा तेजी से बढ़ रहा है।

श्री कोडिपिली ने कहा कि कथित तौर पर कई इलाकों में अब तक 400 मिमी से अधिक बारिश हुई है। मामूली बाढ़ का खतरा बढ़ कर बड़े बाढ़ के खतरे में बदल रहा है। उन्होंने श्रीलंकाई लोगों से सरकार और डीएमसी की आपातकालीन घोषणाओं पर ध्यान देने का आग्रह किया। डीएमसी ने कहा कि देश के 25 में से 20 जिले बारिश से प्रभावित हैं।

सरकार ने कहा कि प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सेना को तैनात किया गया है। वायु सेना के प्रवक्ता कैप्टन दुशान विजेसिंघे ने बीबीसी सिंहली को बताया कि राहत प्रयासों में मदद के लिए तीन हेलीकॉप्टर और बचाव दल पहले ही तैनात किए जा चुके हैं।

## अफगानिस्तान में पोलियो उन्मूलन अभियान जारी

**काबुल,** 3 जून (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में 2024 के लिए दूसरा राष्ट्रव्यापी पोलियो विरोधी चार दिवसीय अभियान सोमवार को शुरू हुआ।



अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान के अनुसार छह जून तक चलने वाले चार दिवसीय अभियान के दौरान पांच वर्ष से कम आयु के 1.12 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो के टीके दिए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य देश के बच्चों को पक्षाघात से बचाना है।

नवनियुक्त कार्यवाहक लोक स्वास्थ्य मंत्री मावलवी नूर जलाल जलाली ने कहा कि लोक स्वास्थ्य मंत्रालय अफगानिस्तान में अपने सहयोगियों के सहयोग से पोलियो वायरस को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मार्च में बताया था कि लगातार पांच महीनों तक अफगानिस्तान में पोलियो वायरस का कोई मामला सामने नहीं आया है।

## हीट वेव में ह्रदय रोगी निकलें जरा संभल कर : डॉ कालरा

**नई दिल्ली** 3 जून (एजेंसियां)। गर्मी के मौसम में भी दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और हार्ट अटैक, हीट स्ट्रोक सहित दिल की कई अन्य बीमारियां होने की संभावना पैदा हो जाती है। मई गुजर चुका है और पारा 50 डिग्री को छू चुका है। भीषण गर्मी पड़ने से जहां स्वास्थ्य संबंधी कई गंभीर खतरे पैदा हो जाते हैं वहीं दिल के रोगियों के लिए भी यह समय काफी कठिन हो जाता है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के डायरेक्टर और दिल के मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा ने बताया कि गर्मी के मौसम का हार्ट पर काफी असर पड़ता है. खासतौर पर उन लोगों में जो पहले से दिल से जुड़ी बीमारी या किसी रिस्क वाली स्थिति में हैं। गर्मी के मौसम में ज्यादा पसीना बहता है जो डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है। जिसकी वजह से खून का वाल्यूम कम हो जाता है और दिल पर इससे दवाब पड़ता है।गर्मी के मौसम में शरीर का तापमान नियंत्रित करने के लिए हार्ट को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।



## अहमदीनेजाद ईरान के राष्ट्रपति पद की दौड़ में हुए शामिल

- 11 जून को घोषित की जाएगी अंतिम उम्मीदवारों की सूची
- चुनाव प्रचार की अवधि 12-26 जून के लिए निर्धारित
- ईरान के राष्ट्रपति का चुनाव 28 जून को होंगे

**तेहरान**, 3 जून (एजेंसियां)। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद अपना आवेदन जमा कर ईरानी राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो गए हैं। तस्नीम एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अपना आवेदन दाखिल करने के लिए आंतरिक मंत्रालय में अहमदीनेजाद की उपस्थिति ने बड़ी संख्या में फोटोग्राफरों और पत्रकारों को आकर्षित किया।

अहमदीनेजाद 2005 से 2013 तक लगातार दो कार्यकालों के लिए ईरान के राष्ट्रपति रहे हैं, उन्होंने एक उम्मीदवार के रूप में अपना पंजीकरण करने के बाद एक भाषण भी दिया। ईरान के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 30 मई को तेहरान में आंतरिक मंत्रालय के मुख्यालय में शुरू हुई और तीन जून को समाप्त होगी।

इससे पहले, ईरानी संसद के पूर्व स्पीकर अली लारिजानी ने भी 28 जून को होने वाले ईरानी राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपना पंजीकरण कराया। इस महीने की शुरुआत में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोगों की मौत के बाद ईरान में राष्ट्रपति चुनाव कराना आवश्यक हो गया है।

पिछले चार दिनों में लगभग 80 लोगों ने अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुरोध किया है, जबकि एक महिला सहित 20 से कम लोगों ने पंजीकरण के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा किया है। सभी आवेदकों को संवैधानिक परिषद द्वारा सावधानीपूर्वक जांचा जाएगा और 11 जून को अंतिम उम्मीदवारों की सूची घोषित की जाएगी। चुनाव प्रचार की अवधि 12-26 जून के लिए निर्धारित है, जबकि राष्ट्रव्यापी राष्ट्रपति चुनाव शुक्रवार, 28 जून को होंगे। ईरान में 1979 में इस्लामी क्रांति की जीत के बाद 14वां नया प्रशासन, जून के अंत या जुलाई की शुरुआत में सत्ता ग्रहण करेगा और चार वर्षों तक पद धारण करेगा।

**आरोप** *महाथिर मोहम्मद ने बढ़ते संघर्षों के लिए अमेरिकी नेतृत्व को ठहराया जिम्मेदार, बोले*

# अमेरिकियों ने पिछले युद्धों से कोई सबक नहीं सीखा

**कुआलालम्पुर, 3 जून (एजेंसियां)। मलेशिया के पूर्व प्रधान मंत्री महाथिर मोहम्मद ने वैश्विक संघर्ष को बढ़ावा दे रहे आक्रामक अमेरिकी नेतृत्व और उसके अड़ियल रुख के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने रूस को नाराज करना जारी रखा तो दुनिया युद्ध की ओर बढ़ सकती है। 'निक्केई एशिया' की वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक जापान की राजधानी टोक्यो में 'निक्केई के फ्यूचर ऑफ एशिया फोरम' के मौके पर एक साक्षात्कार में श्री महाथिर ने कहा कि अमेरिकियों ने पिछले युद्धों से कोई सबक नहीं सीखा है।**

महाथिर ने कहा कि अमेरिका अपने लिए चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को दुश्मन मानता है, यही कारण है कि हमें अमेरिका को ईरान, रूस और चीन के साथ शामिल करने में समस्या है। अमेरिका सहनशील नहीं है। लोग 100 प्रतिशत बिल्कुल आपके जैसे नहीं हो सकते। हम मतभेदों को स्वीकार करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री महाथिर ने तर्क दिया कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से अमेरिका लंबे समय से वैश्विक मंच पर अपनी प्रमुख स्थिति बनाए रखने की कोशिश कर रहा है, अन्य देशों, विशेषकर चीन के उदय को सीधे खतरे के रूप में देख रहा है।

श्री महाथिर ने इस बात पर जोर दिया कि चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया क्योंकि इसमें 'बढ़ने और नंबर वन बनने की क्षमता' है, एक ऐसा विकास जिसका अमेरिकियों ने स्वागत नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि वरिष्ठ राजनेता ने बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच पश्चिमी शक्तियों की भी आलोचना की खासकर पिछले अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष की शुरुआत के बाद से। उन्होंने कहा कि बहुत सारे अन्याय हुए हैं, लेकिन अमेरिका और यूरोप इन अन्यायों को उन मुद्दों के रूप में देखते हैं जो उनसे संबंधित नहीं हैं। वे इज़रायल को सभी प्रकार के अपराध करने से रोकने की कोशिश नहीं करते हैं।



**अमेरिका ने रूस को नाराज करना जारी रखा तो दुनिया युद्ध की ओर बढ़ सकती है : महाथिर मोहम्मद**

निक्केई एशिया ने श्री महाथिर के हवाले से कहा कि यह देखते हुए कि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार व्यापारी है और लगातार नए हथियार बनाता है, दावा किया कि युद्ध कहीं और लड़े जाना अमेरिकियों के हित में है। उन्होंने कहा कि पश्चिम में यह धारणा है कि शांति के लिए युद्ध के लिए तैयार रहना होगा, लेकिन यह गलत है। युद्ध के लिए तैयारी करने से युद्ध सुनिश्चित होता है क्योंकि हथियार बेचकर पैसा कमाने के लिए लोगों को लड़ना ही होगा।

## वर्ग पहेली 6575

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. छ: माह में होने वाला छैमाही
४. असंगत, बेमेल, संबंधगीन
६. एक प्रकार का नेत्र रोग जिसमें रोगी को रात में कुछ दिखाई नहीं देता
७. अपराध, दोष, कसूर (उर्दू)
८. श्रेष्ठ नर्तक , शिव
१०. बिचौलिया, बीच में स्थित
११. डरावना
१३. घृणा, उत्न्न करने वाला, घिनौना साहित्य में प्रयुक्त एक रस
१४ साधुओं का भोज
१५. मधुर ध्वनि, पक्षियोंके चहचहाने की आवाज
१७. नवीन, नवल
१९. स्वर्ण, धतूरा
२१. वृद्धि होना
२२. चलते-चलते सहसा रुक जाना
२४. छ: माह का समय जिसमें उर्ध्व रेखा दक्षिण की ओर रहता है

**ऊपर से नीचे:-**
१. दोष. ऐब, बुराई
२. बायें हाथ से काम करने वाला
३. कमल जैसे सुंदर हाथ
४. मातहत
५. बधिर
९. किसी के जन्मदिन पर मनाने वाला समारोह
११. ना काम
१२. कमल
१३. उजाड़, जन शून्य (उर्दू)
१४. भंग करना, तोड़ना नाश, क्षय
१५. हाथ जोड़ कर या हाथ बांधे हुए
१६. युद्ध में होने वाली आवाज
१८. मांगने वाला, प्रार्थी
१९. दया, अनुकंपा
२०. मुश्किल
२३. अनेक, विविध

### वर्ग पहेली-6574

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ता | ज | २ पो | शी | ■ | ■ | ३ श | ह | ४ ना | ई |
| र | ■ | ख | ■ | ५ अ | ध | र्म | ■ | लं | ■ |
| ६ त | ट | र | क्ष | क | ■ | ७ ना | ते | दा | ८ र |
| म्य | ■ | ■ | ■ | ९ स्मा | र | क | ■ | ■ | द |
| ■ | १० क | दा | ११ चि | त | ■ | ■ | १२ मा | जू | न |
| ■ | ट | ■ | न्हि | ■ | १३ सं | त | री | ■ | प |
| १४ स | रा | १५ हि | त | ■ | प | ■ | १६ च | १७ पे | ट |
| म्मे | ■ | त | ■ | १८ खि | न्न | १९ ता | ■ | ची | ■ |
| २० ल | ल | क | ■ | ल | ■ | २१ र | स | दा | २२ र |
| न | ■ | २३ र | च | वा | च्म | त | ■ | ■ | श्मि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### नया इन्फ्लूएंजा बी एंटीबॉडी यूनिवर्सल वैक्सीन विकसित करने में करेगा मदद : वैज्ञानिक

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इन्फ्लूएंजा बी के खिलाफ ह्यूमन मोनोक्लोनल एंटीबॉडी को अलग कर लिया है। यह एक ऐसी बीमारी के लिए यूनिवर्सल वैक्सीन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जो मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों को प्रभावित करती है।

वांडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (वीयूएमसी) के शोधकर्ताओं ने इन्फ्लूएंजा के खिलाफ पहले से वैक्सीन (टीका) लगाए गए एक व्यक्ति के अस्थि मज्जा (बोन मैरो) से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के दो समूहों को अलग किया, जो इन्फ्लूएंजा बी की सतह (सरफेस) पर इन्फ्लूएंजा वायरस के एक प्रमुख सतह ग्लाइकोप्रोटीन, न्यूरामिनिडेस के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े थे। इम्यूनिटी जर्नल में प्रकाशित शोध दल ने बताया, 'फ्लूबी-400 नामक एंटीबॉडी ने ह्यूमन रेस्पिरेटरी एपिथेलियल सेल की लेबोरेटरी कल्चर में वायरस रेपलिकेशन को व्यापक रूप से बाधित किया।' शोधकर्ताओं को पता चला कि यह एंटीबॉडी इंजेक्शन या नाक के जरिए दिए जाने पर जानवरों में इन्फ्लूएंजा बी से भी सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

# प्रादेशिकी

**दोपहर दो बजे तक उत्तराखण्ड की चार संसदीय सीटों के परिणाम आने की उम्मीद**

**देहरादून।** देशभर में मतदान के बाद आए एग्जिट पोल ने भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा हुआ है तो कांग्रेस प्रत्याशी मंगलवार को होने वाली मतणना में उलटफेर की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। यह पहले चरण का मतदान था। इसके बाद 6 चरण के मतदान और हुए और एक जून को 7वें चरण के मतदान के साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 की वोटिंग संपन्न हुई थी। अब मंगलवार 4 जून को 543 लोकसभा सीटों के लिए डाले गए वोटों की गिनती होगी। उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों पड़े वोटों की गिनती के लिए निर्वाचन आयोग ने पूरा आंकड़ा दे दिया है। निर्वाचन आयोग ने जहां शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए उत्तराखंड को शाबाशी दी, वहीं मतगणना को लेकर भी खास निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने कहा है कि उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में से चार पर परिणाम काउंटिंग शुरू होने के 5 से 6 घंटे के अंदर आ जाएंगे।

# हिमाचल के तीन निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार

## विधानसभा के सदस्य नहीं रहे केएल ठाकुर, होशियार और आशीष, जल्द होगा उप चुनाव

**शिमला,** 3 जून (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया द्वारा नालागढ़ के विधायक

- **विधायकों ने 22 मार्च को विधानसभा में आकर अपने पदों से इस्तीफा दिया था और 23 मार्च को भाजपा ज्वॉइन की**

केएल ठाकुर, देहरा के विधायक होशियार सिंह और हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद तीनों अब हिमाचल विधानसभा के सदस्य नहीं रहे। इन तीन सीटों पर भी जल्द विधानसभा उप चुनाव होंगे। इन्होंने बीते 22 मार्च को विधानसभा में आकर अपने पदों से इस्तीफा दिया था और 23 मार्च को भारतीय जनता पार्टी जॉइन की। इसके बाद इस्तीफा स्वीकार कराने की लड़ाई हाईकोर्ट तक पहुंची। मगर हाईकोर्ट की डबल बैंच के डायसेंटिंग व्यू के कारण अब सिंगल जज इस फैसले पर सुनवाई कर रही है। इस बीच आज स्पीकर ने इनका इस्तीफा स्वीकार कर दिया है। बता दें कि हिमाचल में चार लोकसभा सीटों पर सीटों पर चुनाव के साथ-साथ छह सीटों पर उपचुनाव भी हुए है। छह कांग्रेस विधायकों को पार्टी की तरफ से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इन विधायकों ने फरवरी 2024 में हुए राज्यसभा के चुनाव में क्रांस वोटिंग की थी। जिसकी वजह से कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी की जगह बीजेपी की हर्ष मल्होत्रा की जीत हुई थी। पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के कारण कांग्रेस ने छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। जिसके बाद ये सभी विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे। इसके बाद लोकसभा चुनावों की वोटिंग के साथ 1 जून को धर्मशाला, लाहौल और स्पीति, सुजानपुर, बड़सर, गगरेट और कुटलेहर में विधानसभा उपचुनाव के लिए वोटिंग हुई थी।



### केएल ठाकुर बोले देरी से आया सही फैसला

विधानसभा स्पीकर के द्वारा इस्तीफा स्वीकार करने पर नालागढ़ से निर्दलीय विधायक रहे केएल ठाकुर ने कहा कि बेहतर होता इस्तीफा पहले स्वीकार कर लिया जाता। प्रदेश में एक साथ चुनाव होने थे दो बार कोड आफ कंडक्ट का सामना नहीं करना पड़ता और सरकार के पैसे की भी बर्बादी नहीं होती। उन्होंने कहा कि देर आए दुरुस्त आए। वहीं भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ने पर के एल ठाकुर ने कहा कि अगर बीजेपी और हाई कमान उन्हें टिकट देती है तो वे बीजेपी से चुनाव लडेंगे। उन्होंने कहा कि दो तिहाई बहुमत से एक बार फिर से केंद्र में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है भाजपा में उनका राजनीतिक कैरियर बेहतर होगा।

# सरकार की कठपुतली बन गए हैं विधानसभा अध्यक्ष : जयराम ठाकुर

**शिमला,** 3 जून (देशबन्धु)। तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को स्वीकार करने के मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने शिमला से बयान जारी कर कहा कि माननीय विधानसभा अध्यक्ष को जब यही करना था तो पहले क्यों नहीं किया। जान बूझकर पूरे मामले को लटकाया गया। जिससे तीनों निर्दलीय विधायक इसी आम लोकसभा और विधान सभा उप चुनावों में भाग न ले पाए। जिससे बहुत समय और संसाधन की बचत हो

- **विधानसभा अध्यक्ष के पद की गरिमा के विपरीत काम कर रहे विधानसभा अध्यक्ष**
- **विधानसभा से भाजपा के विधायकों को निष्कासित कर बचाई है सरकार**

सकती थी। इस तरह से जानबूझकर किसी फ़ैसले को लटकाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक पद पर बैठे हैं लेकिन वह अपनी गरिमा के विपरीत काम कर रहे हैं। विधान सभा अध्यक्ष सरकार की कठपुतली बन कर काम कर रहे हैं। इस तरह से पद की गरिमा के विपरीत वह क्यों काम कर रहे हैं, उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। जयराम ठाकुर ने विधानसभा अध्यक्ष के कुलदीप सिंह पठानिया के पिछले दिन दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा छह विधायकों का सर कलम कर देने और तीन विधायकों के सर आरी के नीचे हैं होने जैसे बात करना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक संवैधानिक एवं गरिमापूर्ण पद पर बैठे किसी भी माननीय द्वारा इस तरह की बात करना समझ से परे है। हिमाचल की यह संस्कृति नहीं रही है। इस तरह के बयानों की हिमाचल जैसी देवभूमि में कोई जगह नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा किइस पूरे प्रकरण में वह कांग्रेस सरकार को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर कर रहे हैं। हिमाचल के इतिहास में उनके द्वारा गरिमा



एक विपरीत किया गया आचरण याद किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सब कार्य सरकार को ग़लत तरीक़े से बचाने के प्रयास हैं। सरकार को बार-बार बचाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा की जा रही है। बजट पास करवाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के 15 सदस्यों को निष्कासित करके सरकार बचाई। यह सरकार संख्याबल और लोगों की नज़रों में गिर चुकी है, नैतिकता के आधार पर इस सरकार को बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

**सार संक्षेप**

### विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन

**देहरादून।** विश्व साइकिलिग दिवस पर साईकिल चलाकर लोगों को जागरूक किया। आज यहां उत्तराखंड की समस्त साइकिलिंग कम्युनिटी ने एक मंच पर एकत्र होकर विश्व साइकिलिंग दिवस का आयोजन किया गया। पहाड़ी पैडलर, रोड स्पिन वोररिएर, सरमंग एडवेंचर, विकासनगर एथलेटिक्स क्लब की टीम ने सामूहिक रूप से विश्व साइकिल दिवस मनाया। विश्व साइकिल दिवस अवसर पर उत्तराखंड साइकिलिंग कम्युनिटी द्वारा एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया , रैली में 150 से ज्यादा लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी पुरषोत्तम(आई ए एस) मौजूद रहे। उन्होंने साइकिल रैली को फ्लैग ऑफ करके इसकी शुरुआत की गई और उन्होंने स्वयं रैली में हिस्सा लिया और सभी राइडर्स के साथ साइकिल चलाकर गांधी पार्क पहुंचे सभी लोगों को जागरूक किया। इस रैली की शुरुआत गांधी पार्क से हुई और दिलाराम बाजार, गाड़ी कैंट, कनॉट प्लेस होते हुए वापस गांधी पर इसका समापन हुआ। इसके बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वहां पर मौजूद सभी प्रतिभागियों और आम जनता को साइकिल से होने वाले फायदे और यातायात सुरक्षा के विषय में जागरूक किया गया।

### गांजा तस्करी के आरोप में युवक को 10 साल की कैद

**गुड़गांव।** हरियाणा में गुड़गांव की एक अदालत ने सोमवार को एक युवक को गांजा तस्करी के मामले में 10 साल की कैद की सज़ा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण सिंघल की अदालत ने पुख्ता सबूतों और गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुये कैद के अलावा एक लाख रुपये जुर्माने की सजा भी सुनायी है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार हीरा कुमार, जो मूल रूप से बिहार का निवासी है, को 10 दिसंबर 2018 में 24 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### हिसार रेलवे स्टेशन पर नाबालिग लड़की के पास मिली ढाई किलो अफीम

**हिसार।** हरियाणा में हिसार रेलवे स्टेशन पर एक 12 वर्षीय लड़की को रेलवे पुलिस ने ढाई किलोग्राम अफीम के साथ पकड़ने का दावा किया है। जीआरपी ने सोमवार को बताया कि एक मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर प्लेटफार्म क्रमांक पांच पर एक बेंच पर बैठी लड़की के सामान की तलाशी ली गयी, तो उसके बैग में ढाई किलोग्राम अफीम निकली। जीआरपी के अनुसार लड़की राजस्थान के जोधपुर से आई थी। इसकी कीमत करीब पांच लाख रुपये बतायी जाती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और लड़की से पूछताछ जारी है।

### सुडोकू 6575 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

## चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने लिया बड़ा फैसला

# ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन संख्या 1500 से बढ़ाकर की गई 2 हजार : धामी



■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 3 जून (देशबन्धु)। चारधाम यात्रा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। चारधाम यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की

- **हरिद्वार में यात्रियों की समस्या सुन सीएम ने लिया फैसला**
- **मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में लिया गया फैसला**

संख्या को 1500 से बढ़ाकर 2000 प्रतिदिन किया गया है। सीएम धामी ने हरिद्वार में यात्रियों की समस्याओं को सुनने के बाद रजिस्ट्रेशन संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। हरिद्वार रजिस्ट्रेशन काउंटर का दौरा कर लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बड़ा फैसला लिया है। सीएम धामी ने श्रद्धालुओं की अपील और समस्या को सुनने के बाद रजिस्ट्रेशन संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। अब एक दिन में 1500 से बढ़कर 2000 लोगों का रजिस्ट्रेशन हो सकेगा। मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने हरिद्वार व ऋषिकेश में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की संख्या को 1500 से बढ़ाकर 2000 प्रतिदिन किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाना हमारा उद्देश्य है। इस व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। गर्मी के मौसम में भक्त सुबह सुबह लाइन में लग कर अपनी बारी का इन्तजार कर रहे हैं।

चारधाम यात्रा में तमाम व्यवस्था को ठीक और दुरुस्त करने के लिए मुख्यमंत्री ने कई तरह के सुझाव दिए हैं। साथ ही प्रदेश में पेयजल की कमी को दूर करने के लिये प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा जल संचय एवं जल संवर्द्धन के प्रति संजीदगी के साथ योजना बनाने पर ध्यान दिया जाये। इसे जन आंदोलन के रूप में संचालित करने के लिये आम जनता को इससे जोड़ने के प्रयास करें। इसके लिए मुख्यमंत्री ने जल संचय, जल संवर्धन तथा भू-जल स्तर में सुधार के लिये बनायी जाने वाली कार्ययोजना के लिये सचिव शैलेश बगोली तथा विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते को नोडल अधिकारी नामित किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।

### हरिद्वार चारधाम पंजीकरण केंद्र पहुंचे सीएम

**हरिद्वार।** सीएम पुष्कर सिंह धामी सोमवार हरिद्वार पहुंचे। जहां सीएम धामी ने चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यात्रियों से बातचीत की। साथ ही सीएम धामी ने यात्रियों को हो रही समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकुल ग्राउंड में चल रहे चारधाम यात्रा के पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री लाइन में लगे। श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे। उनसे पंजीकरण को लेकर आ रही समस्याओं के संबंध में बातचीत की। साथ ही मौके पर ही अधिकारियों को श्रद्धालुओं की समस्याओं के जल्द ही निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा इस भीषण गर्मी में पंजीकरण केंद्र पर पीने के पानी की और अधिक व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा अगर जरूरत पड़ी तो पंजीकरण विंडो की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर एग्जिट पोल्स के नतीजों पर भी सीएम धामी ने बयान दिया। सीएम धामी ने कहा भारत की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प पर मुहर लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।



## भाजपा को एग्जिट पोल पर भरोसा, कांग्रेस बता रही इसे भाजपा का खेल

**देहरादून,** 3 जून (देशबन्धु)। एग्जिट पोल को लेकर भले ही राष्ट्रीय स्तर पर घमासान की स्थिति देखी जा रही हो लेकिन भाजपा के नेताओं और प्रत्याशियों में इन्हें लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। पौड़ी सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी का कहना है कि भले ही 4 जून को होने वाली मतगणना से सही परिणाम की जानकारी होगी लेकिन एग्जिट पोल इस बात का संदेश देते हैं कि बयार किधर की बह रही है। जनता ने एक बार फिर मोदी की सरकार बनाने के लिए वोट किया है। उनका कहना है कि एग्जिट पोल और असली नतीजो में थोड़ा बहुत फर्क आ सकता है लेकिन इससे यह साफ हो गया है कि आएगा तो मोदी ही। उन्होंने कहा कि विपक्ष इन एग्जिट पोल को लेकर इसलिए हल्ला कर रहा है क्योंकि ईंडी गठबंधन के नेता हकीकत को स्वीकार नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा दक्षिण भारत में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहने वाला है आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल में तथा तेलंगाना और कर्नाटक व केरल में भी भाजपा को अच्छी बढ़त मिलेगी और भाजपा अपने 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने की और अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने देश के विकास के लिए वोट दिया है अब ज्यादा समय नहीं है मात्र 12 घंटे की ही बात है असली परिणाम सामने आने वाले हैं। विपक्ष को उसके विरोध का भी जवाब मिल जाएगा।

## डीएम ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

**हल्द्वानी,** 3 जून (देशबन्धु)। चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मतगणना से ठीक एक दिन पहले सोमवार को जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह



और ऑब्जर्वर गगनदीप सिंह ने हल्द्वानी स्थित एमबीपीजी डिग्री कॉलेज में बने मतगणना स्थल का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि नैनीताल जिले की 6 विधानसभा सीटों की मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से एमबीपीजी कॉलेज में शुरू होगी। प्रत्येक विधानसभा सीट के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। यानी 6 विधानसभा सीटों के लिए 84 टेबल में मतगणना की जाएगी। इसमें 387 कर्मचारी मतगणना के लिए प्रशिक्षण देकर तैयार किए गए हैं। इसके अलावा केंद्रीय

- **सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नैनीताल रोड से ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है**

ऑब्जर्वर समेत रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पूरी मतगणना की तैयारी कर चुके हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नैनीताल रोड से ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। वहीं, मतगणना से संबंधित सूचनाओं के संबंध में विभिन्न प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर जिला कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके अलावा मतगणना के लिए 144 मतगणना माइक्रो आब्जर्वर, 114 मतगणना सुपरवाइजर और 120 मतगणना सहायक समेत 378 कार्मिकों को तैनात किया गया है। सभी को मतगणना के लिए प्रशिक्षण दिया गया है।

## कुलदीप सिंह राठौर ने एग्जिट पोल पर उठाया सवाल

**शिमला,** 3 जून (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि यह पूरी तरह तथ्यों से विपरीत और भाजपा के कार्यालय में बना कर मीडिया को वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इनका कोई भी वैज्ञानिक आधार नहीं है और भाजपा द्वारा यह देश मे सनसनी फैलाने व चुनाव से जुड़े अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश है। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री का 400 पार का नारे को जिस प्रकार से मीडिया में प्रचारित किया गया और अब एग्जिट पोल में उसे साबित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में कही भी भाजपा के प्रति कोई उत्साह नहीं देखा गया,क्योंकि उन्होंने बेरोजगारी व



बढ़ती मंहगाई जैसे मुद्दों पर कोई बात नही की। ऊलजलूल बाते कर लोगों में भ्रम पैदा करने व साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की पूरी कोशिश की गई। राठौर ने कहा कि एग्जिट पोल का क्या आधार था,कब और कहा किया गया,कितने लोगों से बात की गई सेंपल, इस सब की जानकारी एग्जिट पोल करने वाली कम्पनियों को लोगों को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल में बहुत सी विसंगतियां है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एग्जिट पोल से सनसनी नही फैलाई जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि चुनाव नतीजे इंडिया गठबंधन के पक्ष में

**देश में कही भी भाजपा के प्रति कोई उत्साह नहीं देखा गया: कुलदीप सिंह राठौर**

आएंगे। राठौर ने कहा कि कांग्रेस देश के लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए पूरी तरह कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से लोकतंत्र का हनन व संविधान की अवहेलना भाजपा द्वारा की जा रही है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर उन्हें डराने व अपने पक्ष में करने के बाद उन्हें आरोपों से वरी कर देना भाजपा की नीति रही है। राठौर ने कहा कि चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के विपरीत पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के पक्ष में आएंगे और कल ईवीएम के खुलने से साफ हो जाएगा।

# केंद्र में नई सरकार बनने के बाद सबसे पहले हिमाचल का दौरा करेगा नया वित्त आयोग

**हिमकिरण मांटा**

**शिमला,** 3 जून (देशबन्धु)। केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद सोलहवां वित्त आयोग हिमाचल का दौरा करेगा। वित्त आयोग के दौरे पर प्रदेश सरकार की उम्मीदें टिक्की है. आयोग के दौरे को लेकर वित्त विभाग बीते करीब दो माह से तैयारिओं में जुटा है। वित्त आयोग की सिफारिशों के बाद सरकार को वित्तीय वर्ष 2026-27 से पांच सालो के लिए केंद्र से राजस्व घाटा अनुदान व् अन्य मदो में मदद मिलनी है। सोलहवां वित्त आयोग 24 व 25 जून को हिमाचल का दौरा करेगा। इसके बाद राज्य सरकार के साथ मीटिंग होगी। मीटिंग में राज्य सरकार सोलहवें वित्तायोग के समक्ष हिमाचल की आर्थिक स्थिति, राज्य की मांगों और अन्य संबंधित



मसलों पर प्रेजेंटेशन देगी। इसके लिए काफी समय से वित्त विभाग व मुख्य सचिव कार्यालय में कसरत चली हुई है। हिमाचल के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को लेकर है। ये ग्रांट लगातार घट रही है। हिमाचल सरकार का प्रयास रहेगा कि नए वित्तायोग के समक्ष राज्य के हितों की इस तरह से पैरवी की जाए कि ग्रांट को बढ़ाने की सिफारिश नया वित्तायोग करने पर मजबूर हो जाए। इसके लिए तथ्यों सहित रिपोर्ट तैयार

### शिमला में बैठक, राज्य भर का दौरा

नए वित्त आयोग की टीम सबसे पहले हिमाचल आएगी। टीम राज्य में दौरा कर प्रदेश में जल, जंग जमीन व अन्य संसाधनों का जायजा लेगी। फिर शिमला में राज्य सरकार के साथ मीटिंग होगी। राज्य सरकार इसी हफ्ते यानी जून के पहले सप्ताह में वित्त विभाग के तयशुदा पोर्टल पर अपना मेमोरेंडम अपलोड करेगी। आयोग की टीम इसका अध्ययन भी करेगी। हिमाचल सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना नियमित रूप से वित्त विभाग के अफसरों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। हिमाचल को यदि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट में बढ़ोतरी मिलती है तो आर्थिक हालात कुछ संभल सकते हैं।

### अरविंद हैं आयोग के मुखिया

उल्लेखनीय है कि 16वें वित्तायोग का गठन हो चुका है। नीति आयोग के पूर्व मुखिया अरविंद पनगढिया वित्तायोग के चेयरमैन बनाए गए हैं। पनगढिया के अलावा आयोग में चार अन्य सदस्य नियुक्त किए गए हैं। कुल सदस्यों में से तीन आयोग के पूर्ण कालिक सदस्य हैं। इस वित्तायोग को 31 अक्टूबर 2025 तक की अवधि के लिए केंद्र सरकार को अपनी सिफारिशें देनी हैं। ये सिफारिशें राज्यों के लिए पहली अप्रैल 2026 से लागू होंगी। हिमाचल प्रदेश को 15वें वित्त आयोग ने 37,199 करोड़ रुपए की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट दी थी। उस समय राज्य में जयराम ठाकुर के नेतृत्व में नई-नई सरकार बनी थी और आयोग ने हिमाचल का दौरा किया था। तब 15वें वित्त आयोग ने पांच साल की अवधि के लिए हिमाचल को कुल 81977 करोड़ रुपए रेकमंड किए थे। इस रकम में से 37199 करोड़ रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट, 3049 करोड़ स्थानीय निकायों के लिए और 2258 करोड़ रुपए आपदा राहत के लिए थे। आयोग की सिफारिश में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत 2222 करोड़ भी दिए गए थे। मंडी में प्रस्तावित ग्रीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 1000 करोड़ रुपए की सिफारिश भी की गई थी, लेकिन केंद्र सरकार से ये सिफारिश लागू नहीं हुई थी।

---

वित्तायोग की सिफारिशों के बाद केंद्र सरकार राज्यों के लिए रेवेन्यू डेफेसिट ग्रांट जारी करता है। हिमाचल को 15वें वित्तायोग ने इस मामले में मालामाल किया था। तब हिमाचल को रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट के तौर पर कुल 37199 करोड़ रुपए मिले थे। किसी भी राज्य के राजस्व यानी रेवेन्यू और खर्च के बीच अंतर से जो घाटा होता है, उसके लिए रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट जारी की जाती है। वित्त मंत्रालय का एक्सपेंडिचर विभाग ये ग्रांट राज्यों को जारी करता है। हर वित्त वर्ष के लिए ये अलग-अलग होती है। हिमाचल को छठी किश्त के रूप में वित्त वर्ष 2022-23 में महज 781 करोड़ रुपए मिले थे। राज्य सरकार के पूर्व वित्त सचिव आईएएस अधिकारी केआर भारती का कहना है कि नई सरकार के समक्ष रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट अधिक से अधिक हासिल करने की चुनौती है। सोलहवें वित्तायोग का पहला ही दौरा हिमाचल का है। ऐसे में राज्य के वित्त विभाग को अपनी स्थिति मजबूती से रखनी होगी।

## 'हीरामंडी' का दूसरा सीजन लेकर आ रहे संजय लीला भंसाली

**मुंबई।** मल्टीस्टारर पीरियड ड्रामा स्ट्रीमिंग सीरीज 'हीरामंडी द डायमंड बाजार' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। दरअसल 'हीरामंडी' अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी के लिए तैयार है। फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली ने इस सीरीज के जरिए ओटीटी डेब्यू किया था। सीरीज में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वेश्याओं की दुनिया को दिखाया गया है। सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की गई। इसमें अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढ़ा, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख और सोनाक्षी सिन्हा एक साथ नजर आयीं। सीरीज के पहले सीजन को विजुअल, स्टोरीटेलिंग और म्यूजिक के लिए काफी सराहा गया। भंसाली ने 'हीरामंडी द डायमंड बाजार' की सफलता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं 'हीरामंडी द डायमंड बाजार' को मिले प्यार और सराहना को देख बेहद खुश हूं।

वैज्ञानिकों ने खोजा नया प्लेनेट, जीवन संभव

# नए प्लेनेट पर पहुंचने में लगेंगे 2.25 लाख साल

**वाशिंगटन,** 3 जून (एजेंसियां)। वैज्ञानिकों ने एक नए एक्सोप्लैनेट की खोज की है, जहां जीवन संभव हो सकता है। यह प्लेनेट पृथ्वी से छोटा है, लेकिन शुक्र ग्रह से बड़ा। इस एक्सोप्लैनेट का नाम ग्लिसे 12बी है। वैज्ञानिकों ने नए प्लेनेट ग्लिसे 12बी को खोजने के लिए नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लेनेट सर्वे सैटेलाइट टेलिस्कोप का इस्तेमाल किया।

वैज्ञानिकों ने बताया कि खोजा गया नया प्लेनेट लगभग 40 प्रकाश वर्ष दूर मीन नक्षत्र में मौजूद एक छोटे तारे की परिक्रमा कर रहा है। ये तारा हमारे सूर्य के आकार का लगभग 27प्रतिशत और उसके तापमान का 60प्रतिशत है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी के मंथली नोटिस जर्नल में इस प्लेनट की खोज के बारे में विस्तार से बताया गया है।




नया नाम ग्लिसे-12बी, पृथ्वी के सबसे नजदीक

### नया एक्सोप्लैनेट सबसे नजदीक, इसलिए यह काफी बड़ी खोज

एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में डॉक्टरेट की स्टूडेंट लारिसा पालेथोरपे ने शुक्रवार को बताया कि हमने पाया है कि कुछ ही एक्सोप्लैनेट हैं, जो जीवन की संभावना के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं। अब यह जो नया एक्सोप्लैनेट है, वो हमारे सबसे नजदीक है और इसलिए यह काफी बड़ी खोज है। लारिसा ने दूसरी स्टडीज को को-लीड भी किया है। पालेथोरपे ने बताया कि इस प्लेनेट पर पहुंचा नहीं जा सकता है, क्योंकि यह लगभग 40 लाइट-ईयर दूर है। वर्तमान में मौजूद सबसे तेज स्पेसक्राफ्ट यानी अंतरिक्ष यान से ग्लिसे 12बी तक पहुंचने में लगभग 2.25 लाख साल लगेंगे।

### एक्सोप्लैनेट की सतह का औसत तापमान 42 डिग्री सेल्सियस

स्टडी के अनुसार, नए एक्सोप्लैनेट की सतह का औसत तापमान 42 डिग्री सेल्सियस है, जो अब तक खोजे गए 5,200 से ज्यादा एक्सोप्लैनेट में से अधिकांश से कम है। वहीं पृथ्वी की सतह का औसत तापमान देखें तो यह 15 डिग्री सेल्सियस है।

हमारे सौर मंडल से बाहर के किसी भी ग्रह को एक्सोप्लैनेट कहते है। ये अब तक खोजा गया पृथ्वी का सबसे करीबी एक्सोप्लैनेट है। वर्तमान में मौजूद सबसे तेज स्पेसक्राफ्ट यानी अंतरिक्ष यान से ग्लिसे 12बी तक पहुंचने में लगभग 2.25 लाख साल लगेंगे।

### ग्लिसे 12बी हैबिटेबल जोन में, इसलिए पानी की संभावना

वैज्ञानिकों ने पता लगाया कि ग्लिसे 12 बी हर 12.8 दिनों में अपने तारे की परिक्रमा करता है। इस तारे की परिक्रमा करने वाले कुल सात ग्रह हैं, जिनमें से सभी लगभग पृथ्वी के आकार के हैं और संभवत: चट्टानी हैं। इन ग्रहों में से तीन ग्रह हैबिटेबल जोन यानी, रहने योग्य क्षेत्र में आते हैं।

रहने योग्य क्षेत्र किसी तारे से वह दूरी है जिस पर उसकी परिक्रमा करने वाले ग्रहों की सतहों पर तरल पानी मौजूद हो सकता है। जैसे पृथ्वी ने अपना पानी बनाए रखा, क्योंकि सूर्य से उसकी दूरी हैबिटेबल जोन में थी, जबकि शुक्र के ग्रीनहाउस प्रभाव के कारण वहां पानी नहीं बच गया।

### हमने सबसे नजदीक पृथ्वी के आकार की दुनिया ढूंढ ली

टोक्यो में एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर में प्रोजेक्ट असिस्टेंट प्रोफेसर मासायुकी कुजुहारा ने कहा कि हमने आज तक की सबसे नियरेस्ट, ट्रांजिटिंग, टेंपरेचर, अर्थ-साइज यानी पृथ्वी के आकार की दुनिया ढूंढ ली है। मासायुकी कुजुहारा, अकिहिको फुकुई के साथ रिसर्च टीम्स के को-लीडर और टोक्यो यूनिवर्सिटी में एक प्रोजेक्ट असिस्टेंट प्रोफेसर भी हैं।

एक बार पृथ्वी जैसे टेंपरेचर वाले अर्थ-साइज प्लेनेट्स की पहचान हो जाती है, तो फिर साइंटिस्ट यह तय करने के लिए उनको एनालाइज कर सकते हैं कि उनके वायुमंडल में कौन से तत्व मौजूद हैं और सबसे जरूरी जीवन को बनाए रखने के लिए वहां पानी मौजूद है या नहीं।

### एक्सोप्लैनेट की खोज से क्या फायदा होगा?

नासा के एक्सोप्लैनेट प्रोग्राम का अंतिम लक्ष्य जीवन के संकेतों को खोजना है। क्या पृथ्वी से परे जीवन मौजूद है या नहीं यह अब तक के सबसे बड़े सवालों में से एक है। ब्रह्मांड में हमें जीवन मिलता है या नहीं मिलता दोनों ही उत्तर हमें हमेशा के लिए बदल देंगे। पृथ्वी के बाहर जीवन की खोज की कोशिश से हमें कई अन्य सवालों के जवाब भी मिल रहे हैं। जैसे हम कहां से आए हैं, जीवन कैसे आया और, शायद, हम कहां जा रहे हैं।

# पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन पर बायोपिक बनाएगा रॉय कपूर फिल्म्स

**मुंबई,** 3 जून (एजेंसियां)। रॉय कपूर फिल्म्स भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन की बायोपिक बनाने जा रहा है।

सिद्धार्थ रॉय कपूर के बैनर रॉय कपूर फिल्म्स ने ट्रिकीटेनमेंट मीडिया के साथ मिलकर भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त और 1951-52 में देश के पहले आम चुनावों के पीछे के वास्तुकार सुकुमार सेन के जीवन पर एक बायोपिक बनाने के अधिकार हासिल कर लिया हैं। एक प्रतिभाशाली गणितज्ञ से सिविल सेवक बने, सुकुमार सेन ने भारत को ब्रिटिश उपनिवेश से एक लोकतांत्रिक गणराज्य में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 26 जनवरी 1950 को देश के गणतंत्र बनने के दो साल के भीतर ही सम्पूर्ण प्रक्रिया को क्रियान्वित करना, जिसके परिणामस्वरूप, उनके अपने शब्दों में, 'मानव इतिहास में लोकतंत्र का सबसे बड़ा प्रयोग' हुआ। इससे पहले किसी भी भारतीय अधिकारी को इतनी बड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा था।



- 'मानव इतिहास में लोकतंत्र का सबसे बड़ा प्रयोग' हुआ
- 60 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं ने अपने जीवन में पहली बार मतदान का प्रयोग किया

सुकुमार सेन का काम अपनी जटिलता से चकित कर देने वाला था। तीन लाखों वर्ग किलोमीटर की भूमि पर दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आयोजन करना पहाड़ों, रेगिस्तानों और जंगलों के विभिन्न इलाकों में, 175 लाखों लोगों के मतदाताओं के साथ, जिनमें से 85 प्रतिशत निरक्षर थे और 565 रियासतों और कई नवगठित राज्यों के हजारों शहरों, कस्बों और गांवों में फैले हुए थे। सुकुमार सेन और उनकी टीम के अथक प्रयासों के कारण लगभग 60 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं ने अपने जीवन में पहली बार मतदान के अधिकार का प्रयोग किया। तमाम बाधाओं के बावजूद, भारत का पहला आम चुनाव लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर था और दुनिया का उस समय का सबसे बड़ा चुनाव था।

निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने बायोपिक के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम अपने राष्ट्रीय नायकों में से एक सुकुमार सेन की अविश्वसनीय कहानी को पर्दे पर लाने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जिन्होंने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रूपरेखा तैयार करने में उनके योगदान की सराहना की जानी चाहिए और हम भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने हमारे पहले चुनाव और इसके पीछे के अद्भुत व्यक्ति की यह रोमांचक कहानी लाने के लिए उत्सुक हैं।ट्रिकीटेनमेंट मीडिया से रोमंचक अरोड़ा ने कहा,हमारा दृढ़ विश्वास है कि सुकुमार सेन की पौराणिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कहानी, स्मारकीय और नाटकीय क्षणों से भरी हुई, मतदान देने के अधिकार का उपयोग करने वाले सभी भारतीय नागरिकों को पसंद आएगी।

सुकुमार सेन के पोते संजीव सेन और देबदत्त सेन ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक उसका सफल लोकतंत्र रहा है। सभी लोकतंत्रों की नींव स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हैं और इस जीवंत चुनावी प्रक्रिया की आधारशिला रखने का श्रेय मेरे दादा और स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाना चाहिए। मैं इस महान राष्ट्र के एक गुमनाम नायक की अनकही कहानी को चित्रित करने में निर्माताओं की सफलता की कामना करता हूं। मैं निर्माताओं को बधाई देता हूं और उन्हें उनके प्रयास में सफलता की कामना करता हूं। यह हमारे देश के लोगों को एक उल्लेखनीय व्यक्ति और उनकी उपलब्धियों से अवगत कराने का एक सराहनीय प्रयास है।



# अभिनेत्री गुलफाम खान हुसैन ने अपने थिएटर के दिनों को किया याद

**मुंबई,** 3 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री गुलफाम खान हुसैन ने लंबे मोनोलॉग और डायलॉग सीखने के पीछे के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने यह सब थिएटर के दिनों में सीखा था और यह हमेशा उनके काम आया है। ध्रुव तारा - समय सदी से परे में नजर आने वाली गुलफाम ने कहा कि मैंने थिएटर के दिनों में डायलॉग को लेकर एक चीज सीखी थी कि बिना किसी भावना के संवादों को तीन बार पढ़ें और फिर भावनाओं के साथ पढ़ें। आप इसे बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। अगर फिर भी नहीं समझ पाते हैं तो संवादों को लिख लें। आपकी याददाश्त पढ़ने से ज्यादा लिखने से आती है।

एक्ट्रेस ने कहा कि साथ ही एक ही टेक में सब कुछ सही से करने की कोशिश करें। सिर्फ डायलॉग ही नहीं, बल्कि सारी भावनाएं भी एक ही टेक में करने पर आसान होती हैं, कई बार बाद के टेक में आपकी दृढ़ता कमजोर पड़ जाती है। गुलफाम खान हुसैन ने कहा कि नकारात्मक किरदार निभाना ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है।

अलादीन - नाम तो सुना होगा में अपने काम के लिए मशहूर गुलफाम ने बताया कि नकारात्मक किरदारों में कई परतें होती हैं, जैसा कि हम कहते हैं ज्यादा 'मसाला', इसमें गुस्सा, नकारात्मकता, हताशा, चालाकी आदि के शेड्स होते हैं। मैं अपने नकारात्मक किरदारों का लुत्फ उठाती हूं।

नकारात्मक किरदार निभाते समय दर्शकों से मिलने वाली नफरत के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि इसे मुस्कुराहट के साथ लें, मेरे पास ऐसे उदाहरण हैं जब लोगों ने मुझे फोन किया और गाली दी। यह केवल यह दर्शाता है कि आप उस किरदार को निभाने में सफल रहे हैं।

गुलफाम ने कहा कि वह उन लोगों में से हैं जो निभाए गए किरदारों से प्रभावित होते हैं। एक्ट्रेस ने एक वाकया शेयर करते हुए कहा कि जब मैं 'नामकरण' में 'नन्नो' का किरदार निभा रही थी, तो मैं असल जिंदगी में भी युवाओं से जुड़ गई थी और जब मैं अलादीन कर रही थी, तो मैंने अपने आप ही सारे स्टंट किए, जिसके चलते मैं थक कर घर लौटती थी। मुझे ये दोनों ही काम पसंद हैं।

ध्रुव तारा सोनी सब पर प्रसारित होता है और इसमें ईशान धवन और रिया शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। गुलफाम ने अपने करियर की शुरुआत 2003 में आए टेलीविजन शो लिपस्टिक से की थी। एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा के कई जाने माने चेहरों के साथ काम कर चुकी हैं। वह टीवी शो सावधान इंडिया में भी काम कर चुकी हैं।

# स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग सीखते वक्त आया शो 'बादल पे पांव है' का आइडिया : सरगुन मेहता

**मुंबई,** 3 जून (एजेंसियां)। अपकमिंग सीरियल 'बादल पे पांव है' की निर्माता सरगुन मेहता ने शो के यूनीक कॉन्सेप्ट के बारे में कहा कि स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग करने वाली महिला के ऊपर पहली बार किसी शो की कहानी बनाई गई है।

सरगुन ने कहा कि मैं बहुत लंबे समय से स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग सीखना चाहती थी, और मेरे सभी दोस्त, मेरे पापा, मेरे भाई और यहां तक कि अब मेरी भाभी भी स्टॉक ट्रेडिंग करते हैं। जब मैं स्टॉक के बारे में सीख रही थी, तब यह आइडिया मेरे दिमाग में आया और मैं सोचने लगी कि मैं यह क्यों करना चाहती हूं और किस तरह के लोग स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग करते हैं।

उन्होंने कहा कि तभी बानी का किरदार मेरे दिमाग में आया। यह न केवल मेरे सभी शो से अलग है, बल्कि यह सभी टीवी शो से भी अलग है। सबसे पहले, यह पूरी तरह से एक अलग दुनिया है। लंबे समय तक, महिलाएं केवल सिलाई या खाना पकाने का काम करती थीं क्योंकि उनके लिए करियर के ऑप्शन कम थे। इसलिए, उनमें जो भी स्किल थी, उन्होंने जो कुछ भी सीखा.. उसे करियर में बदल दिया।

सरगुन ने कहा कि लेकिन आज की पीढ़ी किसी खास हुनर से बंधी नहीं है। उन्होंने अपने लिए करियर के नए रास्ते खोल लिए हैं। आज महिलाएं हर काम कर रही हैं, तो फिर शेयर बाजार में ट्रेडिंग क्यों नहीं।

एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू द्वारा निभाए गए बानी के किरदार को लेकर सरगुन ने कहा कि इस किरदार की परिकल्पना काफी हद तक इस बात पर आधारित है कि मेरी परवरिश कैसे हुई है और मेरी मां कैसी हैं। हम ऐसे लोग हैं जो वाकई बड़े सपने देखते हैं। इसलिए, यह शो ऐसी लड़की की कहानी है जो उन सबसे सवाल कर रही है जो कहते हैं कि यही हमारी किस्मत है, और हम इसी में खुश हैं। वह उस सामाजिक मानदंड को चुनौती देती है। बानी के किरदार के लिए अमनदीप सिद्धू को चुनने पर सरगुन ने कहा कि जब हमने अमनदीप का पहला ऑडिशन देखा तो मैं तुरंत उससे कनेक्ट हो गई। जब हमने उनके साथ मॉक शूट किया तो मेरे डायरेक्टर और मैं उन्हें चुनने के लिए 100 प्रतिशत राजी हो गए। हालांकि, मैं तब तक अमनदीप से नहीं मिली थी। लेकिन जब मैं पहली बार उससे मिली और उसे कुछ सीन सुनाए, तो मैंने उसकी आंखों में एक अलग चमक देखी।



सरगुन ने कहा कि उसने मुझे अपनी जिंदगी के कई ऐसे किस्से बताए जहां वह बिल्कुल बानी की तरह थी। उस पल, मुझे यकीन हो गया कि वह बानी ही है। अमनदीप बानी के बहुत करीब थी और मुझे लगता है कि वह बस इस किरदार को अपनाने का इंतजार कर रही थी। बादल पे पांव है 10 जून से सोनी सब पर प्रसारित होगा।

# स्वास्थ्य बीमा को सुलभ व किफायती बनाएगा मासिक प्रीमियम

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। क्या आप ऐसे व्यक्ति हैं, जो सही स्वास्थ्य बीमा योजना चुनना चाहते हैं, लेकिन प्रीमियम की कीमतों को लेकर झिझक रहे हैं? खैर, ऐसे आप अकेले व्यक्ति नहीं हैं! सही स्वास्थ्य बीमा योजना ढूंढ़ना भारी पड़ सकता है, क्योंकि लागतों को नियंत्रित करना काफी मुश्किल हो सकता है। कोई आश्चर्य नहीं, भारत में तीन में से केवल एक व्यक्ति के पास स्वास्थ्य बीमा कवरेज है। इसमें सरकारी और निजी दोनों तरह की स्वास्थ्य बीमा योजनाएं शामिल हैं। लेकिन क्या होगा, अगर आपको पता चले कि स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का भुगतान करना अब आपके मासिक ओटीटी या किराने की खरीदारी जितना आसान हो सकता है?भारत में स्वास्थ्य बीमा को हमेशा किसी के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए सुरक्षा जाल के बजाय, आर्थिक भार के रूप में देखा जाता है। भारत में प्रति व्यक्ति औसत आय लगभग 16 हजार रुपए प्रति माह है।

स्वास्थ्य बीमा का प्रीमियम, जब सालाना देय होता है, तो एक महीने के वेतन का लगभग 30 प्रतिशत (प्रीमियम के रूप में 5,000 रुपए मानकर) होता है। इससे एक बार में भुगतान करना मुश्किल हो जाता है।

# मेरी लक्ष्मी की शादी में आइएगा जरूर

कलर्स ने हाल ही में लॉन्च किया शो- 'मंगल लक्ष्मी'

**मुंबई,** 3 जून (देशबन्धु) सदियों से, महिलाओं ने चुपचाप कठिनाइयों का बोझ उठाया है और युवा पीढ़ी की महिलाओं को लचीलापन और धैर्य का पाठ पढ़ाया है। शादी में सम्मान की कमी को सहन करने के दुष्चक्र को चुनौती देते हुए, कलर्स का हाल ही में लॉन्च किया गया शो है - 'मंगल लक्ष्मी'।




9 दीपिका सिंह (मंगल), सानिका अमित (लक्ष्मी) और नमन शॉ (आदित) की मुख्य भूमिकाओं वाली 'मंगल लक्ष्मी' हर दिन रात 9:00 बजे सिर्फ कलर्स पर प्रसारित है।

दिल्ली में सेट, 'मंगल लक्ष्मी' प्यार और त्याग की एक दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो दो बहनों की यात्रा को दर्शाती है, जो एक-दूसरे के लिए सम्मान का दावा करती हैं। मंगल हर भारतीय महिला का प्रतीक है जो अपने परिवार, खासकर अपनी बहन से बेहद प्यार करते हुए अपने घरेलू कर्तव्यों का निर्वाह करती है। वह अपनी छोटी बहन लक्ष्मी के लिए बेहतर जीवन की राह रोशन करने के मिशन पर है, उसके लिए सम्मान पर आधारित एक संघ की तलाश कर रही है। इस बीच, लक्ष्मी भी अपनी बड़ी बहन का निरंतर समर्थन करेगी। आखिरकार, देवताओं ने मंगल की प्रार्थनाओं का उत्तर दिया है, और उसकी लंबी खोज अब समाप्त हो गई है क्योंकि उसे कार्तिक में अपनी प्रिय लक्ष्मी के लिए आदर्श नारायण मिल गया है। उनमें वे गुण हैं जिनकी मंगल ने अथक खोज की थी - दया और सम्मान। मंगल ने लक्ष्मी की शादी की तैयारियों की खुशी भरी यात्रा शुरू कर दी है। मंगल को लक्ष्मी की शादी के संबंध में अपने पति और परिवार की अपेक्षाओं और अपने परिवार के प्रति मंगल की ज़िम्मेदारी दोनों से चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आर्थिक रूप से, उसने अपनी क्षमता से कहीं ज़्यादा बोझ उठाया, यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसकी बहन का सपना सामाजिक अपेक्षाओं के समुद्र में डूब न जाए। उसने अपने पति द्वारा चोरी के आरोपों को संभाला, अपने ससुराल वालों के सामने अपनी बात रखी और अपमान का सामना किया, जो उसने अपनी बहन की खुशी के लिए चुकाया। फिर भी, मंगल ने इन सबके बावजूद हिम्मत नहीं हारी। अपनी बहन के प्रति अटूट प्रेम से प्रेरित होकर, उसने एक खामोश युद्ध लड़ा - आंतरिक रूप से अपनी कठिनाइयों से जूझते हुए और बाहरी रूप से पारिवारिक दबावों से निपटते हुए - सभी का एकमात्र लक्ष्य लक्ष्मी को सुरक्षित करना था - सम्मान और खुशी से भरा भविष्य।

# लू और भीषण गर्मी के प्रकोप से लोगों की आजीविका प्रभावित

## कृषि प्रधान राज्यों, ग्रामीण मज़दूरों, महिलाओं पर अधिक प्रभाव

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। देश में इस समय जारी लू और भीषण गर्मी के प्रकोप से छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में लोगों की आजीविका अधिक प्रभावित हो रही है क्योंकि वहां अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर हैं तथा गरीबी दर अधिक है वहां लू का प्रभाव और भी बढ़ा है।

ग्रामीण विकास क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठन ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया के निदेशक (छत्तीसगढ़) ने कहा कि इस समय प्रचंड गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में महिलाओं और कमजोर वर्ग के कामगारों पर पड़ रहा है। उन्होंने गर्मी और लू के प्रभाव को कम करने के लिए ग्रामीण समुदायों की भलाई और आजीविका की सुरक्षा के लिए कृषि योजनाओं में लचीलेपन, बुनियादी ढांचे के विकास और लिंग-संवेदनशील हस्तक्षेपों को संबोधित करने वाली व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण रोजगार के लिये गर्मियों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) मजदूरी की मांग ज्यादा है। छत्तीसगढ़ में मनरेगा श्रमिकों में महिला भागीदारी 55 प्रतिशत तक ऊंची है। उन्होंने कहा कि लू ग्रामीण समुदायों के समक्ष बहुआयामी चुनौतियां पेश करती हैं, जो मुख्यत: स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि परिवारों में अक्सर प्राथमिक देखभाल करने वाली महिलाएं होती हैं जो खेतिहर मजदूर भी हैं। तेज गर्मी का खामियाजा सबसे ज़्यादा इन महिलाओं को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए मनरेगा जैसे कार्यक्रमों में गर्मियों के दौरान सक्रियता बढ़ जाती है, जो मुख्य रूप से जल संरक्षण और सड़क निर्माण जैसे श्रम-आधारित कार्यों पर केंद्रित होते हैं। लेकिन मज़दूरों की सुविधा के उपायों के अभाव और अपर्याप्त बुनियादी ढांचे के कारण 88 लाख पंजीकृत मजदूरों के लिए ऐसा मौसम अधिक जोखिम भरा हो जाता है। संगठन का कहना है कि लू के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव व्यक्तिगत स्वास्थ्य से परे समग्र उत्पादकता और आय तक पड़ता है, और इससे स्त्री पुरुष विषमता भी बढ़ती है।



- मनरेगा श्रमिकों में महिला भागीदारी 55 प्रतिशत तक ऊंची

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 1.80 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.32 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.07 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.96 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.92 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.08 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.77 प्रतिशत |
| मारुति | 1.51 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.37 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.82 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# मई में विनिर्माण गतिविधियां हुई धीमी


**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। विनिर्माण गतिविधियों को मापने वाले एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) इस साल मई में पिछले महीने के 58.8 से गिरकर 57.5 पर आ गया।

सोमवार को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी सर्वेक्षण के अनुसार, मई 2024 में भारत की फैक्ट्री गतिविधियों में कमी आई, लेकिन विस्तार की स्थिति बनी रही। 50 से नीचे पीएमआई का मतलब संकुचन है जबकि इससे ऊपर गतिविधियों में विस्तार को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा कि मई में विनिर्माण क्षेत्र विस्तार की स्थिति में रहा, हालांकि नए ऑर्डर और उत्पादन में धीमी वृद्धि के कारण विस्तार की गति धीमी रही।

**विनिर्माण पीएमआई गिरकर 57.5 पर आया**

इसमें कहा गया है कि कंपनियों ने संकेत दिया है कि भीषण गर्मी के बीच काम के घंटे कम हो गए हैं, जिससे उत्पादन की मात्रा में बाधा आई है। साथ ही, इसने कहा कि नए ऑर्डर धीमी गति से बढ़े हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बिक्री में 13 वर्षों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है।

इसमें कहा गया है कि माल उत्पादक लगभग एक दशक में दृष्टिकोण के बारे में



**मई में विनिर्माण क्षेत्र विस्तार की स्थिति में रहा, हालांकि नए ऑर्डर और उत्पादन में धीमी वृद्धि के कारण विस्तार की गति धीमी रही : मैत्रेयी दास**

सबसे अधिक उत्साहित थे, और सर्वेक्षण के इतिहास में सबसे तेज दरों में से एक पर कार्यबल की संख्या में वृद्धि हुई। इस बीच, इनपुट लागत और आउटपुट शुल्क दोनों में मजबूत वृद्धि हुई।

एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल द्वारा लगभग 400 निर्माताओं के पैनल में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों से संकलित किया जाता है। यह अर्थशास्त्रियों, बाजारों और नीति-निर्माताओं द्वारा बारीकी से देखे जाने वाले उच्च आवृत्ति डेटा में से एक है। सर्वेक्षण प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि इस साल मई के महीने में कच्चे माल और माल ढुलाई की उच्च लागत के कारण इनपुट कीमतों में वृद्धि हुई है।

## गहनों के आयात पर निगरानी तेज

### वित्त वर्ष 24 में करीब पांच टन सोना किया जब्त



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने बिना ब्रांड के सोने के आभूषणों के आयात पर निगरानी बढ़ा दी है। हाल में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और आयातकों से जब्ती में तेजी से वृद्धि हुई है। सीमा शुल्क बोर्ड और राजस्व खुफिया निदेशालय ने वित्त वर्ष 24 में संयुक्त कार्रवाई कर करीब पांच टन (5,000 किलोग्राम) सोना जब्त किया है। वित्त वर्ष 24 में वित्त वर्ष 23 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक जब्ती हुई। वित्त वर्ष 23 में 3.5 टन (3,500 किलोग्राम) सोने की जब्ती हुई थी। इस मामले की सीधे तौर पर जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि बीते एक साल के दौरान सोने के आभूषणों की जब्ती में महत्त्वपूर्ण रूप से इजाफा हुआ है और कुल जब्त सोने में आभूषणों की हिस्सेदारी प्रमुख हो गई है। हम सोने की खेप मंगाए जाने के सभी मार्गों की निगरानी कर रहे हैं।' आधिकारिक स्रोतों ने बताया कि दक्षिण पूर्व एशिया से मंगाए जाने वाली खेपों की कड़ी जांच की गई है। इन रास्तों से सोना मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत वैध रूप से आता है। इसके अलावा अधिकारी म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। इसका कारण यह है कि यह सोने के तस्करों का पसंदीदा मार्ग है। अधिकारी ने बताया, 'हम साझेदार कानून प्रवर्तन एजेंसियों का डेटा स्कैन कर रहे हैं। सोने की हरेक खेप पर नजर रख रहे हैं। इससे हम यह जांच कर सकेंगे कि इनका संबंध कहीं अवैध मार्ग आने वाले सोने से तो नहीं है।'

## मॉयल ने की मई में मैंगनीज अयस्क की रिकार्ड बिक्री



**पिछला रिकार्ड दिसंबर 2019 का है जब कंपनी ने 1.83 लाख टन अयस्क बेचा**

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। सरकारी क्षेत्र की मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी मॉयल ने मई 2024 में 2.15 लाख टन मैंगनीज अयस्क की बिक्री को जो एक नया मासिक रिकार्ड है।

पिछला रिकार्ड दिसंबर 2019 का है जबकि कंपनी ने 1.83 लाख टन अयस्क बेचा था। मॉयल की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष मई में बिक्री 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों अप्रैल-मई 2024 में कंपनी की बिक्री एक वर्ष पहले की इसी अवधि की तुलना में 31.5 प्रतिशत आधिक है। विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी को बाजार की परिस्थितियों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में विभिन्न ग्रेड के मैंगनीज अयस्क की कीमतों में लगभग 65 प्रतिशत वृद्धि करने का मौका मिला है। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में उसका उत्पादन वार्षिक आधार पर सात प्रतिशत वृद्धि के साथ 3.05 लाख टन रहा। ६

इस दौरान मॉयल ने खनिज अन्वेषण के लिए 18,609 मीटर मुख्य ड्रिलिंग की जो सालाना आधार पर 26 प्रतिशत अधिक है।

## लेंसकार्ट ने दो विदेशी कंपनियों से जुटाए 20 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। एशिया की सबसे बड़ी चश्मा बेचने वाली कंपनी लेंसकार्ट ने सेकंडरी इन्वेस्टमेंट से आज 20 करोड़ डॉलर




(200 मिलियन डॉलर) के फंड जुटाए। आईवियर रिटेलर को यह फंडिंग सिंगापुर की कंपनी टेमासेक और फिडेलिटी मैनेजमेंट एंड रिसर्च कंपनी से मिली। इस निवेश के बाद टेमासेक का लेंसकार्ट में मौजूदा निवेश दोगुना हो गया है।

इस ट्रांजैक्शन के बाद, लेंसकार्ट की तरफ से पिछले 18 महीनों में जुटाई गई कुल पूंजी करीब 1 अरब डॉलर हो गई है।

इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक, फंडिंग के इस राउंड में लेंसकार्ट की वैल्यू बढ़कर करीब 5 अरब डॉलर होने की संभावना है। इसकी सेकंडरी सेल इसके पिछले 4.5 अरब डॉलर के मुकाबले 11-12 फीसदी ज्यादा वैल्यूएशन पर हो रही है। पीयूष बंसल की अगुवाई वाली कंपनी की वैल्यू आखिरी बार पिछले साल जून में, 10 करोड़ डॉलर की फंडिंग के दौरान 4.5 बिलियन डॉलर आंकी गई थी।

एवेंडस कैपिटल इस ट्रांजेक्शन पर लेंसकार्ट और उसके सेलिंग शेयरहोल्डर्स के लिए एक्सक्ल्यूजिव फाइनेंशियल एडवाइजर था।

## मार्च तिमाही में कम हो सकता है चालू खाते का घाटा

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। भारत में चालू खाते का घाटा (सीएडी) वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही में और कम हो सकता है। इसका कारण यह है कि जनवरी मार्च अवधि के दौरान ऋणात्मक शुद्ध निर्यात का दबाव 11 तिमाहियों में सबसे कम हो गया है।

शुद्ध निर्यात असल में वस्तुओं और सेवाओं के कुल निर्यात और आयात का अंतर होता है, जबकि चालू खाते का घाटे में इस अंतर के साथ ही निजी स्थानांतरण प्राप्तियों को भी शामिल करते हैं। शुद्ध निर्यात सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का हिस्सा होता है, जबकि चालू खाते के घाटे का आंकड़ा रिजर्व बैंक जारी करता है।

लिहाजा शुद्ध निर्यात को चालू खाते के घाटे के लिए प्रॉक्सी माना जाता है। शुद्ध निर्यात के साथ विदेश




- **ऋणात्मक शुद्ध निर्यात का दबाव 11 तिमाहियों में सबसे कम रहा**

में कार्यरत भारतीयों द्वारा भेजी गई राशि को जोड़कर सीएडी की गणना की जाती है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय के जारी आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही में शुद्ध निर्यात नॉमिनल संदर्भ में जीडीपी के -0.8 फीसदी पर रहा जबकि यह इसकी पिछली तिमाही में -2.9 फीसदी था। हालांकि रियल यानी वास्तविक मायने में मार्च तिमाही में शुद्ध निर्यात धनात्मक (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) हो गया जबकि यह इसके पीछे तीन लगातार तिमाहियों में ऋणात्मक रहा था। शुद्ध निर्यात धनात्मक रहने से कुल जीडीपी वृद्धि को जबरदस्त समर्थन मिला।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अप्रैल में मौद्रिक नीति के बयान में कहा था कि वित्त वर्ष 24 की पहली तीन तिमाहियों में भारत का चालू खाते का घाटा महत्त्वपूर्ण रूप से कम हुआ। यह संकुचन वस्तु निर्यात घाटे में कमी आने के साथ सेवा निर्यात तेजी से बढ़ने और विदेशों से काफी धन भेजे जाने के कारण हुआ था। उन्होंने बताया, 'भारत का वस्तु और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में अच्छे ढंग से मजबूत हुआ है। विश्व में सबसे ज्यादा धन प्राप्त करने वाले देश का तमगा भारत के पास रहा।

**सार संक्षेप**

### बायजू अपने कलेक्शन से देगा कर्मचारियों को मई का वेतन

**नई दिल्ली।** संकटग्रस्त एडटेक कंपनी बायजू मई महीने का वेतन अपने कर्मचारियों को दे सकता है। पिछले कुछ महीनों में वित्तीय संकट के कारण कंपनी को कई बार कर्मचारियों के वेतन में देरी करनी पड़ी है, जिस कारण कंपनी पर कई मुकदमे भी हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि मई महीने का वेतन प्रोसेस कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने यह वेतन अपने कलेक्शन में से दिया है। अपने मासिक कलेक्शन से वेतन देना कंपनी की क्षमता को दिखाता है। यह बताता है कि कंपनी द्वारा हाल में लिए फैसलों का सकारात्मक असर हुआ है इससे उसकी वित्तीय सेहत सुधरी है। बायजू पिछले कुछ महीने से कर्मचारियों को वेतन भुगतान के लिए संघर्ष कर रही है। अभी भी हजारों कर्मचारियों का फरवरी और मार्च का वेतन बकाया है। कंपनी ने अब कम से कम अगले छह महीनों के लिए समय पर वेतन देने की योजना तैयार की है।

### राजेश चंदिरमानि बने कॉमवीवा के सीईओ

**नई दिल्ली।** ग्राहक अनुभव एवं डेटा मोनेटाइजेशन सॉल्यूशंस कंपनी कॉमवीवा ने आज घोषणा की कि राजेश चंदिरमानि ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं पूर्णकालिक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति 1 जून, 2024 से प्रभावी है। संयोग से नेतृत्व परिवर्तन ऐसे समय में हुआ है जब कॉमवीवा ने कारोबार में 25 वर्ष पूरा करने की उपलब्ध हासिल की है और कंपनी के तौर पर यह उपलब्धि इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म्स में विश्व की अग्रणी कंपनी के तौर पर आगे बढ़ने की इसकी प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। कंपनी नवप्रवर्तन और उत्कृष्टता के साथ एक बड़ी यात्रा शुरू कर रही है। श्री चंदिरमानि ने श्री मनोरंजन माओ मोहापात्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद यह महत्वपूर्ण भूमिका संभाली है। श्री मोहापात्रा ने इस कंपनी में अपना उल्लेखनीय कार्यकाल मई, 2024 के अंत में पूरा किया। सेवानिवृत्ति के बाद मोहापात्रा कॉमवीवा के बोर्ड में गैर कार्यकारी निदेशक के तौर पर सेवा देते रहेंगे।

### दूरसंचार तकनीकी विकास कोष का विस्तार तय

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरणों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए दूरसंचार के शोध व विकास से जुड़े एक कोष का विस्तार किया जा सकता है। दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल दूरसंचार तकनीक विकास कोष सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि के पांच फीसदी या करीब 500 करोड़ रुपए है। इसे बढ़ाकर करीब 3,000 करोड़ रुपए किया जा सकता है। इस लक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्र संचार विस्तार के अलावा 'भारत में निर्मित' नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण के शोध व विकास को शामिल किया जा सकता है। अक्टूबर 2022 से जारी तकनीक विकास कोष का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचार प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों में अनुसंधान एवं विकास को वित्तीय मदद करना और दूरसंचार का तंत्र विकसित करना है।

# अडाणी ग्रुप के शेयरों में 14 प्रतिशत तक का उछाल

### वित्त वर्ष 24 में अडाणी ग्रुप के सभी कंपनियों के कुल ईबीआईटीडीए में 45 प्रतिशत की बढ़त हुई

**मुंबई,** 3 जून (एजेंसियां)। अडाणी ग्रुप के शेयरों में सोमवार को सुबह के कारोबार में तूफानी उछाल देखने को मिला। समूह के शेयर 14 प्रतिशत तक चढ़ गए और बाजार में सबसे ज्यादा चढ़ने वालों में शामिल रहे।

अडाणी पावर का शेयर 14 प्रतिशत की तेजी के साथ 861 रुपए पर कारोबार कर रहा है। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एएसपीईजेड) के शेयर 11 प्रतिशत उछलकर 1,590 रुपए पर पहुंच गए। अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर चार प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,990 रुपए पर बने हुए हैं। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 7.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,667 रुपए पर पहुंच गए।

अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,219 रुपए पर है। अडाणी टोटल एनर्जी का शेयर सात प्रतिशत की तेजी के साथ 1,113 रुपए पर पहुंच गया है। अंबुजा सीमेंट का शेयर 3.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 658 रुपए पर और एसीसी का शेयर 3.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,638 रुपए पर बना हुआ है।

पिछले सप्ताह अडाणी पोर्ट्स ने तंजानिया पोर्ट अथॉरिटी के साथ 30 साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है, जिसमें कंपनी दार अस सलाम पोर्ट के कंटेनर टर्मिनल-2 को ऑपरेट करेगी। अडाणी ग्रुप ने




रविवार को कहा था कि सभी कंपनियों का प्रदर्शन वित्त वर्ष 24 में काफी अच्छा रहा है, जो ग्रुप के सभी कारोबार की मजबूती को दिखाता है।

वित्त वर्ष 24 में अडाणी ग्रुप के पोर्टफोलियो की सभी कंपनियों के कुल ईबीआईटीडीए में 45 प्रतिशत की बढ़त हुई थी और इनका सम्मिलित आंकड़ा 82,917 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो अडाणी ग्रुप के इतिहास में सबसे ज्यादा है।

एग्जिट पोल के नतीजों में मोदी सरकार की वापसी का संकेत मिलने के बाद भारतीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही ऑल-टाइम हाई पर खुले। सुबह 10:45 तक सेंसेक्स 2,020 अंक या 2.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,981 अंक और निफ्टी 613 अंक या 2.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,144 अंक पर था।

## निवेशकों ने कमाए 13.78 लाख करोड़ से अधिक

**मुंबई।** शेयर बाजार के बाजार रिकार्ड स्तर पर पहुंचने से निवेशकों के बल्ले-बल्ले हो गए और एक ही दिन में 1378700 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हो गई।



बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2507 अंकों की तेजी लेकर पहली बार 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुए 76468.78 अंक पर पहुंच गया। इस तेजी में बीएसई का बाजार पूंजीकरण पिछले कारोबारी दिवस के 41212811.14 करोड़ रुपए की तुलना में 1378700.40 करोड़ रुपए की बढ़त लेकर 42591511.54 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस तरह से निवेशकों की एक ही दिन में 1378700 करोड़ रुपए की कमाई हो गई।

## रुपया 38 पैसे की बढ़त के साथ 83.04 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 38 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.04 पर पहुंच गया। यह उसका तीन महीने का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में विदेशी पूंजी के प्रवाह से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.09 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.04 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 38 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस वर्ष 18 मार्च को रुपया 83.00 के स्तर को पार कर गया था। स्थानीय मुद्रा ने अप्रैल 2023 के बाद से सबसे अधिक एकल-दिवसीय वृद्धि दर्ज की, जब रुपये में 42 पैसा का उछाल आया था। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.42 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले




अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.56 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.06 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई पूंजी बाजार में शुक्रवार को लिवाल रहे और शुद्ध रूप से 1,613.24 करोड़ रुपये की कीमत के शेयर खरीदे।

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार की जीत के अनुमान के बीच घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में करीब चार प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने-आने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस



बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 83 रिंगिट उतरकर 4070 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट की तेजी लेकर 46.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा लुधियाना का कपड़ा उद्योग

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। मुक्त व्यापार समझौता हो तो संभले लुधियाना का कपड़ा उद्योग, आठ साल से उतार-चढ़ाव चल रहा है। लुधियाना का कपड़ा उद्योग व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय से मंदी ऐसी कि उद्यमियों ने इसे ही सामान्य हालात मान कर स्वीकार करना शुरू कर दिया है। हालांकि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने में मदद करेगी। यही नहीं, विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने से भी उनकी तरक्की के द्वार खुल जाएंगे।

श्रम आधारित इस उद्योग के लिए पिछले आठ वर्ष बहुत ही उतार-



चढ़ाव भरे रहे हैं। पहले 2016 की नोटबंदी और फिर संशोधित अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के तहत 2017 में लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण लगे झटके से यह उद्योग उबर नहीं पाया है। इसके अलावा, वर्ष 2020 में कोविड और फिर 2022 में वैश्विक स्तर पर बदले हालात से पश्चिमी देशों में छायी मंदी और उच्च महंगाई के कारण मांग बुरी तरह प्रभावित हुई। इसका सीधा असर

- **नोटबंदी व जीएसटी के कारण लगे झटके से उबर नहीं पाया यह उद्योग**
- **लुधियाना में जल्द से जल्द मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाना जरूरी**

लुधियाना के कपड़ा उद्योग पर दिखाई दिया। कपड़ा उद्योग की प्रमुख संस्था नाइटवेयर क्लब के अध्यक्ष विनोद थापर कहते हैं कि इस उद्योग को गति देने के लिए लुधियाना में जल्द से जल्द एक मेगा टेक्सटाइल पार्क बनना चाहिए। वह कहते हैं कि चीन की तरह विकसित होने वाले ऐसे पार्क इस उद्योग की सूरत बदल सकते हैं, क्योंकि इससे हजारों नौकरियां पैदा होंगी और कपड़ा उद्योग में जान आएगी। थापर कहते हैं, 'पिछले दो-तीन वर्षों से यहां टेक्सटाइल पार्क बनाने के लिए चर्चा होती रही है, लेकिन पर्याप्त जगह नहीं मिल पाने के कारण इसमें लगातार देर होती जा रही है। सरकार को अति शीघ्र हस्तक्षेप कर इस दिशा में कदम उठाने चाहिए। उद्योग में जान तभी आ सकती है, जब कारोबार के रास्ते में आने वाली अड़चनों को दूर किया जाए। भारतीय कपड़ा उद्योग को चीन, बांग्लादेश, श्रीलंका, वियतनाम और यहां तक कि पाकिस्तान जैसे कई देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

# खेल जगत

**आईसीसी ने टी-20 विश्वकप की पुरस्कार राशि बढ़कर 94 करोड़ रुपए की**

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्वकप 2024 के लिए पुरस्कार राशि पिछले वर्ष के मुकाबले बढ़कर दोगुना लगभग 94 करोड़ रूपये करने की घोषणा की है। आईसीसी की घोषणा के अनुसार इस बार के टूर्नामेंट में कुल 11.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 94 करोड़ रूपये) की पुरस्कार राशि रखी गई है। पिछले टी-20 विश्वकप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 47 करोड़ रूपये थी जिसे इस बार बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया है। इस बार टी-20 विश्वकप का खिताब जीतने वाली टीम को 2.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 20.37 करोड़ रूपए) मिलने वाले हैं। यह पिछले बार के विजेता को मिली रकम से सात करोड़ रूपए अधिक हैं। इस बार उपविजेता टीम को 1.28 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 10.64 करोड़ रूपये) मिलने वाले हैं।

International Cricket Council

# टी-20 क्रिकेट विश्वकप : धोनी हैं भारत के नंबर-1 कप्तान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**2007 का चैंपियन भारत 2014 में फाइनल में, 2016 व 2022 में सेमीफाइनल में हारा**




**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप का दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला संस्करण जीता और इसके बाद अगले लगातार तीन संस्करणों -2009, 2010, 2012 में दूसरे दौर में ही बाहर हो सेमीफाइनल में स्थान बनाने में नाकाम रहा। भारत ने धोनी की कप्तानी में सात वर्ष बाद 2014 में दूसरी बार फाइनल में स्थान बनाया। और अगले 2016 में अगले संस्करण में उनकी कप्तानी में सेमीफाइनल में स्थान बनाया। शुरू के लगातार छह संस्करणों में भारत की कप्तानी करने वाले धोनी टी-20 विश्व कप में अब तक देश के सबसे कामयाब कप्तान हैं क्योंकि उनकी कप्तानी में भारत ने 2007 में खिताब जीता, 2014 में दूसरी बार फाइनल में पहुंचा और 2016 में वेस्टइंडीज से सेमीफाइनल में हार गया। अब अमेरिका और वेस्टइंडीज शुरू नौवें संस्करण में रोहित शर्मा के पास भारत को दूसरी बार टी-20 विश्व कप जिताने का मौका है। भारत शुरू हो चुके नौवें संस्करण में अपने अभियान का आगाज बुधवार को न्यूयॉर्क में ग्रुप ए में आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। 2021 में सातवें टी-20 विश्व कप में पहली बार विराट कोहली की कप्तानी में भारत दुबई में दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गया। 2022 के टी-20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड से सेमीफाइनल में दस विकेट हार कर बाहर हो गई। लगातार दूसरी बार कप्तानी संभालने वाले रोहित शर्मा की कोशिश अब नौवें संस्करण में भारत को अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में हो रहे टी-20 विश्व कप में दूसरी बार चैंपियन बनाने की है। अब तक सबसे ज्यादा दो-दो बार टी20 विश्व कप जीतने का गौरव वेस्ट इंडीज (2012 और 2016) और इंग्लैंड (2010 और 2022) को है।

### पाक को हरा आगाज करने के बाद उसे फाइनल में भी हरा भारत बना चैंपियन

2007 में महेंद्र धोनी की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में हुए पहले टी-20 क्रिकेट विश्व कप मे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच 'टाई होने के बाद उसे पहली बार हुए बॉल-आउट में 3-0 से हरा अपना अभियान शुरू किया और 12 टीमों के इस टूर्नामेंट में ग्रुप डी में अपने अपना स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच बारिश से धुलने के बाद दो मैचों से तीन अंक के साथ शीर्ष पर रह सुपर 8 में स्थान बनाया और ग्रुप ई में केवल न्यूजीलैंड से हारा, लेकिन इंग्लैंड को 18 रन तथा दक्षिण अफ्रीका को 47 रन से हरा शीर्ष पर रह सेमीफाइनल में स्थान बनाया। भारत ने सेमीफाइनल में युवराज के 70 रन से ऑस्ट्रेलिया को 15 रन से हराने के बाद फाइनल में गौतम गंभीर के 75 रन, रोहित शर्मा की 30 रन की तेज पारी और जोगिंदर शर्मा के टूर्नामेंट के आखिरी ओवर में किफायती गेंदबाजी करने के साथ तीसरी गेंद पर पाकिस्तान के कप्तान मिस्बा उल हक (43) को एस. श्रीशांत के हाथों कैच करा उसकी पारी समेट उसे पांच रन से हरा पहली बार खिताब जीता। फाइनल में इरफान पठान (3/12) मैन ऑफ द मैच रहे जबकि पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी (कुल 91 रन, 12 विकेट) टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे।

### भारत दूसरे दौर में ही बाहर, पाकिस्तान पहली बार चैंपियन

2009 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत की टीम इंग्लैंड में ग्रुप ए में बांग्लादेश को 25 रन से और आयरलैंड को आठ विकेट से हरा सुपर 8 में पहुंची लेकिन वहां पहले मैच में वेस्ट इंडीज से 7 विकेट, इंग्लैंड से पांच रन और दक्षिण अफ्रीका से 12 रन से हार कर दूसरे दौर में ही बाहर हो सेमीफाइनल में स्थान बनाने से चूक गई। शहिद अफरीदी (54 रन, 1/20)के हरफनमौला खेल से पाकिस्तान ने श्रीलंका को लॉर्डस में फाइनल में आठ विकेट से हरा पहली बार खिताब जीता और इसमें पहले संस्करण में शिरकत करने वाले आधा दर्जन खिलाड़ियों को बदला। पाकिस्तान ने श्रीलंका को फाइनल में 8 विकेट से हरा पहली बार खिता जीता। श्रीलंका के तिलकरत्न दिलशान (कुल 317 रन) टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे।

### सुरेश रैना ने जड़ा शतक, भारत लगातार दूसरी बार दूसरे दौर में बाहर

2010 महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी भारत ने वेस्ट इंडीज में फिर 12 टीमों ने शिरकत की और भारत ने टीम में चार बदलाव किए और वीरेंद्र सहवाग की टीम में वापसी हुई। भारत ने अफगानिस्तान को ग्रुप सी में सात विकेट से हराने के बाद टी-20 विश्व कप में देश की ओर से सुरेश रैना के अकेले शतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया। रैना के बाद कोई भी भारतीय बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में शतक नहीं जड़ पाया। भारत इसके बाद ग्रुप एफ में सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया से 49 रन से, वेस्ट इंडीज से 14 रन से तथा श्रीलंका से पांच विकेट से हार लगातार दूसरी बार दूसरे दौर में ही हार कर बाहर हो गया ।

### विराट का पहले मैच में अर्द्धशतक, भारत लगातार तीसरी बार दूसरे दौर में बाहर

2012 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में श्रीलंका में विराट कोहली पहली बार श्रीलंका में भारत के लिए टी-20 विश्व कप में खेले इसमें भी 12 टीमों ने शिरकत की और भारत एक बार फिर यानी लगातार तीसरी बार दूसरे दौर में बाहर हो गया। विराट कोहली के पहले ही मैच में अर्द्धशतक से भारत ने ग्रुप ए में अफगानिस्तान को 23 रन से हराने के बाद रोहित के अर्द्धश तक और हरभजन(4/20) के कहर से इंग्लैंड को 90 रन से हराया ग्रुप 1 में सुपर आठ में जगह बनाई में ऑस्ट्रेलिया से 9 विकेट से हारा लेकिन जहीर और बालाजी के तीन तीन विकेट से दक्षिण अफ्रीका को एक रन से हराने के बाद फिर दूसरे दौर में बाहर हो गया। मर्लोन सैमुअल्स के 78 रन की बदौलत वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 36 रन से हरा पहली बार खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन (कुल 249 रन, 11 विकेट) टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे।

### भारत फाइनल में श्रीलंका से 6 विकेट से हारा, विराट मैन ऑफ द टूर्नामेंट

2014 में ढाका मे 2007 में दक्षिण अफ्रीका में धोनी की कप्तानी में पहली बार टी-20 विश्व कप जीतने के ठीक सात बरस बाद यानी सीधे सुपर 10 में जगह पाने वाली भारतीय टीम दूसरी बार फाइनल में पहुंची और इसमें पहली बार 16 टीमों ने शिरकत की। इस संस्करण में हरियाणा के लेग स्पिनर अमित मिश्रा, टीम में वापसी करने वाले बाएं हाथ के रवींद्र जडेजा व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की त्रिमूर्ति ने ग्रुप 2 में अपने पहले ही मैच से स्पिन का जाल बुनं चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा आगाज करने के बाद रोहित और विराट के अर्धशतकों और अमित मिश्रा व रवींद्र जडेजा की स्पिन के जादू से वेस्टइंडीज को सात विकेट से तथा बांग्लादेश को आठ विकेट से ,युवी के अर्धशतक तथा अमित और अश्विन के स्पिन के जादू से ऑस्ट्रेलिया 73 रन से हरा लगातार चौथी जीत के साथ शीर्ष पर रह सेमीफाइनल में प्रवेश पाया। विराट के अर्द्धशतक तथा अश्विन के स्पिन के जादू से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में छह विकेट से हराया।

### भारत सेमीफाइनल में हार बाहर, विराट दूसरी बार मैन ऑफ द टूर्नामेंट

2016 में 16 टीमों के टी-20 विश्व कप में लगातार छठी बार धोनी की कप्तानी में उतरे भारत को सीधे सुपर 10 में ग्रुप 2 में जगह दी गई। और इसमें हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह पहली बार खेले। भारत ने नागपुर में न्यूजीलैंड के हाथों 47 रन से हार से आगाज करने के बाद अगले मैच में विराट के अर्धशतक और रवींद्र जडेजा और हार्दिक के दो दो विकेट से चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को छह विकेट से, बांग्लादेश को एक रन से, विराट के 82 रन से ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा लगातार तीसरी जीत के साथ शीर्ष पर रह सेमीफाइनल में स्थान बनाया । विराट के 89 रन के बावजूद लेंडल सिमंस के 82 रन की बदौलत वेस्ट इंडीज ने भारत को वानखेड़े स्टेडियम में सात विकेट से हरा फाइनल में स्थान बनाया।

## एमएस धोनी के रिकॉर्ड

- टी-20 में 7000 रन पूरे करने वाले पहले एशियाई विकेटकीपर
- भारतीयों में धोनी ने एक ओवर में सबसे ज्यादा 20 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं
- आईपीएल में 5000 रन पूरे करने वाले पहले विकेटकीपर बल्लेबाज
- आईपीएल में 19वें और 20वें ओवर में 100 छक्के पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज

## धोनी का टी-20 वर्ल्डकप कॅरियर

धोनी ने 33 मैच खेले, जहां डेथ ओवरों में उन्होंने 157.8 के स्ट्राइक रेट से 311 रन बनाए। विराट कोहली इस मामले में 'थाला' से मात्र 9 रन पीछे हैं। कोहली ने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में 27 मैच खेले हैं, जहां डेथ ओवरों में उनके नाम 302 रन हैं जो उन्होंने 194.8 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं.21 घंटे पहले

# केदार जाधव ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी ऑलराउंडर केदार जाधव ने सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का ऐलान किया है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी। 39 वर्षीय केदार जाधव ने अपने फैसले की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें किशोर कुमार का गाना 'जिंदगी के सफर में' बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। इस पोस्ट में उन्होंने अपने करियर यादगार लम्हे शेयर किए। केदार ने दोपहर 3 बजे के करीब संन्यास का ऐलान किया। इस दौरान केदार जाधव ने सभी फैंस का धन्यवाद किया केदार जाधव ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे मेरे करियर में प्यार और सपोर्ट देने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। आज 3 बजे के बाद क्रिकेट के हर फॉर्मेट से मुझे रिटायर समझा जाए। जाधव ने 16 नवंबर, 2014 को श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए अपना वनडे डेब्यू किया और 17 जुलाई, 2015 को जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना पहला टी20 मैच खेला। 2019 विश्व कप का हिस्सा रहे बल्लेबाजी ऑलराउंडर ने 73 वनडे मैचों में 1389 रन बनाए और 27 विकेट लिए।



# 20 बरस के अरिजीत सिंह हुंदल को हॉकी विरासत में मिली

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। अमृतसर के 6 फुट 3 इंच के अरिजित सिंह हुंदल मौजूदा भारतीय सीनियर हॉकी टीम के सबसे लंबे खिलाड़ी होने के साथ संभवत: अकेले 'ऑलराउंडर' हैं। अरिजित सिंह बेहतरीन स्ट्राइकर होने के साथ ड्रैग फ्लिकर हैं। 20 बरस के अरिजीत सिंह को हॉकी विरासत में मिली। अरिजीत के पिता कुलजीत सिंह का सपना भारतीय टीम के लिए हॉकी खेलना था लेकिन उनकी यह हसरत पूरी नहीं हो वह अपने संस्थान रेलवे के लिए ही हॉकी खेल पाए। भारत के अपनी लंबाई का लाभ उठा गोता लगा गोल करने में माहिर थे, बेहतरीन स्ट्राइकर जगबीर सिंह। जगबीर ने तब अपने साथी राम प्रकाश सिंह के खासतौर पर दोनों छोर से आने वाले क्रॉस पर गोल दाग हर किसी का दिल जीता। 2021 में जर्मनी से भुवनेश्वर में जूनियर हॉकी विश्व कप में हारने वाली भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह के साथ अरिजीत सिंह हुंदल प्रमुख स्कोरर रहे। अरिजीत हुंदल ने जूनियर भारतीय हॉकी टीम के लिए दस मैचों में 21 गोल किए।



■ अरिजीत के पिता का सपना भारतीय टीम के लिए हॉकी खेलना लेकिन उनकी यह हसरत पूरी नहीं हो पाई

अरिजीत हुंदल ने भारतीय सीनियर टीम के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज इस साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किया और अब तक कुल दस मैच खेल चुके हैं। फिलहाल वह भारतीय सीनियर टीम के साथ एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2023-24 के आखिरी चरण के लिए लंदन में हैं। अरिजीत ने भारत की सीनियर टीम के लिए दोनों गोल एंटवर्प में प्रो लीग 2023-24 में अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ किए।भारत के लिए एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2023-24 में खेलने के अनुभव की बाबत अरिजित हुंदल ने कहा कि मैं पहली बार एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिए खेला और इसमें एंटवर्प में अपने चार मैचों में मैंने दो गोल किए। इसके साथ ही मुझे इतने बड़े हॉकी मंच पर खेलने की बाबत सीखने को मिला। एफआईएच प्रो लीग से मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी को बेहतर ढंग से जानने में मदद मिली। मुझे इससे यह जानने का मौका मिला मुझे कहां क्या सुधार की जरूरत है। मैं अपनी इस खामियों को आगे अभ्यास और इन मैचों में बेहतर करने की कोशिश करूंगा। हमारी टीम के सीनियर खिलाड़ी बराबर नौजवान खिलाड़ियों को यह भरोसा दिलाने की कोशिश करते हैं कि उन पर कोई दबाव नहीं है।

# सुपर ओवर में नामीबिया की ओमान पर रोमांचक जीत

**बारबाडोस,** 3 जून (एजेंसियां)। टी-20 विश्व कप 2024 के तीसरे मैच में मुकाबला सुपर ओवर तक पहुंचा, जहां नामीबिया ओमान पर भारी पड़ा। नामीबिया ने सुपर ओवर में 21 रन बनाए, जिसके जवाब में ओमान 10 रन ही बना पाया। ओमान ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया के खिलाफ 109 रन बनाए। हालांकि, मेहरान खान के शानदार स्पेल की बदौलत ओमान ने मैच को सुपर-ओवर तक पहुंचाया। सुपर ओवर में नामीबिया ने दमदार प्रदर्शन किया और 21 रन बनाए। नामीबियाई टीम की जीत के हीरो डेविड विसे रहे जिन्होंने सुपर ओवर में पहले तो तूफानी बल्लेबाजी की, फिर सिर्फ 10 रन देकर एक विकेट लिया। सुपर ओवर में बल्लेबाजी करते हुए चार गेंदों पर 13 रन बनाने के बाद, विसे ने गेंद से कमाल दिखाया। उन्होंने सिर्फ 10 रन दिए और बड़े हिटर नसीम खुशी का विकेट लिया और अपनी टीम के लिए सुनिश्चित किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम 19.4 ओवरों में सिर्फ 109 रनों पर सिमट गई। उनकी तरफ से खालिद केल (34) और जीशान मक़सूद (22) ही कुछ संघर्ष कर पाएं। नामीबिया की तरफ से उनके गेंदबाज़ रूबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए, जबकि विसे के खाते में भी तीन विकेट आया।



# वेस्टइंडीज ने पापुआ न्यू गिनी को पांच विकेट से हराया



**गुयाना,** 3 जून (एजेंसियां)। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद रॉस्टन चेज नाबाद (42), ब्रैंडन किंग (37) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत मेजबान वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप 2024 के दूसरे मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी को पांच विकेट से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पापुआ न्यू गिनी की टीम ने सेसे बाऊ (50) रनों की अर्द्धशतकी पारी के दम पर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 137 रनों का लक्ष्य दिया। कप्तान असद वाला (21) रन बनाकर आउट हुये। किप्लिन डोरिगा (27) रन बनाकर नाबाद रहे। पापुआ न्यू गिनी ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 136 रनों का स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और आंद्रे रसल ने दो-दो विकेट लिये।अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड और गुडाकेश मोटी ने एक-एक बल्लेबाज का आउट किया। इसके बाद 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जॉनसन चार्ल्स (शून्य) का विकेट गवां दिया।

# पीएसजी का साथ छोड़ जल्द नए क्लब में शामिल होंगे किलियन एम्बाप्पे

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। कई साल तक पीएसजी के लिए खेलने के बाद फ्रांस के युवा फुटबॉल सुपरस्टार एमबाप्पे ने एक नए क्लब से जुड़ने की योजना का खुलासा किया था। हालांकि, तब उन्होंने अपने नए क्लब का नाम नहीं बताया था। अब खबरें आ रही हैं कि वह रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे। पिछले डेढ़ साल से ही यह साफ था कि किलियन एम्बाप्पे स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे लेकिन इस पर न तो क्लब ने और न ही युवा फुटबॉलर ने कभी खुलकर बात की। जानकारी के अनुसार, रियल मैड्रिड की 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग जीत के बाद, ला लीगा क्लब द्वारा इस बड़े कदम की घोषणा जल्द की जाने वाली है। स्पेनिश आउटलेट मार्का की एक रिपोर्ट के अनुसार, किलियन एम्बाप्पे के जुड़ने की घोषणा सोमवार या हद से हद मंगलवार तक की जाएगी। क्लब ने फ्रांसीसी खिलाड़ी के आगमन की घोषणा करने के लिए अपने अभियान की समाप्ति का इंतजार किया। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि एमबाप्पे जुलाई में सैंटियागो बर्नब्यू में रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्रेजेंटेशन देंगे। इसमें देरी का कारण यह है कि एमबाप्पे वर्तमान में अपनी नेशनल टीम के प्रशिक्षण शिविर में आगामी यूरो के लिए तैयारी कर रहे हैं। फ्रांस 15 जून से शुरू होने वाली एक महीने की प्रतियोगिता के लिए जर्मनी की यात्रा करने से पहले दो फ्रेंडली मैचों में लक्ज़मबर्ग और कनाडा के खिलाफ खेलेगा।

■ मैड्रिड की 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग जीत के बाद, ला लीगा क्लब द्वारा इस बड़े कदम की घोषणा होने वाली है



# सफर में कमिंस का लगेज हुआ चोरी, मैक्सवेल और स्टार्क की फ्लाइट हुई लेट

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई टीम टी-20 विश्व कप में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच की तैयारियों में जुटी है, लेकिन टीम के कई प्रमुख खिलाड़ियों को बारबाडोस में टीम से जुड़ने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस सफर में कमिंस का सामान ही चोरी हो गया। वहीं, स्टार्क और मैक्सवेल भी जैसे-तैसे बारबाडोस पहुंचे।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार, तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को इस सफर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, कमिंस की बारबाडोस तक की यात्रा पूरे दो दिनों में पूरी हुई। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार एश्टन एगर ने मीडिया से कहा कि कई खिलाड़ी आईपीएल में भारत में लंबे समय तक रहे हैं, उनमें से कुछ ने तो 48 घंटे घर पर भी बिताए हैं, इसलिए ऐसा ब्रेक खिलाड़ी को थोड़ी राहत और ताजगी देता है। इस बीच, स्टार्क और मैक्सवेल को फ्लाइट में देरी का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें लॉस एंजिल्स और मियामी में रात भर रुकना पड़ा। इससे पहले, मार्कस स्टोइनिस को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब उनका क्रिकेट किट अभ्यास मैच के लिए त्रिनिदाद नहीं पहुंचा। यही वजह थी कि वो वेस्टइंडीज के खिलाफ वॉर्म-अप मैच नहीं खेल पाए। हालांकि, टीम इन तमाम मुश्किलों के बाद भी अपने विश्व कप लक्ष्यों से पीछे नहीं हटी है। इन तमाम चुनौतियों के अगले दिन, एश्टन एगर और अन्य चार खिलाड़ियों ने सेंट फिलिप के दक्षिण पूर्वी पेरिस में स्थित विंडवार्ड क्रिकेट क्लब में एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया अपना अभियान 6 जून को ओमान के खिलाफ केंसिंग्टन ओवल ब्रिजटाउन, बारबाडोस में शुरू करेगा।




### मेजर लीग क्रिकेट सीजन-2 में खेलेंगे पैट कमिंस

**कैलिफोर्निया (अमेरिका)।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे संस्करण में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलेंगे। कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे विश्व कप 2023 ट्रॉफी जीतने के साथ इस फॉर्मेट में अपना छठा विश्व कप खिताब जीता। इसके बाद आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करते हुए कमिंस ने अपनी टीम को आईपीएल 2024 के फाइनल तक पहुंचाया। इस शानद सफर को और आगे बढ़ाते हुए कमिंस अपने करियर में और बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। कमिंस अब एक नई लीग में खेलने के लिए तैयार हैं। वो सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए मेजर क्रिकेट लीग में खेलेंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, फिंच के संन्यास के बाद कमिंस सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की कमान संभाल सकते हैं।

## सार संक्षेप

### फ्रेंच ओपन : दिमित्रोव ने हर्काज और सिनर ने मौटेट को हराया

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल मुकाबलों में बुल्गारिया के दिग्गज ग्रिगोर दिमित्रोव ने पोलेंड के ह्यूबर्ट हर्काज को तथा इटली के यानिक सिनर ने फ्रांस के कॉरेंटिन मौटेट को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। आज यहां खेले गये मुकाबले में दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहली बार है दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे। क्वार्टरफाइनल में दिमित्रोव का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। वहीं इटली के टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने फ्रांस के टेनिस खिलाड़ी कॉरेंटिन मौटेट को 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई है। सिनर 2020 के बाद पहली बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे हैं।

### पीएसजी का साथ छोड़ जल्द नए क्लब में शामिल होंगे किलियन एम्बाप्पे

**नई दिल्ली।** कई साल तक पीएसजी के लिए खेलने के बाद फ्रांस के युवा फुटबॉल सुपरस्टार एमबाप्पे ने एक नए क्लब से जुड़ने की योजना का खुलासा किया था। हालांकि, तब उन्होंने अपने नए क्लब का नाम नहीं बताया था। अब खबरें आ रही हैं कि वह रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे। पिछले डेढ़ साल से ही यह साफ था कि किलियन एम्बाप्पे स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड का हिस्सा बनेंगे लेकिन इस पर न तो क्लब ने और न ही युवा फुटबॉलर ने कभी खुलकर बात की। जानकारी के अनुसार, रियल मैड्रिड की 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग जीत के बाद, ला लीगा क्लब द्वारा इस बड़े कदम की घोषणा जल्द की जाने वाली है।स्पेनिश आउटलेट मार्का की एक रिपोर्ट के अनुसार, किलियन एम्बाप्पे के जुड़ने की घोषणा सोमवार या हद से हद मंगलवार तक की जाएगी।

### अमित और जैस्मीन ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**बैंकॉक।** टोक्यो ओलंपियन अमित पंघल (पुरुष 51 किग्रा) और जैस्मीन लम्बोरिया (महिला 57 किग्रा) ने रविवार को वर्ल्ड ओलंपिक बॉक्सिंग क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के अंतिम दिन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित स्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के मौजूदा चैंपियन अमित पंघल ने क्वार्टरफाइनल में चीन के लियू चुआंग के खिलाफ अपने बेहतरीन मूव, जैब्स और अपरकट के तालमेल के साथ शानदार प्रदर्शन किया और सर्वसम्मत फैसले के साथ 5-0 से जीत दर्ज की।